राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 13 अंक - 231
लखनऊ, शुक्रवार 24 अप्रैल, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





गैस एजेंसी की लापरवाही से उपभोक्ता परेशान 10

आज लखनऊ में होगा उत्तर जोन का क्षेत्रीय कृषि सम्मेलन : शाही 03


# बोर्ड की परीक्षाओं में बालिकाओं ने मारी बाजी

## यूपी बोर्ड परिणाम 2026 : हाईस्कूल में 90.42 व इंटर में 80.38 प्रतिशत छात्र उत्तीर्ण

- हाईस्कूल में सीतापुर की कशिश वर्मा और बाराबंकी की अंशिका वर्मा 97.83 प्रतिशत अंक पाकर बनीं टॉपर
- इंटरमीडिएट परीक्षा के टॉपर्स लिस्ट में सीतापुर की शिखा वर्मा ने 97.60 फीसदी अंक हासिल कर पाया प्रथम स्थान
- हाईस्कूल में 26 लाख से अधिक परीक्षार्थी शामिल, 23.52 लाख उत्तीर्ण
- इंटरमीडिएट में 24.86 लाख शामिल, 20 लाख पास





शिखा वर्मा



कशिश वर्मा

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

माध्यमिक शिक्षा परिषद ने गुरुवार को यूपी बोर्ड की हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा 2026 का परिणाम घोषित कर दिया। परिणामों में हाईस्कूल में 90.42 प्रतिशत और इंटर में 80.38 प्रतिशत छात्र सफल घोषित किए गए हैं। हाईस्कूल परीक्षा के टॉपर्स में प्रथम स्थान पर संयुक्त रूप से बाबूराम सावित्री देवी इंटर कॉलेज, शेखपुर बिलौली बाजार, पिहानी सीतापुर की कशिश वर्मा 97.83 और द मॉडर्न एकेडमी इंटर कॉलेज, जैदपुर बाराबंकी की अंशिका वर्मा 97.83 प्रतिशत रहीं। वहीं इंटरमीडिएट परीक्षा के टॉपर्स में प्रथम स्थान पर बाबूराम सावित्री देवी इंटर कॉलेज शेखपुर बिलौली बाजार पिहानी सीतापुर की शिखा वर्मा 97.60 प्रतिशत रहीं।

योगी सरकार की मंशा के अनुरूप बोर्ड परीक्षाओं की पूरी प्रक्रिया नकलविहीन और पारदर्शी तरीके से संपन्न हुई। माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाब देवी ने सफल छात्र छात्राओं को बधाई दी है और उनके बेहतर भविष्य की कामना की है। परीक्षा परिणाम 23 अप्रैल को सायं 4 बजे शिक्षा निदेशक माध्यमिक एवं बोर्ड के सभापति डॉ. महेंद्र देव तथा परिषद के सचिव भगवती सिंह द्वारा जारी किया गया।

इस वर्ष हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षाएं 18 फरवरी से 12 मार्च के बीच प्रदेश के 8,033 परीक्षा केंद्रों पर 15 कार्यदिवसों में सफलतापूर्वक सम्पन्न कराई गई। उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन 18 मार्च से 4 अप्रैल के बीच 254 मूल्यांकन केंद्रों पर कराया गया। हाईस्कूल परीक्षा में 26,01,381 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए, जिनमें 13,43,524 बालक और 12,57,857 बालिकाएं शामिल रहीं। इनमें से 23,52,181 छात्र-छात्राएं उत्तीर्ण घोषित किए गए, जिससे कुल पास प्रतिशत 90.42 रहा।

बालकों का उत्तीर्ण प्रतिशत 87.30 जबकि बालिकाओं का 93.76 प्रतिशत रहा, जो कि लड़कों से 6.46 प्रतिशत अधिक है। संस्थागत परीक्षार्थियों का पास प्रतिशत 90.51 रहा, जबकि व्यक्तिगत परीक्षार्थियों का 66.67 प्रतिशत दर्ज किया गया। हाईस्कूल की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन 96,803 परीक्षकों द्वारा किया गया। दूसरी तरफ इंटरमीडिएट परीक्षा में 24,86,072 परीक्षार्थी शामिल हुए, जिनमें 13,09,397 बालक और 11,76,675 बालिकाएं थीं। इनमें से 19,98,317 परीक्षार्थी सफल घोषित किए गए, जिससे कुल पास प्रतिशत 80.38 रहा। बालकों का पास प्रतिशत 75.04 और बालिकाओं का 86.32 प्रतिशत रहा यानी बालिकाएं 11.28 प्रतिशत आगे रहीं।

संस्थागत परीक्षार्थियों का पास प्रतिशत 80.47 और व्यक्तिगत परीक्षार्थियों का 77.54 प्रतिशत रहा। इंटरमीडिएट की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन 55,973 परीक्षकों द्वारा किया गया। इंटरमीडिएट की प्रयोगात्मक परीक्षाएं 24 जनवरी से 9 फरवरी के बीच दो चरणों में 18,007 परीक्षकों की निगरानी में सम्पन्न कराई गईं। आंशिक विषयों की परीक्षा में हाईस्कूल के 3,286 और इंटरमीडिएट के 58,134 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए। कुल मिलाकर इस वर्ष भी यूपी बोर्ड परीक्षा में छात्राओं ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए अपनी श्रेष्ठता साबित की है, वहीं परीक्षा और मूल्यांकन प्रक्रिया को समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से पूरा किया गया।

# तमिलनाडु-पश्चिम बंगाल में रिकॉर्ड मतदान स्वतंत्रता के बाद सबसे अधिक भागीदारी

**एजेंसी, नई दिल्ली।**



तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव के पहले चरण में रिकॉर्ड मतदान दर्ज किया गया है। तमिलनाडु में 84.69 प्रतिशत और पश्चिम बंगाल में 91.78 प्रतिशत मतदान हुआ। दोनों राज्यों में स्वतंत्रता के बाद यह अब तक का सबसे अधिक मतदान है। इसके अलावा आज गुजरात और महाराष्ट्र की रिक्त सीटों पर उपचुनाव के लिए भी मतदान संपन्न हुआ।

निर्वाचन आयोग की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल (प्रथम चरण) में ऐतिहासिक मतदान दर्ज किया गया है। इससे पहले तमिलनाडु में वर्ष 2011 में 78.29 प्रतिशत और पश्चिम बंगाल में 84.72 प्रतिशत मतदान हुआ था। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने रिकार्ड मतदान के लिए चुनाव आयोग दोनों राज्यों के हर मतदाता को सलाम करता है।

दोनों राज्यों में मतदान सुबह 7 बजे से शुरू हुआ और शाम 6 बजे तक शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। चुनाव आयोग की ओर से दिए गए आंकड़ों के अनुसार तमिलनाडु में पुरुष मतदान 83.57 प्रतिशत, महिला मतदान 85.76 प्रतिशत और तृतीय लिंग का मतदान 60.49 प्रतिशत रहा। पश्चिम बंगाल में पुरुष मतदान 90.92 प्रतिशत, महिला मतदान 92.69 प्रतिशत और तृतीय लिंग का मतदान 56.79 प्रतिशत दर्ज किया गया। उपचुनाव के तहत गुजरात के उमरेठ सीट पर 59.03 प्रतिशत मतदान हुआ। महाराष्ट्र की बारामती सीट पर 57.48 प्रतिशत और राहुरी सीट पर 55.31 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। आयोग के अनुसार अंतिम आंकड़े आने अभी बाकी हैं। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार तथा निर्वाचन आयुक्त एस.एस. संधु और विवेक जोशी ने मतदान प्रक्रिया पर सतत निगरानी रखी। दोनों राज्यों के सभी मतदान केंद्रों पर 100 प्रतिशत वेबकास्टिंग की व्यवस्था की गई थी। इससे पारदर्शिता सुनिश्चित हुई।

# नीयत साफ हो तो नियति बदलने में देर नहीं लगती : योगी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



- सीएम ने दी गोरखपुर को 1055 करोड़ रुपये की 497 विकास परियोजनाओं की सौगात

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जब नीयत साफ हो तो नियति बदलने में देर नहीं लगती है। करने की दृढ़ इच्छाशक्ति हो और नीयत भी उसी के अनुरूप हो तो परिस्थितियां बदलती दिखाई देती हैं। गोरखपुर में नौ वर्षों के अंदर आया विकासपरक परिवर्तन इसका प्रमाण है।

सीएम योगी गुरुवार पूर्वाह्न राप्ती नदी के एकला बंधा पर लिगेसी वेस्ट का निस्तारण कर बनाए गए ईको पार्क, नौसढ़-मलौनी फोरलेन सड़क सहित विकास की 1055 करोड़ रुपये की लागत वाली 497 परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करने के बाद जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने स्वच्छता टूलकिट और कैलेंडर का अनावरण कर स्वच्छ स्कूल अभियान का भी शुभारंभ किया।

ईको पार्क के विकास के लिए नगर निगम की पूरी टीम की तारीफ करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि नगर निगम ने गोरखपुर शहर के प्रवेश द्वार पर कचरे को कंचन में बदलने का काम किया है। 2.26 लाख मीट्रिक टन कचरे का निस्तारण कर बनाया गया ईको पार्क पूरे परिवार के लिए पिकनिक स्पॉट और बेहतरीन पर्यटन स्थल बन गया है। यहां पर बच्चों के खेलने के लिए पार्क है। योग और ध्यान की क्रिया के लिए व्यक्ति यहां आराम से बैठ सकता है।

लोकार्पण-शिलान्यास समारोह के मंच से स्वच्छ स्कूल अभियान का शुभारंभ करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि गोरखपुर को 7 स्टार गार्बेज फ्री सिटी बनाने और स्वच्छ सर्वेक्षण में टॉप 3 में लाने के लिए स्कूली बच्चों के विशेष अभियान की शुरुआत की जा रही है। बच्चों के माध्यम से स्वच्छता का संदेश घर-घर पहुंचेगा।

बच्चों को आरआरआर रिड्यूस, रियूज, रिसाइकिल के बारे में बताया जाएगा। वेस्ट टू आर्ट, निबंध और रील्स प्रतियोगिताओं के माध्यम से भी स्वच्छता के संदेश का विस्तार होगा। उन्होंने कहा कि इस अभियान से 2000 से अधिक शिक्षकों और 1000 से ज्यादा अभिभावकों को जोड़कर इसे एक व्यापक जन आंदोलन बनाने का काम किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने सीएम ग्रिड चीफ मिनिस्टर ग्रीन रोड इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट योजना के तहत 6 स्मार्ट सड़कों का भी शिलान्यास किया। सीएम ग्रिड तृतीय चरण में 45.68 करोड़ रुपये से गणेश चौक से विश्वविद्यालय चौक एवं अलंकार ज्वेलर्स से एचपी स्कूल, डीएम आवास होते हुए हरिओम नगर तिराहा तक, 23.43 करोड़ रुपये से स्पोर्ट्स कॉलेज रोड से जायसवाल मार्ट होते हुए पुलिया तक तथा 21.60 करोड़ रुपये से कचहरी चौक से शास्त्री चौक होते हुए बेतियाहाता चौक सड़क को स्मार्ट बनाया जाएगा। जबकि तृतीय अनुपूरक चरण में 63.94 करोड़ रुपये की लागत से बेतियाहाता चौक से अलहदादपुर तिराहा, टीडीएम तिराहा से टीपीनगर तक एवं रैन बसेरा रोड से एनएच 28 तक, 62.94 करोड़ रुपये से टीडीएम तिराहा से पांडेयहाता पुलिस चौकी होते हुए बर्फखाना रोड से हाबर्ट बंधा तक और 25.45 करोड़ रुपये से अलहदादपुर तिराहा से रायगंज होते हुए घंटाघर तक सड़क का कायाकल्प किया जाएगा। जबकि सीएम के हाथों लोकार्पित हुए कार्यों में विभिन्न वार्डों में सड़क व नाली निर्माण के 87 कार्य लागत 95.77 करोड़ रुपये, जल निकासी के लिए नाला निर्माण के 83 कार्य लागत 129.85 करोड़ रुपये तथा 58 करोड़ रुपये के महापौर पार्षद वरीयता कार्य शामिल हैं।

# शुभ मुहूर्त में खुले बदरीनाथ धाम के कपाट, जय बदरी विशाल के जयघोष से गूंजी हिमालय की चोटियां



**एजेंसी, देहरादून।** उत्तराखंड के उच्च गढ़वाल हिमालयी क्षेत्र में स्थित विश्वप्रसिद्ध बदरीनाथ धाम के कपाट छह माह के शीतकालीन अवकाश के बाद आज गुरुवार सुबह श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए। ब्रह्म मुहूर्त में सुबह ठीक सवा छह बजे मंदिर के मुख्य द्वार खुलते ही पूरा वातावरण जय बदरी विशाल के उद्घोष से भक्तिमय हो उठा। इस ऐतिहासिक क्षण का साक्षी बनने के लिए देश-विदेश से आए हजारों श्रद्धालु मंदिर परिसर में मौजूद रहे। बदरीनाथ धाम के कपाट खुलने के विशेष अवसर पर उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने भगवान बदरी विशाल के दर्शन कर प्रदेश की खुशहाली और सुख-समृद्धि की कामना की। मंदिर को कई क्विंटल रंग-बिरंगे और सुगंधित फूलों से भव्य रूप से सजाया गया था, जिसने नर और नारायण पर्वत के बीच स्थित इस पावन धाम की सुंदरता को और अधिक बढ़ा दिया। कपाट खुलने की प्रक्रिया वैदिक मंत्रोच्चार और पूरी धार्मिक विधि-विधान के साथ संपन्न हुई।

# असमय बारिश से प्रभावित गेहूं पर राहत शिथिल मानकों के साथ होगी खरीद

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



- किसानों को गेहूं की बिक्री मजबूरी या हड़बड़ी में करने से बचाने के लिए सरकार का फैसला
- चमक में कमी वाले गेहूं की स्वीकार्य सीमा बढ़ाकर 70 प्रतिशत तक
- सिकुड़े और टूटे दाने की सीमा 6 प्रतिशत से बढ़ाकर 20 प्रतिशत तक

असमय हुई बारिश से प्रभावित गेहूं की फसल को देखते हुए सरकार ने किसानों को बड़ी राहत दी है। रबी विपणन सत्र 2026-27 के लिए गेहूं की खरीद अब शिथिल मानकों के साथ की जाएगी। इसका उद्देश्य किसानों को नुकसान से बचाना और उन्हें मजबूरी में कम दाम पर फसल बेचने से रोकना है।

सरकार के निर्णय के अनुसार, अब प्रदेश में लस्टर लॉस चमक में कमी वाले गेहूं की स्वीकार्य सीमा को बढ़ाकर 70 प्रतिशत तक कर दिया गया है। सिकुड़े और टूटे दाने की सीमा, जो पहले 6 प्रतिशत थी, उसे बढ़ाकर 20 प्रतिशत तक कर दिया गया है। इससे बारिश के कारण गुणवत्ता प्रभावित होने के बावजूद किसानों का गेहूं खरीदा जा सकेगा।

शिथिल मानकों के तहत खरीदे गए गेहूं को सामान्य गेहूं से अलग रखा जाएगा और उसका अलग लेखा-जोखा होगा। इस गेहूं का उपयोग केवल उत्तर प्रदेश के भीतर ही किया जाएगा, ताकि गुणवत्ता प्रबंधन सुनिश्चित किया जा सके।

इस तरह खरीदे गए गेहूं के भंडारण के दौरान यदि गुणवत्ता में कोई गिरावट होती है, तो उसकी पूरी जिम्मेदारी राज्य सरकार की होगी। ऐसे गेहूं के स्टॉक को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित किया जाएगा। फैसले से प्रदेश के लाखों किसानों को राहत मिलने की उम्मीद है, जिनकी फसल हाल की बारिश से प्रभावित हुई है। सरकार का कदम किसानों के हितों की सुरक्षा और कृषि क्षेत्र को स्थिर बनाए रखने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है।




# डीएम व एसपी ने होमगार्ड भर्ती परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण

- निष्पक्ष और शांतिपूर्ण परीक्षा के निर्देश, संदिग्धों पर रहेगी नजर



**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** होमगार्ड भर्ती परीक्षा की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। गुरुवार को जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने पुलिस अधीक्षक के साथ परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को परीक्षा सकुशल संपन्न कराने के निर्देश दिए।जनपद में होमगार्ड भर्ती परीक्षा 25, 26 और 27 अप्रैल को आयोजित की जाएगी। इसी क्रम में, जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी और पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव ने संयुक्त रूप से तारा महिला इंटर कॉलेज परीक्षा केंद्र का स्थलीय निरीक्षण किया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक नगर आयुष विक्रम सिंह भी मौजूद रहे।निरीक्षण के दौरान, जिलाधिकारी ने केंद्र व्यवस्थापकों को निर्देश दिए कि परीक्षा पूरी तरह से पारदर्शी, शांतिपूर्ण और निष्पक्ष वातावरण में संपन्न कराई जाए। उन्होंने किसी भी प्रकार की लापरवाही या अव्यवस्था न होने देने पर जोर दिया। इसके अतिरिक्त, समस्त पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश दिए गए कि परीक्षा के दौरान पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया जाए। संवेदनशील स्थलों पर विशेष सतर्कता बरतने और संदिग्ध व्यक्तियों व गतिविधियों पर लगातार निगरानी रखने को कहा गया। जिलाधिकारी ने यातायात व्यवस्था सुचारू बनाए रखने, भीड़ नियंत्रण करने और अभ्यर्थियों को कोई असुविधा न हो, यह सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। साथ ही, अभ्यर्थियों के साथ शालीन एवं सहयोगात्मक व्यवहार सुनिश्चित करने को कहा गया।

# बार बालाओं के डांस के दौरान विवाद, चार लोग घायल

## दबंगों ने परिवार पर लाठी-डंडों से किया हमला

**बहराइच समृद्धि न्यूज़**



रिसिया थाना क्षेत्र के लालपुर गांव में बार बालाओं के डांस कार्यक्रम के दौरान हुए विवाद में एक परिवार के चार सदस्य घायल हो गए। घायलों में पिता-पुत्र समेत चार लोग शामिल हैं, जिन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह घटना बुधवार देर रात लालपुर मीरामऊ गांव में हुई। गांव के निवासी माता प्रसाद के बेटे प्रभु का गौना था, जिसके उपलक्ष्य में परिवार ने एक डांस कार्यक्रम का आयोजन किया था। कार्यक्रम के दौरान गांव के ही हिरन और दीना नाथ के परिवार के कुछ युवक नर्तकियों के साथ नाचने लगे। जब परिवार के सदस्यों ने उन्हें ऐसा करने से मना किया, तो नाराज युवकों ने उन पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। इस हमले से मौके पर अफरा-तफरी मच गई। हमले में माता प्रसाद, उनके बेटे प्रभु, पत्नी शांति और बेटी पूजा घायल हो गए। घटना की सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। थाना प्रभारी ने बताया कि यह आपसी विवाद में हुई मारपीट का मामला है। पुलिस इस संबंध में आगे की विधिक कार्रवाई कर रही है।

# भारत-नेपाल सीमा पर भारी मात्रा में मुद्रा जब्त

- 6 लोगों से नेपाली-भारतीय नोट बरामद, एजेंसियां कर रहीं पूछताछ



**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** रूपईडीहा चेकपोस्ट पर भारत-नेपाल सीमा पर एसएसबी और रूपईडीहा पुलिस की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई की है। चेकिंग के दौरान छह लोगों के पास से भारी मात्रा में नेपाली और भारतीय मुद्रा बरामद की गई। ये लोग भारतीय मुद्रा को नेपाली मुद्रा में बदलने का काम करते थे। तलाशी के दौरान इन लोगों के पास से 68 लाख नेपाली और 16 लाख 50 हजार रुपये की भारतीय मुद्रा जब्त की गई। बरामदगी के समय ये लोग कोई भी वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके। इसके बाद जब्त की गई मुद्रा की सूचना आयकर विभाग को दी गई। रूपईडीहा थाना प्रभारी रमेश रावत के नेतृत्व में उपनिरीक्षक अब्दुल कादिर, आरक्षी अभिषेक राय, अभिषेक सिंह, सुविन्द्र यादव, विकास प्रजापति और एसएसबी की टीम चेकपोस्ट पर आने-जाने वालों की तलाशी ले रही थी। इसी दौरान संदिग्ध गतिविधियों के चलते इन छह लोगों को रोका गया। भारी मात्रा में मुद्रा बरामद होने की सूचना पर पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव भी मौके पर पहुंचे। थाना प्रभारी रमेश रावत ने बताया कि नेपाल के राजेंद्र सोनकर और प्रताप जायसवाल के साथ-साथ रूपईडीहा थाना क्षेत्र के विजय अग्रवाल, रामगोपाल, मोतीलाल और दीपक के पास से ये रुपये बरामद हुए हैं।

ये सभी भारतीय मुद्रा को नेपाली मुद्रा में बदलकर नेपाल भेजने का काम करते थे। स्थानीय जांच एजेंसियां इन सभी लोगों से गहन पूछताछ कर रही हैं ताकि इस रैकेट के अन्य पहलुओं का खुलासा हो सके।

## माटीकला कौशल विकास योजना के तहत आयोजित होगा 15 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम

**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** जिला ग्रामोद्योग अधिकारी ने बताया कि उ.प्र. माटीकला बोर्ड द्वारा संचालित माटीकला कौशल विकास योजना के अंतर्गत 15 दिवसीय शिल्पकारी प्रशिक्षण हेतु वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए 20 का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। कुम्हार जाति के अभ्यर्थी जिनकी आयु 18 से 55 वर्ष के मध्य है यूपीमाटीकलाबोर्ड डाट जीओवी डाट इन पर आनलाइन अथवा ऑफलाइन आवेदन जिला ग्रामोद्योग अधिकारी बहराइच के कार्यालय में जमा कर सकते हैं। इच्छुक अभ्यर्थी किसी कार्य दिवस में कार्यालय से आवेदन पत्र का प्रारूप प्राप्त कर एक अदद फोटो, आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, अनुभव प्रमाण पत्र शैक्षिक योग्यता, राशन कार्ड, पास बुक की छाया प्रति के साथ आवेदन पत्र जमा कर सकते हैं।

# शादी वाले घर में हुई चोरी पुलिस पर भड़का गुस्सा

## कोतवाली से 500 मीटर की दूरी पर हुई वारदात



**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** जिले के कैसरगंज में एक शादी वाले घर में चोरी की घटना सामने आई है। कोतवाली कैसरगंज से महज 500 मीटर की दूरी पर स्थित गुथिया गांव में चोरों ने लाखों रुपये के जेवर, कपड़े और नकदी चुरा ली। इस वारदात ने पुलिस गश्त पर सवाल खड़े कर दिए हैं।गुथिया निवासी अरविंद कुमार सिंह (पुत्र नरेंद्र सिंह) के घर में 25 अप्रैल को उनकी बेटी की शादी होनी है। घर में विवाह की तैयारियां जोर-शोर से चल रही थीं। बीती रात करीब 2 बजे चोरों ने घर में धावा बोल दिया।चोरों ने घर में सो रहे परिजनों को कमरों में बाहर से कुंडी लगाकर कैद कर दिया। छत पर सो रही अरविंद सिंह की पत्नी जब ठंड लगने पर नीचे आईं, तो उन्होंने देखा कि घर का सारा सामान बिखरा पड़ा था और मुख्य कोना खाली हो चुका था।पीड़ित परिवार के अनुसार, चोर शादी के लिए रखे गए बेटी के सोने-चांदी के समस्त जेवरात और गहने ले गए। इसके अतिरिक्त, शादी के लिए खरीदे गए कीमती कपड़े और करीब 60,000 की नगद धनराशि भी चोरी हो गई।

# अनियंत्रित होकर पलटा ई-रिक्शा, तीन गंभीर घायल

**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** गुरुवार दोपहर खैरीघाट थाना क्षेत्र के मक्कापुरवा के पास एक ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया। इस हादसे में ई-रिक्शा में सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) शिवपुर पहुंचाया गया।सीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने घायलों की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। घायलों की पहचान आशीष कुमार (निवासी कमहरिया), माया देवी (निवासी बरूही टेपरी) और मुजम्मिल (निवासी ताजपुर टेड़िया) के रूप में हुई है। सीएचसी अधीक्षक डॉ. नलिन राजा ने बताया कि तीनों घायलों को गंभीर चोटें आई हैं, जिसके कारण उन्हें बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है। हादसे के कारणों का अभी तक पता नहीं चल सका है, हालांकि स्थानीय लोग ई-रिक्शा की तेज रफ्तार को दुर्घटना की वजह बता रहे हैं।



# खबरें एक नजर में

## अवैध खनन की शिकायत करने पर पुलिस कर्मियों ने पीटा

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** साल पुर पुलिस चौकी के दरोगा सिपाही पर अवैध खनन कराने की शिकायत आई लाइन दर्ज कराई थी। जिस से नाराज हो कर पुलिस कर्मियों ने शिकायत करता शिव कुमार चौबे पुत्र हरिराम चौबे निवासी साल पुर चौबे पुरवा कोतवाली देहात को थाने पर लाकर मारने पीटने का आरोप लगाया है। शिकायत कर्ता शिव राम चौबे ने पुलिस अधीक्षक से शिकायत किया है जिस में उस ने आरोप लगाया है कि उस ने बीते 18 अप्रैल को रात्रि दस बजे के बाद ग्राम विशुन पुर बैरिया में कोतवाली देहात क्षेत्र में पुलिस की मिली भगत से खनन माफिया अवैध खनन कर रहे है। इस की शिकायत करने पर शिकायत कर्ता शिव कुमार चौबे को बीते 20 अप्रैल को दरोगा सौरभ सिंह सिपाही कलीम खान सिपाही नरेंद्र यादव सिपाही रंजीत सिंह सहित दो तीन अन्य पुलिस कर्मी घर पर जा कर पकड़ लाए और कोतवाली देहात में ले जा कर बंद कर दिया । मंगलवार के दिन दरोगा सौरभ सिंह सिपाही कलीम खान दो अन्य पुलिस कर्मी कोतवाल साहब के चालक के कमरे पर ले जा कर बहुत ही बुरी तरीके से मारा पीटा गया। धमकी दी गई कि अगर पुलिस कर्मियों के खिलाफ दुबारा शिकायत किया तो इनकाउंटर कर देंगे । सिपाही कलीम खान ने मेरा जबर दस्ती वीडियो बनाया गया जिस में कबूल नामा कराया गया कि मेरा 50हजार रुपया कब दोगे। जब की सिपाही से मेरी कोई जान पहचान नहीं है और कभी भी कोई पैसा मुझे दिया हैं। शिव कुमार चौबे ने पुलिस अधीक्षक से मांग किया है कि बीते 20 अप्रैल से 21अप्रैल का सी सी टी वी का पुटेज कोतवाली का लेकर जांच करा लेंगे तो पुलिस कर्मियों के खिलाफ सबूत मिल जाएगा।

## डीएम ने खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय व बीआरसी गैंसडी का किया निरीक्षण

**समृद्धि न्यूज़, बलरामपुर।** जनपद में शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी डॉ. विपिन कुमार जैन द्वारा खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय गैंसडी तथा ब्लॉक संसाधन केंद्र गैंसडी का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विभिन्न व्यवस्थाओं का गहनता से अवलोकन करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने शिक्षकों एवं कर्मचारियों के सर्विस बुक तथा जीपीएफ अभिलेखों का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी अभिलेखों को तत्काल अद्यतन किया जाए, ताकि भविष्य में किसी प्रकार की प्रशासनिक अथवा सेवा संबंधी समस्या उत्पन्न न हो। इसके अतिरिक्त, उन्होंने मानव संपदा पोर्टल पर अवकाश प्रविष्टियों का भी अवलोकन किया तथा निर्देश दिए कि सभी कार्मिकों की अवकाश संबंधी प्रविष्टियां समय से एवं शत-प्रतिशत रूप से अपडेट रखी जाएं। इसके उपरांत जिलाधिकारी द्वारा ब्लॉक संसाधन केंद्र गैंसडी का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत चल रहे नवीन नामांकन अभियान की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने नामांकन बढ़ाने हेतु किए जा रहे प्रयासों की जानकारी ली तथा निर्देश दिए कि शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी ने विशेष रूप से नवीन नामांकित बच्चों के आधार कार्ड निर्माण की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी नवीन नामांकित बच्चों का आधार कार्ड शीघ्रता से बनवाया जाए, जिससे उन्हें योजनाओं का लाभ समय पर प्राप्त हो सके। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिक्षा विभाग से संबंधित सभी कार्यों में पारदर्शिता, समयबद्धता एवं गुणवत्ता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि विद्यालयों में नामांकन के साथ-साथ बच्चों की नियमित उपस्थिति एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षण पर भी विशेष ध्यान दिया जाए, जिससे जनपद की लर्निंग आउटकम में सुधार लाया जा सके। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी श्री हिमांशु गुप्ता, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, खंड शिक्षा अधिकारी गैंसडी व अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## धर्मेंद्र ने जिले में लहराया परचम, इंटरमीडिएट में चौथा स्थान

**सादुल्लानगर/बलरामपुर।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की इंटरमीडिएट परीक्षा में क्षेत्र के ए.जी. हाशमी इंटर कॉलेज के छात्र धर्मेंद्र ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जिले की मेरिट सूची में चौथा स्थान प्राप्त किया है। धर्मेंद्र ने 500 में से 491 अंक हासिल कर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। धर्मेंद्र की सफलता से परिवार और विद्यालय में खुशी का माहौल है। उनके घर बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। धर्मेंद्र तुलाराम और तारादेवी के पुत्र हैं। चार बहनों आरती, सोनी, शिवानी और नंदिनी के इकलौते भाई धर्मेंद्र ने अपनी मेहनत और लगन से यह मुकाम हासिल किया है।

धर्मेंद्र ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता, शिक्षकों और परिवार के सहयोग को दिया। उन्होंने बताया कि उनका सपना नीट परीक्षा उत्तीर्ण कर डॉक्टर बनना है, ताकि समाज की सेवा कर सकें। विद्यालय प्रबंधन ने धर्मेंद्र की उपलब्धि पर प्रसन्नता जताते हुए कहा कि यह पूरे जिले के लिए गौरव की बात है। साथ ही उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# तीन दिन पूर्व घर से गायब सफाई कर्मचारी की लाश नाले में मिली, परिजनों ने जताया हत्या की आशंका

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़**

नगर कोतवाली क्षेत्र के रानी बाजार निवासी 42 वर्षीय। पिंटू बाल्मीकी पुत्र शेर अली।बाल्मिकी का शव सेमरा चौकी के निकट एक नाले में बृहस्पतिवार की सुबह मिलने से हड़कंप मच गया। घटना की जानकारी पुलिस को होते ही शव को नाले से निकलवा कर पंचायत नामा भर के पोस्टमार्टम को भेजा है। मृतक के भाई राजू बाल्मीकि ने बताया कि मृतक पिंटू बाल्मिकी नगर पालिका में आउट सोसिंग से सफाई कर्म चारी के पद पर कार्यरत था।बीते 20 अप्रैल को ड्यूटी खत्म कर के घर आया और शाम करीब 6 बजे राजी बाजार घर का सामान खरीदने के लिए निकला था। देर रात्रि तक जब घर लौट कर नहीं आया तो घर वालो ने खोजबीन करने लगे।नाथ रिश्तेदार के यहां भी पता किया लेकिन कही कुछ पता नहीं चल सका।सोमवार के दिन नगर कोतवाली में तहरीर देकर गुमशुदगी का मुकदमा भी दर्ज कराया है। राजू बाल्मीकि का आरोप है कि जिस तरह से उस का शव नाले में मिला है उस से तो लग रहा है कि उस की हत्या की गई।

उस के शरीर और सर पर चोट के निशान मिले है। जिस से आशंका व्यक्त की जा रही है कि उस की हत्या कर के शव को लाकर नाले में फेका गया है। नगर कोतवाल विंदेश्वरी मणि त्रिपाठी ने बताया कि शव को पोस्ट मार्टम भेजा गया है। रिपोर्ट आने पर आगे की कारवाही की जाएगी।

**पांच बच्चों के सिर से उठ गया पिता का शाया**

मृतक पिंटू बाल्मिकी का शव सेमरा चौकी के पास एक नाले में मिलने से परिजनों में हड़कंप मच गया।घर पर चारो तरफ रोने चिल्लाने की आवाज आ रही है। मृतक के भाई राजू बाल्मीकि ने बताया कि उनके पांच बच्चे है। सब से बड़ा अनुराग फिर प्रिंस अमन आलोक और एक पुत्री अनोखी है। बच्चों की जिम्मेदारी पत्नी मीनू के ऊपर आ गई है।

# प्रधानों ने मनरेगा भुगतान व कार्यकाल बढ़ाने की मांग की

- तेजवापुर, महसी में ज्ञापन सौंपकर सीएम से की अपील




**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** जनपद के तेजवापुर और महसी विकास खंडों में प्रधानों ने अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। पंचायत विकास मंच के बैनर तले प्रधानों ने खंड विकास अधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन सौंपा। प्रधानों की मुख्य मांगों में मनरेगा के तहत कराए गए कार्यों का बकाया भुगतान शामिल है। उन्होंने बताया कि मनरेगा अधिनियम 2005 के अंतर्गत हुए विकास कार्यों का भुगतान लंबे समय से रुका हुआ है। इससे श्रम और सामग्री मद में करोड़ों रुपये फंसे हुए हैं, जिसके कारण प्रधानों पर फर्मों और आपूर्तिकर्ताओं का दबाव बढ़ रहा है। प्रधानों ने चेतावनी दी कि यदि 26 मई 2026 को कार्यकाल समाप्त होने से पहले भुगतान नहीं हुआ, तो आर्थिक संकट गहरा जाएगा। ज्ञापन में पंचायत चुनाव में देरी का मुद्दा भी उठाया गया। प्रदेश की कई पंचायतों का कार्यकाल मई और जुलाई 2026 में समाप्त हो रहा है। प्रधानों ने बताया कि मतदाता सूची पुनरीक्षण में देरी, पिछड़ा वर्ग आयोग के गठन का अभाव और आरक्षण से जुड़े 'ट्रिपल टेस्ट' की प्रक्रिया अधूरी होने के कारण समय पर चुनाव कराना मुश्किल है। पंचायत विकास मंच के पदाधिकारियों ने मांग की कि यदि चुनाव समय पर नहीं हो पाते हैं, तो वर्तमान निर्वाचित प्रतिनिधियों को ही कार्यभार जारी रखने की अनुमति दी जाए। इस प्रदर्शन में सूरज शुक्ला, डॉ. श्याम चौधरी, भगवानदीन मिश्रा और राम सुन्दर पांडे सहित कई प्रधान उपस्थित रहे।

# एक बार फिर स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर मालवीय नगर का परचम लहराया, विद्यालय का परीक्षा परिणाम रहा शत-प्रतिशत




**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा घोषित परीक्षा परिणाम में एक बार फिर स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर मालवीय नगर का परचम लहराया विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा परीक्षा में सफल परीक्षार्थियों को कार्यवाहक प्रधानाचार्य प्रेमचंद्र मिश्र एवं विद्यालय परिवार के आचार्यो द्वारा माला पहनकर, मिष्ठान खिलाकर उनका अभिनंदन किया गया।

इस अवसर पर विद्यालय परिवार उपस्थित रहा बच्चों की सफलता पर विद्यालय के प्रबंधक राजेंद्र खुराना विद्यालय के प्रधानाचार्य रवि कुमार शुक्ला प्रबंध समिति के अध्यक्ष राम प्रकाश गुप्ता कोषाध्यक्ष पंकज सोनी एवं विद्यालय के विभिन्न अभिभावकों को द्वारा भैया बहनों को शुभकामनाएं प्रेषित की गई।

## मिशन शक्ति अभियान के तहत छात्राओं को किया जागरूक

**सादुल्लानगर/बलरामपुर।** थाना सादुल्लानगर पुलिस ने मिशन शक्ति 5.2 अभियान के तहत रामशब्द इंटर कॉलेज, मद्दौ भट्ठा में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। थानाध्यक्ष सत्येन्द्र वर्मा के नेतृत्व में छात्राओं को महिला सुरक्षा, अधिकारों और कानूनों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में दहेज प्रतिषेध अधिनियम, बाल विवाह निषेध कानून तथा नए आपराधिक कानूनों के बारे में विस्तार से बताया गया। साथ ही साइबर अपराधों जैसे ओटीपी शेयरिंग, लकी ड्रॉ, फर्जी वीडियो कॉल, बैंकिंग फ्रॉड आदि से बचाव के उपाय समझाए गए। पुलिस टीम ने छात्राओं की समस्याएं सुनीं और उनसे संवाद कर सुरक्षा संबंधी सुझाव दिए।

## मिट्टी के उत्तम स्वास्थ्य के लिए संतुलित उर्वरकों का प्रयोग जरूरी

**मनकापुर/गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** कृषि विज्ञान केंद्र मनकापुर गोंडा के वरिष्ठ शस्य वैज्ञानिक डॉ. राम लखन सिंह ने मिट्टी के उत्तम स्वास्थ्य के लिए संतुलित उर्वरकों के प्रयोग को जरूरी बताया । उन्होंने बताया कि इस समय रबी फसलों की कटाई के बाद खेत खाली हुए हैं । मृदा नमूना एकत्रित कर मिट्टी की जांच अवश्य करवायें । नमूना लेने हेतु एक खेत में पांच जगह से मिट्टी का नमूना लेकर सभी को एक साथ अच्छी तरह मिलाकर सिर्फ आधा किलो मिट्टी का नमूना कपड़े की थैली में रखें । मृदा नमूना के साथ एक पर्ची में खेत का खसरा नंबर, कृषक का नाम, पता आदि लिखकर नमूना को परीक्षण हेतु संबंधित संस्था को भेज दें । कृषि विभाग, कृषि विज्ञान केंद्र या इफको आदि द्वारा मृदा परीक्षण किया जाता है । संबंधित फसल में मृदा परीक्षण की संस्तुति के आधार पर उर्वरकों का संतुलित प्रयोग करना चाहिए । फसल की आवश्यकतानुसार नाइट्रोजन, फास्फोरस,पोटाश, जिंक सल्फर आदि की पूर्ति के लिए यूरिया, डीएपी, म्यूरेट ऑफ पोटाश, जिंक सल्फेट, सल्फर आदि उर्वरकों का प्रयोग किया जाता है । डीएपी के विकल्प के रूप में सिंगल सुपर फास्फेट, एनपीके ग्रेड मिक्सर का प्रयोग लाभकारी है । जल विलेय उर्वरकों के प्रयोग से उर्वरकों की लगभग शत प्रतिशत मात्रा फसलों द्वारा उपयोग कर ली जाती है । डॉ.एस के वर्मा वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष ने बताया कि जैव उर्वरकों के प्रयोग से फसल की पैदावार में 15 से 20% की वृद्धि होती है।

# बल्ब चोरी विवाद में युवक पर लाठी-डंडों से हमला

**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** खैरीघाट थाना क्षेत्र के नकहुआ गांव में गुरुवार दोपहर करीब 2 बजे बल्ब चोरी के विवाद को लेकर एक युवक पर लाठी-डंडों से हमला किया गया। इस हमले में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसके बाद उसे मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। नकहुआ गांव निवासी राकेश कुमार पुत्र मनोहर ने बताया कि लगभग दो माह पहले उसके घर के पास लगे विद्युत पोल का बल्ब गिर गया था। इसी बात को लेकर पड़ोसी उस पर बल्ब चोरी का आरोप लगा रहे थे। राकेश के विरोध करने पर पड़ोसी आक्रोशित हो गए और उस पर हमला कर दिया। हमले में राकेश कुमार के हाथ और उंगलियों में गंभीर चोटें आई हैं। घटना के बाद पीड़ित ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई।


## कार्यालय नगर पंचायत रिसिया जनपद बहराइच

पत्रांक संख्या-31/ न.प.रि./2026 — दिनांक- 23.04.2026

### अल्पकालीन निविदा सूचना

एतत् द्वारा अर्ह फर्मों/ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि बोर्ड फण्ड में प्राप्त धनराशि से नगर पंचायत रिसिया जनपद बाइच में 02 अदद अन्नपूर्णा भवन निर्माण कार्य हेतु निविदा के माध्यम से दिनांक 24.04.2026 से दिनांक 05.05.2026 को अपरान्ह दो बजे तक निविदायें आमंत्रित की जाती है। जो दिनांक 05.05.2026 को सायं चार बजे अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) महोदय के कार्यालय में उपस्थित ठेकेदारों के समक्ष खोली जायेगी। निविदा के साथ प्रत्येक कार्यों के लागत का 10 प्रतिशत जमानत धनराशि अलग-अलग कार्यवार एफ.डी.आर./ डी.डी. जो अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत रिसिया के पक्ष में बन्धक होगा, जिसे निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न करना होगा। किसी भी निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त किये जाने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा। कार्य का विवरण निम्न हैः-

| क्र. सं. | कार्य का विवरण | आगणन धनराशि | निविदा मूल्य मय 18 प्रति. जी.एस.टी. | जमानत धनराशि 10 प्रतिशत | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | नगर पंचायत रिसिया के वार्ड मोहम्मद नगर में अन्नपूर्णा भवन का निर्माण कार्य। | 834444 | 1000 | 83444 | 3 माह |
| 2. | नगर पंचायत रिसिया के वार्ड देवीपुरा में अन्नपूर्णा भवन का निर्माण कार्य। | 834444 | 1000 | 83444 | 3 माह |
| 3. | कार्यालय नगर पंचायत रिसिया के मीटिंग हाल रेनोवेशन (फालसिलिंग, पैनलिंग, फर्नीचर) का कार्य। | 620215 | 804 | 62021 | 3 माह |

**नियम व शर्ते -**

1. निविदादाता द्वारा प्रत्येक कार्य की 10 प्रतिशत धरोहर राशि/जमानत राशि एवं निविदा मूल्य को कार्यवार अलग-अलग नगर पंचायत रिसिया के खाता संख्या 614150100001817 में फर्म के खाते से जमा कर प्रपत्र के साथ संलग्न करना होगा।
2. निविदा दाता को जिलाधिकारी द्वारा निर्गत हैसियत प्रमाण पत्र चरित्र प्रमाण पत्र (जो निर्धारित समयावधि के अन्दर) एवं निर्माण कार्यों हेतु किसी भी विभाग में फर्म के पंजीकरण होने का प्रमाण पत्र, जी.एस.टी. पैन कार्ड, अनुभव प्रमाण पत्र तथा 100.00 रूपये के स्टाम्प पेपर पर निर्धारित शपथ पत्र (टी6) व 100.00 रूपये के स्टाम्प पेपर फर्म काली सूची में न होने का शपथ पत्र निविदा के साथ संलग्न करना होगा।
3. निविदादाता को सामान्य कार्य का अनुभव प्रमाण पत्र संलग्न करना होगा।
4. ठेकेदार/फर्म का जी.एस.टी. एवं श्रम विभाग में पंजीकरण होना अनिवार्य है।
5. प्राप्त न्यूनतम निविदा की स्वीकृति उपरान्त न्यूतम निविदादाता को अनुबन्ध से पूर्व नगर पंचायत रिसिया जनपद बहराइच में पंजीकरण कराना होगा। तदोपरान्त नियमानुसार कार्यादेश निर्गत किया जायेगा।
6. प्रत्येक कार्य हेतु कम से कम तीन-तीन निविदायें समस्त औपचारिकतायें सहित प्राप्त होने पर ही न्यूनतम निविदा की स्वीकृति पर विचार किया जायेगा।
7. सशर्त निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।
8. निविदा की विस्तृत जानकारी नगर पंचायत रिसिया के निर्माण अनुभाग से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।
9. प्राप्त किसी भी निविदा को अथवा समस्त निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा। इस सम्बन्ध में किसी भी ठेकेदार/फर्म द्वारा कोई दावा मान्य नहीं होगा।
10. निविदा मूल्य नान रिफण्डेबल होगा।
11. समस्त कार्य हेतु स्वीकृत आगणन के अनुसार ही स्थल पर मानक के अनुरूप तथा गुणवत्तायुक्त कार्य निविदादाता को कराना होगा।
12. स्वीकृति कार्यों को अनुमोदित आगणन की धनराशि पर ही पूर्ण कराना होगा।
13. न्यूनतम निविदा की स्वीकृति उपरान्त निर्गत कार्यादेश के अनुसार स्थल पर निर्माण कार्य निर्धारित समयावधि के अन्दर न्यूनतम निविदादाता को पूर्ण कराना होगा।
14. उपरोक्त समस्त शर्तों का पालन ठेकेदार/फर्म को करना होगा अन्यथा की स्थिति में स्वीकृत निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत रिसिया**
**बहराइच**

**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत रिसिया**
**बहराइच**

# विशेष टीम बनाकर सुलझाएं जमीनी विवाद : योगी

- सीएम योगी का बड़ा आदेश- भू-माफियाओं पर होगी सख्ती, लापरवाही पर होगी कार्रवाई

**लखनऊ/गोरखपुर, समृद्धि न्यूज।**



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि जमीन से जुड़े विवादों का निस्तारण विशेष टीम गठित करके किया जाए। जमीन का मालिकाना हक उसके वास्तविक स्वामी के पास ही होना चाहिए। उन्होंने कहा कि किसी व्यक्ति की जमीन पर यदि दबंगों ने कब्जा किया है तो जमीन को कब्जामुक्त कराने के साथ दोषियों को कानूनी सबक सिखाया जाए। किसी जमीन पर अवैध कब्जा करने वाले बख्शे न जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा है कि सरकार किसी के भी साथ अन्याय नहीं होने देने और हर व्यक्ति के जीवन में खुशहाली लाने को संकल्पित है। सीएम योगी गुरुवार को गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में लोगों की समस्याएं सुन रहे थे। मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति सभागार के बाहर कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक वह खुद पहुंचे और एक-एक करके सबकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान करीब 200 लोगों से मुलाकात कर उन्होंने सबको आश्वस्त किया कि किसी के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा।

सबके प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए त्वरित और संतुष्टिपरक निस्तारण का निर्देश देने के साथ सीएम ने लोगों को भरोसा दिलाया कि सरकार हर पीड़ित की समस्या का समाधान कराने के लिए दृढ़ संकल्पित है।

जनता दर्शन में भूमि विवाद के मामलों में उन्होंने अफसरों से कहा कि विशेष टीम लगाकर ऐसे मामलों को शीघ्रता से निस्तारित किया जाए। मुख्यमंत्री के समक्ष जनता दर्शन में कई लोग इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे थे। सीएम योगी ने उन्हें आश्वस्त किया कि सरकार इलाज के लिए भरपूर मदद करेगी। उनके प्रार्थना पत्रों को अधिकारियों को हस्तगत करते हुए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि इलाज से जुड़ी इस्टीमेट की प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूर्ण करा कर शासन में उपलब्ध कराया जाए।

पुलिस से जुड़े मामलों को उन्होंने पूरी पारदर्शिता व निष्पक्षता के साथ निस्तारित करने का निर्देश देते हुए कहा कि किसी के साथ भी अन्याय नहीं होना चाहिए। हर पीड़ित के साथ संवेदनशील व्यवहार अपनाते हुए उसकी मदद की जाए।

# मंत्री गुलाब देवी ने परीक्षार्थियों को दी बधाई

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद (यूपीएमएसपी) ने गुरुवार को 10वीं और 12वीं के बोर्ड परीक्षा 2026 के परिणाम घोषित कर दिए। इस साल भी यूपी बोर्ड की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा में लड़कियों ने लड़कों से बेहतर प्रदर्शन करते हुए बाजी मारी है।

यूपी बोर्ड परिणाम घोषित होने के बाद माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाब देवी ने सभी परीक्षार्थियों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने पूरे प्रदेश में परीक्षार्थियों के साथ टॉपर्स के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने यूपी बोर्ड के परिणाम पर एक समाचार एजेंसी से बातचीत करते हुए कहा, ष्महिलाएं आदि शक्ति का एक रूप हैं और उन्होंने हमेशा अपनी जिम्मेदारियों को बखूबी निभाया है। चाहे बेटियों के रूप में हों या विद्यार्थियों के रूप में, हमारी लड़कियों ने उल्लेखनीय प्रगति की है और उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। उन्होंने आगे कहा कि यूपी बोर्ड की परीक्षा में लड़कों ने भी अच्छा प्रदर्शन किया है। वो कहती हैं, आज के समय में जो नारी सम्मान चल रहा है, नारियों को अधिकार देने की जो बात हो रही है, उसमें हमारी महिलाएं सबसे आगे रहेंगी। उन्होंने कहा कि जब हमारी बेटियां आगे हैं तो हमारी महिलाएं भी आगे रहेंगी। उन्होंने कहा कि महिलाओं की शक्ति को कोई झुका नहीं सकता। उनकी शक्ति को कोई कम नहीं कर सकता। प्राकृतिक विधान में भी महिलाओं का जलवा रहा, और यहां पर भी हमारी बेटियों का जलवा है।

बता दें कि यूपी बोर्ड परीक्षाएं सभी 75 जिलों में स्थापित 8,033 केंद्रों पर 18 फरवरी से 12 मार्च के बीच आयोजित की गई थीं। इस वर्ष, कक्षा 10 की बोर्ड परीक्षाओं में कुल उत्तीर्णता प्रतिशत 90.42 और कक्षा 12वीं में 80.38 प्रतिशत दर्ज किया गया। हाईस्कूल की परीक्षा में सीतापुर की कशिश वर्मा और बाराबंकी की अंशिका वर्मा ने 97.83 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। वहीं, इंटरमीडिएट में सीतापुर की शिखा वर्मा ने 97.60 प्रतिशत अंकों के साथ टॉप किया है।

## खबरें एक नजर में

### जनगणना प्रशिक्षण में अनुपस्थित रहे 180 प्रगणक पर्यवेक्षक पर कार्रवाई के निर्देश जारी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** जनपद लखनऊ में चल रहे तीन दिवसीय जनगणना प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाते हुए अनुपस्थित कर्मियों के खिलाफसख्त कार्रवाई के संकेत दिए हैं। नगर निगम लखनऊ के जोन-06 में आयोजित इस प्रशिक्षण में 400 नामित प्रगणक और पर्यवेक्षकों में से 180 कर्मी गैरमौजूद पाए गए, जिसे प्रशासन ने गंभीर लापरवाही माना है।चार्ज जनगणना अधिकारीध्जोनल अधिकारी श्री अमरजीत यादव ने स्पष्ट निर्देश जारी करते हुए कहा है कि जनगणना जैसे राष्ट्रीय महत्व के कार्य में किसी भी प्रकार की उदासीनता या अनुपस्थिति बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने चेतावनी दी कि प्रशिक्षण में अनुपस्थित रहने या जनगणना कार्य से इनकार करने वाले कर्मियों के विरुद्ध जनगणना अधिनियम, 1948 की धारा 11 के तहत एफआईआर दर्ज कर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन स्पर्श राजकीय दृष्टि बाधित बालक इंटर कॉलेज, मोहन रोड तथा ब्राइट कैरियर स्कूल, मल्लपुर में किया गया है। प्रशिक्षण के दूसरे दिन जोनल अधिकारी ने निरीक्षण किया और उपस्थित कर्मियों से संवाद कर कार्य की गंभीरता समझाई। निरीक्षण के दौरान बड़ी संख्या में कर्मियों की अनुपस्थिति सामने आने पर उन्होंने तत्काल संबंधित कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए।

### बाबा साहब के अकादमिक जीवन व कृतित्व पर कार्यक्रम का आयोजन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** भारत रत्न बाबा साहब डॉ0 अम्बेडकर की 135वीं जयंती पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की श्रृंखला में उनके अकादमिक जीवन एवं कृतित्व पर व्याख्यान एवं वस्तुनिष्ठ प्रश्नोत्तरी का आयोजन हजरत अब्बास ब्लॉक में किया गया और छात्र, छात्राओं को बाबा साहब की जीवनी, संविधान की संक्षिप्त प्रतियां और प्रस्तावना वितरित की गई। इस मौके पर कार्यक्रम के आयोजक डॉ0 रॉबिन वर्मा ने छात्र,छात्राओं को बाबा साहब द्वारा महिला अधिकारों, मजदूरों, किसानों और अल्पसंख्यकों के अधिकारों के लिए उनके योगदान को छात्र,छात्राओं को बताया। उन्होंने बताया कि बाबा साहब सिर्फएक समाज सुधारक, राजनीतिज्ञ ही नहीं थे वरन् वो एक अच्छे अधिवक्ता और अर्थशास्त्री भी थे। उनके शोध 'रुपये की समस्या : इसकी उत्पत्ति और इसका समाधान' के फलस्वरूप ही रिजर्व बैंक ऑफइण्डिया की स्थापना सम्भव हुई। उन्होंने बताया कि डॉ0 अम्बेडकर के भाषण 'राज्य और अल्पसंख्यक उनके अधिकार क्या हैं और संविधान में उन्हें कैसे सुरक्षित किया जाए' में उन्होंने बताया था कि हर वह व्यक्ति अल्पसंख्यक है, जिसके पास भूमि नहीं, जिसके पास संसाधन नहीं है, को भी अल्पसंख्यक माना जाना चाहिए। कार्यक्रम के अन्त में डॉ0 वर्मा द्वारा संविधान की प्रस्तावना का पाठ भी किया गया और छात्रध्छात्राओं को संविधान की संक्षिप्त पुस्तिका और बाबा साहब द्वारा रचित जीवनी ''वेटिंग फार वीजा'', ''राज्य और अल्पसंख्यक'' तथा ''रुपये की समस्या'' आदि पुस्तकों का वितरण किया गया। उन्होंने बताया कि इस आयोजन में प्रतिभाग करने वाले प्रत्येक प्रतिभागी को प्रमाण-पत्र भी प्रदान किया जायेगा। इस मौके पर डॉ0 मीसम मुबारक, निदेशक एससीडीआरसी डॉ0 प्रदीप शर्मा, प्राक्टर प्रो0 सै0 मेहदी अब्बास जैदी, डॉ0 रवि प्रताप सिंह, डॉ0 मेनका गिरी, डॉ0 अली मेंहदी, डॉ0 जेबा मेंहदी, राजकुमार सैनी, धर्मेन्द्र कुमार, इल्तेमाश हुसैन, शबाब हुसैन, विकास, शादाब रिजवी, हसन काजिम, सहित प्रतिभागी छात्र-छात्रायें उपस्थित रहे।

### राहत-ए-इंसानियत फाउंडेशन ने पेश की इंसानियत की मिसाल, सैकड़ों जरूरतमंदों तक पहुंचाई राहत सामग्री

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** इंसानियत और सेवा की एक प्रेरणादायक मिसाल पेश करते हुए राहत ए इंसानियत फाउंडेशन की टीम ने विकासनगर क्षेत्र में आग से प्रभावित परिवारों के बीच पहुंचकर राहत सामग्री वितरित की। हाल ही में आग की घटना में जिन लोगों के घर जलकर राख हो गए थे, उनके लिए यह मदद किसी संजीवनी से कम नहीं रही। फाउंडेशन द्वारा वितरित राहत सामग्री में एक महीने का राशन शामिल था, जिसमें आटा, चावल, दालें, शक्कर, तेल, चाय पत्ती और मसाले जैसी आवश्यक वस्तुएं दी गईं। इसके साथ ही बच्चों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए स्कूल बैग, पेंसिल बॉक्स और कॉपी-किताबें भी प्रदान की गईं। राहत कार्य के दौरान पीने के पानी, लस्सी और अन्य जरूरी सामान की भी व्यवस्था की गई। इस मानवीय सेवा अभियान का नेतृत्व फाउंडेशन के चेयरमैन चाँद कुरैशी ने किया। उनके मार्गदर्शन में टीम ने लगभग 400 से 500 जरूरतमंद लोगों तक सहायता पहुंचाई। फाउंडेशन पिछले 10 वर्षों से समाज सेवा के क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभा रहा है और निरंतर जरूरतमंदों की सहायता करता आ रहा है। कोविड-19 महामारी के दौरान भी फाउंडेशन ने उल्लेखनीय कार्य किए थे। पहले चरण में राशन वितरण और दूसरी लहर के दौरान मुफ्त ऑक्सीजन सिलेंडर एवं ऑक्सीजन उपलब्ध कराने के कारण चाँद कुरैशी को ऑक्सीजन मैन के नाम से भी जाना जाने लगा। चाँद कुरैशी और उनकी टीम का यह सेवा भाव समाज में एक सकारात्मक संदेश दे रहा है कि मुश्किल घड़ी में एक-दूसरे का साथ ही असली इंसानियत है।

# आज लखनऊ में होगा उत्तर जोन का क्षेत्रीय कृषि सम्मेलन : शाही

- मुख्यमंत्री, केंद्रीय कृषि मंत्री, राज्यमंत्री रहेंगे मौजूद
- उत्तर प्रदेश में उर्वरक की कोई समस्या नहीं

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



उत्तर जोन खेती का प्राण है। कृषि क्षेत्र में उत्तर प्रदेश ने सकारात्मक कदम उठाए हैं। यूपी के इस कदम के कारण केंद्रीय किसान कल्याण मंत्रालय के तत्वावधान में 24 अप्रैल को सेंट्रम होटल में क्षेत्रीय कृषि सम्मेलन उत्तर जोन होगा।

इसमें 9 राज्यों उत्तर प्रदेश, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, चंडीगढ़, जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, पंजाब, दिल्ली के कृषि मंत्री उद्यान मंत्री प्रमुख सचिव निदेशक एफपीओ, प्रगतिशील किसान, कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक, भारत सरकार के अधिकारी आदि रहेंगे। उद्घाटन सत्र में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, राज्यमंत्री भागीरथ चौधरी व रामनाथ ठाकुर भी सम्मिलित होंगे।

श्री शाही ने गुरुवार को लोकभवन में पत्रकारों से बातचीत में बताया कि इसमें कृषि ऋण, किसान क्रेडिट कार्ड, एग्रीकल्चर इंफ्रास्ट्रक्चर फंड की प्रगति, राज्यों के किसानों, केंद्र के स्टार्टअप, एफपीओ, नाबार्ड, बैंकों, मिल मालिकों, प्रसंस्करण इकाइयों, बागवानी की संभावनाओं, दलहन आत्मनिर्भरता मिशन की प्रगति, बीज एजेंसियों, खरीद एजेंसियों, सिंचाई कंपनियों, राष्ट्रीय खाद्य तेल मिशन आदि पर चर्चा व समीक्षा भी होगी। किसानों के कल्याण व आमदनी को लेकर विभिन्न राज्यों ने बेहतर कार्य किया है।

वे अपने कार्यों का प्रस्तुतिकरण देकर अन्य राज्यों को भी अवगत कराएंगे। उत्तर प्रदेश के अंदर गन्ने के साथ इंटरक्रॉपिंग शुरू कराई गई है। इसके साथ ही धान की सीधी बोआई डीएसआर विधि को लेकर भी प्रस्तुतिकरण होगा। भारत सरकार ने सर्वोत्तम पद्धति मानते हुए इसे किसानों के हित का भी बताया है। वहीं पंजाब सरकार ने धान के फसल विविधीकरण की पद्धति, हिमाचल व उत्तराखंड ने बागवानी के क्षेत्र में विशेष पद्धति अपनाई है। कृषि के क्षेत्र में अन्य राज्यों के विभिन्न सकारात्मक कार्यों की भी जानकारी आदान-प्रदान होगी।

कृषि मंत्री ने एक सवाल के जवाब में बताया कि उत्तर प्रदेश में उर्वरक की कोई समस्या नहीं है। उत्तर प्रदेश में 20 लाख मीट्रिक टन से अधिक फर्टिलाइजर है। इसमें साढ़े 11 लाख एमटी यूरिया है। सरकार ने तय किया है कि 40 हजार कुंतल ढेंचे का बीज किसानों को उपलब्ध कराएगी, जिससे यूरिया की 20 प्रतिशत खपत कम होगी।

# हर वार्ड में सिटी फॉरेस्ट बनाने की योजना




**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

मुख्यमंत्री योगी ने शहरी क्षेत्रों में हरियाली बढ़ाने और पर्यावरण संतुलन को मजबूत करने के लिए बड़ा कदम उठाने के संकेत दिए हैं। उन्होंने पार्षदों को निर्देश दिया है कि हर वार्ड में मिनी फॉरेस्ट या सिटी फॉरेस्ट विकसित करने की दिशा में काम किया जाए।

सीएम ने कहा कि तेजी से बढ़ते शहरीकरण के बीच पर्यावरण संरक्षण और हरित क्षेत्र का विस्तार बेहद जरूरी है। इसी को ध्यान में रखते हुए नगर निकायों को सक्रिय भूमिका निभानी होगी, ताकि हर वार्ड में छोटे-छोटे वन क्षेत्र विकसित किए जा सकें।इस योजना का उद्देश्य न केवल शहरों में हरियाली बढ़ाना है, बल्कि वायु प्रदूषण को कम करना और लोगों को स्वच्छ वातावरण उपलब्ध कराना है। सरकार का मानना है कि ऐसे सिटी फॉरेस्ट शहरी जीवन में पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। अधिकारियों के अनुसार इस दिशा में नगर निकायों को जमीन चिन्हित करने और पौधरोपण की योजनाओं को तेजी से लागू करने के निर्देश दिए जाएंगे। साथ ही स्थानीय स्तर पर जनता की भागीदारी भी सुनिश्चित की जाएगी। सरकार की इस पहल को शहरी विकास और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# राजनीतिक टकराव की भेंट चढ़ा नगर निगम का विशेष सदन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

नगर निगम लखनऊ में गुरुवार को आयोजित विशेष सदन में 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' की बैठक में राजनैतिक टकराव जमकर हुआ। जनता से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की बजाय महिला आरक्षण के प्रस्ताव को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष आमने-सामने आ गए। हालात इतने बिगड़े कि बैठक के दौरान नारेबाजी, विरोध और बहिष्कार देखने को मिला। महापौर सुषमा खर्कवाल ने जैसे ही सदन में अपना भाषण शुरू किया विपक्षी पार्षदों ने हंगामा शुरू कर दिया।

कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के पार्षदों ने भाजपा के खिलाफनारेबाजी करते हुए सदन की वैधता पर ही सवाल खड़े कर दिए। उनका कहना था कि इस तरह के राजनीतिक मुद्दों पर चर्चा के लिए नगर निगम का मंच उपयुक्त नहीं है। देखते ही देखते स्थिति इतनी बिगड़ गई कि सपा और कांग्रेस के पार्षद सदन का बहिष्कार करते हुए बाहर चले गए। बैठक के दौरान सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी नोकझोंक भी हुई। भाजपा पार्षदों ने विपक्ष के खिलाफ जोरदार नारे लगाए और महापौर के समर्थन में आवाज बुलंद की और विपक्षी पार्षद लगातार विरोध जताते रहे। माहौल इतना गर्म हो गया कि सदन की कार्यवाही सुचारु रूप से चल ही नहीं पाई। हंगामे के बीच सपा के सभी 22 पार्षद नगर निगम परिसर से बाहर निकल गए, जबकि कांग्रेस के पार्षद अंत तक डटे रहे। कांग्रेस पार्षद मुकेश सिंह चौहान और ममता चौधरी ने नगर निगम मुख्यालय में ही महापौर की गाड़ी के पास बैठकर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। उनका आरोप था कि जनता के असल मुद्दों को नजरअंदाज कर बीजेपी पार्षद राजनीतिक एजेंडा थोपने की कोशिश की जा रही है। सदन में विपक्ष का हमला देखते ही भाजपा की महिला पार्षदों ने मोर्चा संभालते हुए विपक्ष पर तीखा हमला बोला। पार्षद नेहा सिंह ने बुधवार को महापौर की नेम प्लेट को चप्पल से पीटने का जिक्र करते हुए सवाल उठाया कि जब शहर की महापौर ही सुरक्षित नहीं हैं तो आ जनता की सुरक्षा कैसे सुनिश्चित होगी। उन्होंने इस मामले में एफआईआर दर्ज कराने की अनुमति भी मांगी। राष्ट्रीय मुद्दों से जोड़ा गया विवाद आजपा पार्षद गौरी सांवरिया ने कांग्रेस और सपा पर हमला बोलते हुए कहा कि ये दल हमेशा सरकार के हर बड़े और जनहित के फैसले का विरोध करते आए हैं। उन्होंने धारा 370, राम मंदिर, जीएसटी और अन्य मुद्दों का जिक्र करते हुए विपक्ष की नीतियों पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि महिला आरक्षण केवल महिलाओं के लिए नहीं बल्कि पूरे देश के सशक्तिकरण का विषय है। पार्षद रेखा सिंह ने महिला आरक्षण के समर्थन में शेरो-शायरी के जरिए अपनी बात रखी, जिससे सदन का ध्यान आकर्षित हुआ। भाजपा पार्षद संदीप शर्मा के कुछ आपत्तिजनक नारों ने माहौल को और अधिक तनावपूर्ण बना दिया। उन्होंने नारा लगाया कि मेयर का अपमान करने वाले लोग अगले जन्म में किन्नर होंगे। कई भाजपा महिला पार्षद तख्तियां लेकर पहुंचीं थीं जिन पर विपक्ष के खिलाफ तीखे नारे लिखे हुए थे। इसमें लिखा हुआ था कि झूठी कहानी सपा की आदत पुरानी, महिलाओं का अपमान पा बेईमान, नारी सम्मान की झूठी कहानी सपा की आदत पुरानी । विपक्ष महिलाओं को कमजोर ना समझे। सदन में सबसे खास बात यह रही कि शहर की मूल समस्याएं, पानी, सफाई, सीवर और यातायात जैसे मुद्दे चर्चा से पूरी तरह गायब रहे। राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप और महिला आरक्षण पर टकराव के बीच जनता के सरोकार एक बार फिर हाशिये पर चले गए।

# यूपी बोर्ड में फिर चमके एलपीएस के छात्र

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



राजधानी स्थित लखनऊ पब्लिक कॉलेज राजाजीपुरम शाखा के छात्रों ने यूपी बोर्ड परीक्षा परिणाम- 2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम एक बार फिर गौरवान्वित किया है।

कक्षा 10 में छात्रा आद्रिजा चौरसिया एवं आरोही सिंह ने सयुंक्त रूप से 96.17 प्रतिशत अंक प्राप्त कर उत्तर प्रदेश में दसवां स्थान एवं लखनऊ में प्रथम स्थान हासिल किया। इसके अतिरिक्त आदित्य कुमार कुशवाहा ने 95.17 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जनपद में चौथा व अविका सिंह ने 95 प्रतिशत अंक के साथ पाचवां स्थान प्राप्त किया तथा आरव सिंह ने (94.17 प्रतिशत) आठवां, रौनक गुप्ता ने 92.67 प्रतिशत, श्रेष्ठ पटेल ने 91.83प्रतिशत तथा अथर्व प्रताप सिंह ने 91.67 प्रतिशत अंक प्राप्त कर शानदार सफलता अर्जित की।

कक्षा 12 में आर्ची सिंह ने 93प्रतिशत अंक प्राप्त कर शहर में द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जबकि भैरवी मौर्य ने 92.40प्रतिशत अंक के साथ तृतीय स्थान हासिल किया। इसके अलावा समीक्षा राजपूत ने 91 प्रतिशत के साथ पाचवां स्थान, वंशिका शर्मा ने 88.40 प्रतिशत, तविशी मित्तल ने 87प्रतिशत तथा रिया सिंह यादव ने 86.80 प्रतिशत अंक प्राप्त किए।

विद्यालय के चेयरमैन डॉ. एस.पी. सिंह (सांसद) एवं जनरल मैनेजर हर्षित सिंह ने सभी मेधावी छात्रों को सम्मानित करते हुए उन्हें बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय के प्रधानाचार्य ज्ञानेंद्र कुमार ने इस सफलता का श्रेय छात्रों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन एवं अभिभावकों के सहयोग को दिया।

# 30 अप्रैल तक शत प्रतिशत फार्मर रजिस्ट्री का लक्ष्य जायद के लिए डिजिटल क्रॉप सर्वे की तैयारी

- कम सैचुरेशन वाले गांवों पर फोकस
- 15 मई से फार्मर आईडी अनिवार्य
- योजनाओं, खाद व बीज लेने में होगी जरूरी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश में जायद सीजन की तैयारियों के तहत सरकार ने फार्मर रजिस्ट्री को लेकर अभियान तेज कर दिया है। निर्देश दिए गए हैं कि 30 अप्रैल तक 100 प्रतिशत किसानों का पंजीकरण किया जाए। विशेष रूप से उन गांवों पर फोकस है जहां अब तक रजिस्ट्री सैचुरेशन कम है। अभियान के तहत भूमिधर किसानों को शामिल किया जाएगा, चाहे वे पीएम किसान योजना के लाभार्थी हों या नहीं। किसानों की अधिकतम भागीदारी के लिए जिलों को जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए गए हैं। इसमें लाउडस्पीकर के माध्यम से घोषणाएं, स्थानीय समाचार पत्रों में विज्ञापन और ग्राम प्रधानों की सक्रिय भागीदारी पर विशेष जोर है ताकि हर किसान तक जानकारी पहुंच सके, रजिस्ट्रेशन में तेजी आए। 15 मई से फार्मर आईडी अनिवार्य कर दी जाएगी। इसके बिना किसानों को सरकारी कृषि योजनाओं, उर्वरकों और बीज का लाभ नहीं मिल सकेगा। ऐसे में किसानों को समय रहते अपना पंजीकरण पूर्ण कराने की सलाह दी गई है। जायद 2026 के लिए डिजिटल क्रॉप सर्वे समयसीमा में संचालित किया जाएगा।28 अप्रैल को जिला स्तरीय टीमों को प्रशिक्षण दिया जाएगा, जबकि 1 मई से 31 मई तक पूरे प्रदेश में सर्वे अभियान चलाया जाएगा। इस सर्वे के माध्यम से फसलों का सटीक आंकलन कर योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन में मदद मिलेगी।

### प्रयागराज बना आध्यात्मिक पर्यटन का केंद्र

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश में बेहतर कानून-व्यवस्था, मजबूत बुनियादी ढांचे और धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने वाली नीतियों के चलते विदेशी पर्यटकों का भरोसा लगातार बढ़ रहा है। इसका सबसे बड़ा उदाहरण प्रयागराज के रूप में सामने आया है, जहां वर्ष 2025 में 20,53,918 से अधिक विदेशी श्रद्धालु और पर्यटक पहुंचे। यह आंकड़ा दर्शाता है कि संगम नगरी केवल देश ही नहीं, बल्कि दुनिया भर के लोगों के लिए आस्था और संस्कृति का प्रमुख केंद्र बन चुकी है। प्रयागराज में 20,53,918, वाराणसी में 3,21,358, मथुरा में 1,42,134, अयोध्या में 65,487 विदेशी पर्यटक साल 2025 में पहुंचे। यहां की धार्मिक मान्यताएं, प्राचीन मंदिर, घाट, आश्रम और आध्यात्मिक वातावरण विदेशी पर्यटकों को विशेष रूप से आकर्षित कर रहे हैं।

**निर्णय** — अपर मुख्य सचिव ने महानिदेशक को दिया निर्देश

# स्वास्थ्य कर्मचारियों की मांगों पर बनेगा प्रस्ताव

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**

अपर मुख्य सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अमित कुमार घोष से गुरुवार को कर्मचारी संगठन के पदाधिकारियों ने मुलाकात की है। इस दौरान इप्सेफ के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीपी मिश्र भी उपस्थित रहे। बताया जा रहा है बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये हैं।

दरअसल, एनेक्सी भवन स्थित सभागार में अपर मुख्य सचिव चिकित्सा के साथ हुई बैठक में स्वास्थ्य कर्मचारियों के 6 संगठनों के पदाधिकारी शामिल हुये थे। जिसमें कर्मचारियों के विभिन्न मांगों पर चर्चा हुई।

राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के महामंत्री अतुल मिश्रा ने बताया कि अपर मुख्य सचिव के साथ करीब दो घंटे वार्ता हुई है। जिसमें कर्मचारियों के कैडर पुनर्गठन,वेतन विसंगति,रिक्त पदों पर नियुक्ति व पदोन्नती, पदनाम परिवर्तन, संविदा पर कार्यरत कर्मचारियों को नर्सेज,एएनएम की भांति नियमित नियुक्तियों में प्राथमिकता की बात प्रमुख रही है।

इसके अलावा जिला अस्पतालों को उच्चीकृत कर मेडिकल कालेज बनाने के कारण कई पद समाप्त हो गये हैं, जिससे कर्मचारियों को भारी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में हमारी मांग है कि जिला चिकित्सालयों के कर्मचारियों को पद सहित अस्पतालों में समायोजित किया जाये।



इस तरह के कर्मचारियों की संख्या 4 हजार के करीब है। उन्होंने कहा कि आज हुई मैराथन बैठक सार्थक रही है। अपर मुख्य सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अमित कुमार घोष ने कहा कि वे हर 15 दिन पर संगठनों के साथ बैठक करके निर्णय करेंगे। कर्मचारी जब तक पूरी तौर से संतुष्ट नहीं होंगे, अस्पताल सही से नहीं चल सकते है। उन्होंने अगली बैठक शीघ्र करने के लिए निर्देशित किया, जिसमें पदाधिकारी भाग लेंगे। उन्होंने महानिदेशक को आदेश दिया कि वे प्रतिदिन कर्मचारी संगठनों के साथ बैठक करके अपना प्रस्ताव शासन को भेजे।

वह सार्थक निर्णय करायेंगे। इस दौरान बैठक में महानिदेशक स्वास्थ्य डॉ. पवन कुमार अरूण और पैरामेडिकल निदेशक डॉ. संजू अग्रवाल उपस्थित रहे। इसके अलावा बैठक में सुरेश कुमार रावत अध्यक्ष, अतुल मिश्रा महामंत्री, राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद, संदीप बड़ोला अध्यक्ष, महामंत्री आरएसराणा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष उमेश मिश्रा, डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन, कमल श्रीवास्तव महामंत्री, एलटी एसोसिएशन, राम मनोहर कुशवाहा अध्यक्ष महामंत्री दिलीप कुमार, एक्स-रे टेक्नीशियन एसोसिएशन, अनिल कुमार महामंत्री प्रोवेन्शियल फिजियोथेरेपिस्ट एसोसिएशन, डीडी त्रिपाठी अध्यक्ष, राजीव तिवारी महामंत्री, डेन्टल हाइजेनिस्ट एसोसिएशन और शासन के विशेष सचिव धीरेन्द्र सचान, कौशल कुमार सिंह उपस्थित रहे।

# पर्यावरण संरक्षण में सरकार के साथ काम करेगी कोका कोला

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**




कोका-कोला इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने सामुदायिक विकास और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार के साथ हाथ मिलाया है। इस क्रम में कंपनी ने इन्वेस्ट यूपी के साथ तीन वर्ष की अवधि के लिए समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं।

इस साझेदारी के तहत राज्य में जल संरक्षण, कचरा प्रबंधन, आजीविका सृजन और सामुदायिक विकास से जुड़े कार्यों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। इसके अंतर्गत जल उपलब्धता के लिए बुनियादी ढांचा विकसित करने, कचरा संग्रहण और रिसाइक्लिंग प्रणाली को सुदृढ़ करने तथा स्थानीय समुदायों के लिए कौशल विकास और रोजगार के अवसर बढ़ाने की दिशा में काम किया जाएगा।

एमओयू के हस्तांतरण के दौरान इन्वेस्ट यूपी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी विजय किरण आनंद, एजीएम (को-ऑर्डिनेशन, ओएसडी, सीएसआर नोडल) आनंद कुमार पांडे, एसएलएमजी बेवरेजेज प्राइवेट लिमिटेड के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर विवेक लधानी, डायरेक्टर सिद्धार्थ लधानी तथा कोका-कोला इंडिया की टीम के सदस्य उपस्थित रहे।

विजय किरण आनंद ने कहा कि यह साझेदारी पर्यावरण संरक्षण के उपायों को बुनियादी ढांचे के विकास के साथ जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे निजी क्षेत्र की विशेषज्ञता का लाभ उठाते हुए दीर्घकालिक प्रभाव सुनिश्चित किया जा सकेगा। कोका-कोला इंडिया एंड साउथवेस्ट एशिया की वाइस प्रेसिडेंट (पब्लिक अफेयर्स, कम्युनिकेशंस एंड सस्टेनेबिलिटी) देवयानी आरएल राणा ने कहा कि कंपनी समाज-आधारित पहल के माध्यम से जल संरक्षण, कचरा प्रबंधन और आजीविका को सुदृढ़ करने के लिए प्रतिबद्ध है और इस दिशा में उत्तर प्रदेश सरकार के साथ मिलकर कार्य करेगी। इस समझौते के माध्यम से कोका-कोला इंडिया ने सीएसआर आधारित पहलों के जरिए समाज-केंद्रित विकास और पर्यावरण संरक्षण के प्रयासों को आगे बढ़ाने की अपनी प्रतिबद्धता को और मजबूत किया है।

# नौ सीएससी केंद्र में शिथिलता, निलंबन के आदेश

▸ फार्मर रजिस्ट्री कार्य में लापरवाही बरतने वाले सीएससी केंद्रों पर एक्शन

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।**



जनपद में संचालित शासन की महत्वाकांक्षी योजना फार्मर रजिस्ट्री के अंतर्गत कार्यों की प्रगति सुनिश्चित करने हेतु जिला प्रशासन पूर्ण रूप से सक्रिय है। इसी क्रम में एडीएम वित्त अरविंद कुमार एवं उनकी टीम द्वारा विभिन्न कॉमन सर्विस सेंटर सीएससी केंद्रों का निरीक्षण किया गया। शासन के निर्देशानुसार जनपद में 30 अप्रैल 2026 तक फार्मर रजिस्ट्री का कार्य पूर्ण किया जाना है। बता दें कि इसके लिए जनपद में पंचायत सहायक, लेखपाल, कोटेदार, ग्राम प्रधान, सीएससी-वीएलई एवं कृषि विभाग के कर्मचारी इस कार्य में लगाए गए हैं, ताकि अधिक से अधिक किसानों का पंजीकरण समयबद्ध रूप से सुनिश्चित किया जा सके। साथ ही संबंधित अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया गया है कि वह प्रतिदिन प्रगति की समीक्षा करते हुए कार्य में तेजी लाएं और किसी भी स्तर पर लापरवाही न होने दें। एडीएम के निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि कुछ सीएससी केंद्रों द्वारा कार्य में अपेक्षित सहयोग नहीं किया जा रहा है, जबकि इस संबंध में पूर्व में डीएम एवं एडीएम द्वारा कई बार लिखित एवं मौखिक निर्देश दिए जा चुके थे। जांच में 9 केंद्रों पर कार्य में शिथिलता पाई। इनमें अखिलेश कुमार जन सेवा केंद्र, पीरगंज, अल्लहगंज,तस्लीम जन सेवा केंद्र, अल्लहगंज,राहुल जन सेवा केंद्र, ठीकरी, राहुल जन सेवा केंद्र, कुटरा, रमेश चन्द्र जन सेवा केंद्र, सीसोरी, आशु आधार संशोधन जन सेवा केंद्र, जेवा रोड लखपेड़ा पुवायां, बालाजी जन सेवा केंद्र, निगोही रोड पुवायां, प्रमोद जन सेवा केंद्र काशीराम नगर पुवायां जवं राजीव कुमार जन सेवा केंद्र, ग्राम मिलकिया निगोही तिलहर का नाम शामिल है। एडीएम द्वारा जिला प्रबंधक सीएससी को निर्देशित किया गया है कि शासन की योजना में अपेक्षित सहयोग न किए जाने के कारण उक्त केंद्रों की सीएससी आईडी को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने की कार्यवाही की जाए। जिला प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया है कि शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदासीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी संबंधित केंद्र संचालकों को निर्देशित किया जाता है कि वह निर्धारित मानकों के अनुसार कार्य सुनिश्चित करें, अन्यथा उनके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# हाईवे पर भीषण सड़क हादसाः ट्रक की टक्कर से कार सवार सात लोग गंभीर घायल

▸ सीएचसी से जिला मेडिकल कॉलेज रेफर

**तिलहर-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



हाईवे पर सरऊ पुलिया के निकट गुरुवार को एक भीषण सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार ट्रक ने कार को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे कार के पखच्चे उड़ गए। वहीं कार चालक सात लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस और राहगीरों ने फंसे घायलों को बाहर निकलवाकर एंबुलेंस से सीएचसी पहुंचाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद सभी को रेफर कर दिया गया।

घायलों की पहचान बरेली के कसवा बहेड़ी के मोहल्ला महमूद पुर निवासी शहनवाज 26, अल्तमश 18, इलमा 15, सभा 15, समन 18 और इरम 26 के रूप में हुई है।घायलों के भाई दानिश ने बताया कि उनका परिवार पिता अतीक अहमद और माता तहसीन समेत रिश्तेदारों जयबून निशा , कासिफ और नूर समन को लखनऊ एयरपोर्ट हज यात्रा के लिए छोड़कर वापस बहेड़ी लौट रहा था। इसी दौरान गलत दिशा से आ रहे ट्रक ने उनकी कार को टक्कर मार दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और हादसे की जांच शुरू कर दी है।

# मिर्जापुर में शातिर अपराधी अवैध असलाह सहित गिरफ्तार




**मिर्जापुर (शाहजहांपुर)।** पुलिस ने क्षेत्र में अपराध नियंत्रण और वांछित अपराधियों की धरपकड़ अभियान के दौरान ग्राम खगिया नगला में एक शातिर अपराधी रामू उर्फ रामशंकर निवासी ग्राम बड़ी सरैया को एक अदद 315 बोर तमंचा व कारतूस सहित गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया है।

थाना प्रभारी सोनी शुक्ला ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर थाने के एसआई संदीप कुमार ने हमराह पुलिसकर्मियों के साथ बताए गए स्थान पर छापेमारी कर हत्या,आर्म्स एक्ट,आबकारी एक्ट सहित कई मामलों में जेल जा चुके रामू उर्फ रामशंकर पुत्र रामआसरे निवासी ग्राम बड़ी सरैया को दबोचकर जामा तलाशी ली। जामा तलाशी में उसके कब्जे से एक अदद तमंचा व एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ।

# अस्मिता खेलो इंडिया प्रतियोगिता का आयोजन

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।**



महिला खिलाड़ियों को प्रोत्साहन एवं मंच व खेल के अवसर प्रदान करने को भारत सरकार द्वारा अस्मिता खेलो इंडिया प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इसी के तहत युवा ओर खेल मंत्रालय भारत सरकार एवं भारतीय खेल प्राधिकरण व उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ के संयुक्त तत्वाधान में जिला ओलंपिक संघ शाहजहाँपुर द्वारा दूंन इंटरनेशनल स्कूल के साथ वूमैन हैंडबाल एव बॉलीबॉल लीग का आयोजन दिनाँक 25 अप्रैल व 27 अप्रैल को दून इंटरनेशनल स्कूल शाहजहाँपुर में कराया जा रहा है इस प्रतियोगिता के सम्बंध में जिला ओलंपिक संघ के सचिव नरेंद्र कुमार त्यागी द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि अस्मिता खेलो इंडिया के तहत जिला ओलम्पिक संघ को बालिका हैंडबाल एवं बॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन कराने की जिम्मेदारी उत्तरप्रदेश ओलम्पिक संघ के महासचिव आनंदेश्वर पांडेय जी द्वारा दी गयी है शाहजहाँपुर के दून इंटरनेशनल स्कूल में 25 अप्रैल की हैंडबाल व 27 अप्रैल को बॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा जिसमे सीनियर वर्ग की बालिका खिलाड़ियों हैंडबाल हेतु 7 सदस्यीय व बॉलीबॉल हेतु 6 सदस्यीय टीमें प्रतिभाग कर सकती है विजेता उपविजेता टीम की खिलाड़ियों को मैडल, सर्टिफिकेट व टीशर्ट एव प्रतिभाग करने वाली सभी टीमों की प्रत्येक खिलाड़ी को सर्टिफिकेट मिलेंगे इस प्रतियोगिता में प्रवेश निशुल्क है अध्यक्ष विनय गुप्ता ने बताया कि अस्मिता खेलो इंडिया बॉलीबॉल ओर हैंडबाल प्रतियोगिता हेतु सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गयी है यह शाहजहापुर के खिलाड़ियों के लिए बहुत सुनहरा अवसर है। प्रतिभाग करने वाली टीम अपना आधार एव विद्यालय का प्रमाणपत्र अवश्य लाये एव महासचिव नरेंद्र त्यागी व अध्यक्ष विनय गुप्ता से अथवा दून स्कूल में संपर्क कर सकती है बैठक में विनयगुप्ता, नरेंद्रत्यागी, रविन्द्रसर, मयंकमिश्रा, अन्नूत्यागी, योगेंद्रत्यागी, सुमनमैम दीक्षा आदि रहे।

# पूर्व विधायक दल सिंह यादव का जीवन युवाओं के लिए बना प्रेरणा स्रोत

**शैलेन्द्र पाण्डेय**



▸ क्षेत्रवासियों के लिए उनका विधायक कार्यकाल रहा स्वर्णिम काल

मिर्ज़ापुर (शाहजहांपुर) जलालाबाद क्षेत्र से दो बार जनसंघ की टिकट पर विधायक रहे 88 वर्षीय दल सिंह यादव,किसी परिचय के मोहताज नहीं हैं। इनका विधायक कार्यकाल स्वर्णिम काल कहा जाता है। मिर्ज़ापुर कलान क्षेत्र को गंगा की बाढ़ से बचाव के लिए भैंसार बांध का प्रस्ताव विधायक दल सिंह यादव ने ही अपने कार्यकाल में सरकार को दिया था।

पूर्व विधायक दल सिंह यादव 88 वर्ष की आयु में भी पूरी यह स्वस्थ एवं चुस्त दुरुस्त हैं। वे अपने स्वास्थ्य का राज व्यसन मुक्त जीवन और नियमित दिनचर्या, रहन, सहन, खान, पान बताते हैं। आज की युवापीढ़ी को उनसे लम्बी आयु तक स्वस्थ रहने की प्रेरणा लेनी चाहिए। वे सात्विक जीवन यापन के साथ ही इस उम्र में भी किसी उम्र के ब्राह्मण और संत महात्माओं का सम्मान करने में कभी पीछे नहीं रहते है। अक्सर लोग कहते हैं कि पत्नी और पुत्रों का बिछोह इंसान को तोड़ देता है। किंतु पूर्व विधायक श्री यादव की पत्नी का लगभग 20 वर्ष पहले और पुत्र जितेंद्र यादव उर्फ जीते व ज्येष्ठ पुत्र सुरेंद्र सिंह यादव की असमय मृत्यु भी इनके धैर्य और साहस को तोड़ नहीं सकी। वे जीवन मृत्यु को प्रकृति की देन मानते हैं। एक बहुत ही साधारण किसान परिवार में जन्में पूर्व विधायक श्री दल सिंह यादव ने तब कृषि विज्ञान से बीएससी ऑनर्स और एलएलबी की शिक्षा ग्रहण की थी,जब गंगा रामगंगा के क्षेत्र में स्कूल कालेज नहीं थे। शायद इसीलिए उन्होंने क्षेत्र में शिक्षा के लिए स्कूल कालेज खोलकर युवापीढ़ी को शिक्षा के प्रति जागृत किया। अपनी योग्यता, सद्व्यवहार और कार्य कुशलता से वे पहली बार वर्ष 1967 से 69 तक और फिर वर्ष 1974 में हुए मध्यावधि विधानसभा चुनाव में दूसरी बार जनसंघ की टिकट पर विधायक 1977तक विधायक रहे थे। पूर्व विधायक का कार्यकाल स्वर्णिम युग कहा जाता था। यह जो गंगा के किनारे बना भैंसार बांध इसका पहला प्रस्ताव माननीय विधायक दल सिंह यादव ने ही शासन को दिया था। विधायक दल सिंह के कार्यकाल में भ्रष्ट पुलिसकर्मी उनके नाम से थर थर कांपते थे। एकबार विधायक दल सिंह यादव ने मिर्ज़ापुर थाने में एक भ्रष्ट पुलिसकर्मी को कान पकड़कर सार्वजनिक रूप से माफी मंगवाई थी। सहकारिता की राजनिति में महारथ पूर्व विधायक दल सिंह यादव कई बार जिला सहकारी बैंक के चेयरमैन और उत्तर प्रदेश को-ऑपरेटिव फेडरेशन के अध्यक्ष भी रहे। शिक्षा के क्षेत्र में उनका विशेष योगदान रहा। उन्होंने मिर्ज़ापुर में अपने पिता श्री गोपाल सिंह की यादगार में इंटर कालेज और अल्हागंज में विवेकानंद इंटर कालेज की स्थापना की। शासकीय सहायता प्राप्त दोनों विद्यालयों की प्रबंध समिति के वे आज भी प्रबंधक/अध्यक्ष हैं। पूर्व विधायक के अब दो पुत्र वीरेन्द्रपाल सिंह यादव और नरेंद्रपाल सिंह यादव रह गए हैं। बड़े पुत्र वीरेन्द्रपाल सिंह यादव शासकीय सहायता प्राप्त स्कूल में प्रधानाध्यापक हैं। जबकि छोटे पुत्र नरेंदपाल सिंह यादव की पत्नी प्राथमिक स्कूल में सहायक अध्यापक हैं। पूर्व विधायक के बड़े भाई शेर सिंह यादव खेतीबाड़ी करते थे। जबकि छोटे भाई रनवीर सिंह यादव पुलिस इंस्पेक्टर थे। इंस्पेक्टर रनवीर सिंह के रिटायरमेंट के बाद उनके पुत्र शुभम यादव पहले ही प्रयास में लगभग दो वर्ष पहले पीसीएस परीक्षा उत्तीर्ण कर एसडीएम बने हैं। जबकि इनकी एक बेटी डेंटिस्ट और एक बेटी शिक्षक पद पर कार्यरत हैं। आज की युवापीढ़ी को पूर्व विधायक श्री दल सिंह यादव के सद्विचारों, आचरण, रहन, सहन, खान, पान, योग साधना आदि से लम्बे और स्वस्थ जीवन की प्रेरणा लेनी चाहिए।

# शासन से नामित पांच सभासदों को एसडीएम ने दिलाई शपथ

▸ शपथ ग्रहण में कार्यक्रम में सभासद सतेंद्र सिंह लचर व्यवस्था को लेकर जमकर बरसे
▸ चेयरपर्सन हजारा बेगम ने भी किया पलट बार

**तिलहर-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



नगर पालिका प्रांगण में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में अव्यवस्थाओं के बीच एसडीएम जीत सिंह राय ने चेयरपर्सन हाजरा बेगम व ईओ सत्येंद्र प्रकाश के सानिध्य में शासन से नामित दो महिलाओं समेत पांच सभासदों को शपथ दिलाई। इस मौके पर भाजपा के वरिष्ठ जनों व कार्यकर्ताओं को तैयारी में जुटा देखकर निर्वाचित भाजपा सभासद ने खासी नाराजगी जताई। इस पर चेयरपर्सन ने भी पलटवार किया। जिसे देख सभी हतप्रभ रह गए।

गुरुवार को अपरान्ह साढ़े तीन बजे नगर पालिका प्रांगण में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में एसडीएम ने नामित सभासद सविता रानी, विमलेश, पवन कुमार, आशीष शर्मा व सेठी कश्यप को शपथ दिलाई।

कार्यक्रम में उस समय हंगामा खडा हो गया। जब निर्वाचित सभासद सत्येंद्र सिंह को डायस पर बुलाया गया। उन्होंने तल्ख लहजे में कहा कि जिस तरह से नगर पालिका में जीत कर आए सभासदों का अपमान करते हुए उन्हें बैठने तक की जगह मुहैया नहीं कराई गई। वहीं उन्होंने देखा कि जिन लोगों की बदौलत आज भाजपा सत्ता तक पहुंची है। ऐसे कार्यकर्ता भी नगर पालिका के द्वारा आधी अधूरी तैयारियों में खुद ही जुट कर मंच सजाते नजर आए जिसे देखकर उन्हें आत्मिक कष्ट हुआ है।सभासद ने कहा कि जनपद की अन्य नगर पालिका और नगर पंचायतों में शपथ ग्रहण का कार्यक्रम भव्यता से आयोजित किया गया जबकि यहां पर सिर्फ खानापूर्ति होती दिखाई दे रही है। उन्होंने कहा जिस तरह का सम्मान सभासदों को दिया गया यदि अधिशासी अधिकारी और पालिका अध्यक्ष को दिया गया होता तो वह लोग अब तक यहां से चले गए होते।हम जमीन पर बैठकर भी जनता के लिए काम करेंगे। इस पर पलट बार करते हुए चेयरपर्सन हाजरा बेगम ने कहा की यही तिलहर है जो उनके सामने बदला है। उन्होंने कहा कि अगर कोई उंगली उठेगी तो उठाने वाले पर भी उंगली उठाई जाएगी। अब सीमा बर्दाश्त से बाहर हो गई है। एसडीएम जीत सिंह राय ने सभासद और पालिका अध्यक्ष के तेवरों पर नरमी दिखाते हुए कहा कि सभी को संयम सौम्य भाषा का पालन करना चाहिए और यदि कोई समस्या है तो बैठ कर बात से हल निकालना चाहिए। इस तरह सार्वजनिक चर्चा नहीं होनी चाहिए। कार्यक्रम में पूर्व चेयरमैन वरिष्ठ भाजपा नेता देवेंद्र गुप्ता, सुशील बाबू गुप्ता, कमलेश गुप्ता पप्पू, अरुण यादव चैनू व्यापारमंडल अध्यक्ष सौरभ गुप्ता रवि, राहुल देव सागर एडवोकेट, आशुतोष शर्मा के अलावा निर्वाचित सभासदों में अभिषेक सिंह, संदीप रस्तोगी, दिलीप सक्सेना, हितेश गुप्ता, कुमार गौरव, परविंदर सिंह, अकरम पाला, क्यूम खान के अलावा पालिका स्टाफ मौजूद रहा।

# नाबालिग से दुष्कर्म व धमकी का सनसनीखेज मामला
# खुदागंज पुलिस की कार्रवाई, 24 घंटे में दो बाल अपचारी दबोचे

**खुदागंज, शाहजहाँपुर, समृद्धि न्यूज़।**

थाना खुदागंज क्षेत्र में नाबालिग के साथ हुए जघन्य कृत्य और जानलेवा धमकी के मामले में पुलिस ने बेहद तेज और सख्त रुख अपनाते हुए महज 24 घंटे के भीतर बड़ा खुलासा कर दिया। खुदागंज पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो बाल अपचारियों को पकड़कर पूरे मामले का पर्दाफाश कर दिया है, जिससे इलाके में पुलिस की कार्यशैली की जोरदार चर्चा हो रही है। बताया जा रहा है कि 22 अप्रैल को पीड़ित पक्ष ने थाना खुदागंज पहुंचकर एक गंभीर शिकायत दर्ज कराई थी। आरोप था कि वादी के नाबालिग भाई के साथ दो बाल अपचारियों ने जबरन अप्राकृतिक कृत्य किया और घटना उजागर करने पर जान से मारने की धमकी दी। इतना ही नहीं, आरोपियों ने घटना का वीडियो वायरल करने की धमकी देकर पीड़ित को भयभीत करने की कोशिश की।

**तुरंत हरकत में आई पुलिस, नहीं दी आरोपियों को संभलने की मोहलतः** मामले की गंभीरता को भांपते हुए खुदागंज पुलिस ने तत्काल संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। तकनीकी साक्ष्यों, गहन विवेचना और मुखबिर की सटीक सूचना के आधार पर पुलिस ने 23 अप्रैल को कमलापुर पुलिया मंदिर के पास चिरचिरा मार्ग से दोनों बाल अपचारियों को दबोच लिया।

**थानाध्यक्ष के नेतृत्व में दिखी सख्त कार्यशैलीः** पूरी कार्रवाई थाना खुदागंज के प्रभारी निरीक्षक के नेतृत्व में अंजाम दी गई, जहां पुलिस टीम ने तेजी, सूझबूझ और पेशेवर अंदाज का बेहतरीन उदाहरण पेश किया। जिस तेजी से आरोपियों तक पहुंच बनाकर उन्हें हिरासत में लिया गया, वह पुलिस की सक्रियता और अपराध के प्रति जीरो टॉलरेंस नीति को दर्शाता है।

**कानूनी प्रक्रिया का सख्ती से पालनः** पुलिस ने दोनों बाल अपचारियों को नियमानुसार शिशु गृह में रखा है और किशोर न्याय अधिनियम के तहत पूरी प्रक्रिया अपनाई जा रही है। उन्हें किशोर न्याय बोर्ड, शाहजहाँपुर के समक्ष पेश करने की कार्रवाई जारी है।

इलाके में बना चर्चा का विषय, पुलिस की सराहनाः इस त्वरित और प्रभावी कार्रवाई के बाद क्षेत्र में खुदागंज पुलिस की जमकर सराहना हो रही है। लोगों का कहना है कि पुलिस की इसी तरह की सख्ती से अपराधियों में डर और आमजन में विश्वास बना रहता है।

**संदेश साफः अपराधियों के लिए कोई रियायत नहींः** शाहजहाँपुर पुलिस ने साफ कर दिया है कि महिलाओं और बच्चों से जुड़े अपराधों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। ऐसे मामलों में त्वरित, कठोर और निर्णायक कार्रवाई जारी रहेगी, ताकि कानून का राज कायम रहे और समाज सुरक्षित महसूस करे।

## डीजे बजाने को लेकर विवाद तीन लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज

**कांट, शाहजहांपुर।** थाना क्षेत्र के गांव इमलिया निवासी शरदवीर ने पुलिस को तहरीर देकर बताया मंगलवार को समय करीब रात 10 बजे मेरे परिवार के रविन्द्रपाल के लड़के की शादी की पार्टी में मेरी जगह मे लगाकर डीजे बज रहा था मेरे परिवार की महिलाये वहां पर बेठी थी तभी मेरे ही गांव के कृष्णवीर यादव, आकाश यादव रमेश शराब पीकर आये और डीजे पर गाना यादव जी को सईया बना लीजिए बजवाने लगे मैने गाना बजाने से मना किया इसी बात पर मुझे गन्दी गन्दी गालिया देकर चले गये। उसके बाद मै अपने मकान के पीछे लघुशंका करने गया तभी वही पर उक्त तीनो लोग मुझे लाठी डन्डो से मारपीट करने लगे और जान से मारने की धमकी देकर भाग गये। प्रभारी निरीक्षक राकेश मौर्य ने बताया तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# हाईवे पर स्ट्रीट लाइट लगाने को लेकर विधायक ने जिलाधिकारी को लिखा पत्र

**कांट, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



ददरौल विधायक अरविंद सिंह ने जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह को पत्र देकर अवगत कराया की 136 विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत बरेली मोड़ से कांट टाउन एरिया सीमा तक निर्माणाधीन फोर लेन हाईवे पर स्ट्रीट लाइटे लगाये जाए बरेली मोड़ से कांट टाउन एरिया सीमा तक निर्माणाधीन फोर लेन हाईवे पर डिवाइडर स्ट्रीट लाइटे लगाये जाने की आवश्यकता है क्योंकि फोर लेन पर दर्जनों विकसित कालोनियां, इसके साथ-साथ मार्ग पर कई दर्जन इण्डस्ट्री के साथ-साथ इण्डस्ट्रीयल एरिया, खाद फैक्ट्री मेडिकल कॉलेज तथा विकास खण्ड, टाउन एरिया, जी.टी.आई. कई विद्यालय है तथा हर 1 से 02 किमी. गांवों को जाने वाले कट है जिससे आये दिन दुर्घटनायें घटित हो जाती हैं इसी फोर लेन से ही गंगा एक्सप्रेस-वे का उतार चढ़ाव मेरी विधानसभा से पुरेना के बाद है जब गंगा एक्सप्रेसवे प्रारम्भ हो जायेगा तो कई जिलो के लिये आने वाले एकमात्र फोर लेन है जब मार्ग और ट्रैफिक बढेगा जिससे दुर्घटनायें न हो और रात्रि के समय

पूर्ण अधकार के कारण वाहन चालकों की दृष्टता नही मिल पाती, जिससे आये दिन गंभीर सड़क दुर्घटनाओं की पुनरावृति न हो और महिला श्रमिको और राहगीर सुरक्षित रहे। इसके साथ-साथ मार्ग से ही सावन माह में 1 माह में लाखों की संख्या में कावड़ यात्री निकलते है और अधिक इण्टस्ट्री होने के कारण दुर्घटनायें की सम्भवना रहती है। निर्माणाधीन फोर लेन बरेली मोड़ से कांट टाउन एरिया सीमा तक डिवाइडर पर स्ट्रीट लाइटें लगवाई जाए।

# साइकिल से ट्यूशन पढ़ाने जा रहे 68 वर्षीय शिक्षक की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत, अज्ञात बाइक सवार फरार



**बंडा, शाहजहांपुर।** बंडा-पूरनपुर नेशनल हाईवे पर एक दर्दनाक सड़क हादसे में 68 वर्षीय वृद्ध शिक्षक की मौत हो गई। वे अपनी साइकिल से छात्रों को ट्यूशन पढ़ाने जा रहे थे, तभी एक अज्ञात बाइक सवार ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। घटना के बाद आरोपी बाइक सवार मौके से फरार हो गया। बंडी गांव निवासी अजयपाल सिंह (68) पेशे से शिक्षक थे और सुनसीरनाथ इंटर कॉलेज में अपनी सेवाएं दे चुके थे। रोजाना की तरह वे गुरुवार को अपनी साइकिल से गांव हसनापुर स्थित खिंडा फार्म पर ट्यूशन पढ़ाने के लिए निकले थे। बंडा-पूरनपुर नेशनल हाईवे पर पूरनपुर की ओर से आ रहे एक अज्ञात बाइक सवार ने उनकी साइकिल में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि उनकी घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई। हादसे के बाद राहगीरों ने तुरंत पुलिस और एंबुलेंस को घटना की सूचना दी। मौके पर पहुंची एंबुलेंस ने उन्हें बंडा के सरकारी अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। उनकी मृत्यु की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। उनके पांच पुत्र-सर्वेश, सुभाष, सुनील, सुशील और नवलकिशोर का रो-रोकर बुरा हाल है। अजयपाल सिंह के निधन की सूचना मिलते ही सुनसीरनाथ इंटर कॉलेज परिवार और उनके पूर्व छात्रों में शोक की लहर दौड़ गई। विद्यालय प्रबंधन और स्टाफ कर्मियों ने उनके निधन पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए इसे अपूरणीय क्षति बताया है। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस संबंध में थाना प्रभारी प्रदीप कुमार राय ने बताया कि अज्ञात बाइक सवार की तलाश की जा रही है, तहरीर मिलने के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के जरिए आरोपी की पहचान करने का प्रयास कर रही है।

# तीन साल, एक अधूरा पुल और खुदागंज की बेहाल जनता

**खुदागंज, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।**



विकास का पहिया जब थमता है, तो जनता की मुश्किलें किस कदर बढ़ जाती हैं, इसका जीता-जागता उदाहरण खुदागंज क्षेत्र का ग्राम कसरक है। यहाँ बन रहा ओवरब्रिज अब विकास का प्रतीक नहीं, बल्कि सरकारी लेटलतीफी और बदइंतजामी का स्मारक बन चुका है। तीन साल बीत जाने के बाद भी यह निर्माण कार्य अधूरा है, जिसका खामियाजा हजारों लोग अपनी जेब और सेहत दोनों से भुगत रहे हैं। लाइफलाइन पर लगा ब्रेक कसरक में बन रहा यह ओवरब्रिज कोई साधारण पुल नहीं है। यह कटरा नगर को खुदागंज से जोड़ने वाली मुख्य धमनी है, जो आगे जाकर पीलीभीत को जोड़ती है। तीन साल पहले जब इसका काम शुरू हुआ था, तो क्षेत्र के लोगों को उम्मीद थी कि जल्द ही यातायात सुगम होगा। लेकिन हकीकत इसके उलट है-आज तीन साल बाद भी रास्ता बंद है और जनता हर दिन सजा काटने को मजबूर है। 8 से 10 किलोमीटर का अतिरिक्त चक्कर और जर्जर रास्ते पुल का निर्माण कार्य अधूरा होने के कारण लोगों को कटरा जाने के लिए कसरक से हुलास नगरा होकर जाना पड़ता है। इस वैकल्पिक मार्ग की स्थिति भी बदतर है-

**दूरी की मार-** लोगों को लगभग 8 से 10 किलोमीटर का लंबा फेर (अतिरिक्त चक्कर) लगाना पड़ रहा है।

**जनता के तीखे सवाल**

खुदागंज की जनता आज शासन-प्रशासन से कुछ बुनियादी सवाल पूछ रही है। दीपक राठौर ने बताया कि तीन साल में भी एक पुल का काम पूरा क्यों नहीं हो पाया। तालिब खान ने बताया कि वैकल्पिक मार्ग (हुलास नगरा मार्ग) की मरम्मत क्यों नहीं की गई।पप्पू सिंह ने बताया कि क्या यह सिर्फ वादों का पुल है जो कभी जमीन पर नहीं उतरेगा। खुदागंज की जनता आज भी उस दिन के इंतजार में है जब यह ब्रिज चालू होगा और उन्हें धूल, जाम और इस लंबी दूरी के फेर से मुक्ति मिलेगी। प्रशासन को चाहिए कि वह इस मामले को संज्ञान में लेकर युद्ध स्तर पर काम पूरा कराए, ताकि जनता को इस सजा से राहत मिल सके।

**ध्वस्त सड़कें-** हुलास नगरा मार्ग पूरी तरह से टूट चुका है, जिससे सफर न केवल लंबा बल्कि जोखिम भरा भी हो गया है। **समय और ईंधन की बर्बादी-** लंबे रास्ते और खराब सड़कों के कारण समय और पैसे की भारी बर्बादी हो रही है। बुजुर्गों और मरीजों पर भारी पड़ रही लापरवाही इस बदइंतजामी की सबसे बड़ी कीमत बुजुर्ग और बीमार लोग चुका रहे हैं। इमरजेंसी की स्थिति में मरीजों को अस्पताल ले जाना एक बड़ी चुनौती बन गया है। उबड़-खाबड़ रास्तों और लंबे चक्कर के कारण मरीजों की जान पर बन आती है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि प्रशासन की इस सुस्ती ने सामान्य जीवन को नरक बना दिया है।

# हाईस्कूल में तीन छात्र प्रथम स्थान पर, इंटर में विशाल बने जिला टॉपर

**जनपद की बेटियों का भी शानदार प्रदर्शन**

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।**

गुरुवार को शाम चार बजे यूपी बोर्ड का रिजल्ट घोषित किया गया। जोकि किसी उत्सव से कम नहीं रहा था। हाईस्कूल और इंटरमीडिएटदोनों परीक्षाओं में जिले के होनहार छात्रों ने शानदार प्रदर्शन कर यह साबित कर दिया कि छोटे शहरों में भी बड़े सपनों को साकार करने का जज्बा होता है। हाईस्कूल 2026 में इस बार कड़ा मुकाबला देखने को मिला, जहां तीन छात्रों ने संयुक्त रूप से पहला स्थान हासिल किया। भूमि सिंह सेठ सियाराम इंटर कॉलेज, जलालाबाद 94.33, समीर भारद्वाज एसकेएसवीएम इंटर कॉलेज, एम नगर 94.33 और सत्यदेव श्री महेंद्र पाल सिंह शांति देवी इंटर कॉलेज, जैतीपुर 94.33 अंक पाकर जिले का नाम रोशन किया। दूसरे स्थान पर अनामिका शाक्य 559 अंक और तीसरे स्थान पर शीतल 558 अंक रहीं। टॉप-10 सूची में अनन्या सिंह, प्रज्ञा द्विवेदी, वैभव मिश्रा, सक्षम देव और अन्य छात्रों ने भी शानदार प्रदर्शन किया।

**इंटरमीडिएट में हरदोई के विशाल बने जिला टॉपर:** इंटरमीडिएट 2026 में विशाल एमआर देवी मेमोरियल इंटर कॉलेज, चिलौआ ने 459/500 अंक (91.80%) हासिल कर पहला स्थान प्राप्त किया। यह पड़ोसी जनपद हरदोई के ब्लाक भरखनी के द्वार नगला के रहने वाले हैं। दूसरे स्थान पर हिमांशु सिंह 458 अंक और तीसरे स्थान पर अवनीश 455 अंक) रहे। चौथे स्थान पर स्मृति त्रिवेदी ने भी 455 अंक हासिल कर अपनी जगह बनाई। टॉप-10 में राज भारद्वाज, रिया, अभिनव मिश्रा, सगुन सिंह, श्रेया यादव, शिबू सलमानी और दृष्टि गुप्ता जैसे छात्रों ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।




"यूपी बोर्ड परीक्षा में उतीर्ण सभी परीक्षार्थियों को बहुत बहुत शुभकामनाएं है। जिन छात्रों के नंबर कम रह गए हैं, वह हताश निराश न हो। यह जीवन में अंतिम मौका नहीं है, इसलिए और मेहनत कर मुकाम हासिल करें। एक बार पुनः सभी को बधाईयां और उज्जवल भविष्य की कामना करता हूं।"
-हरिवंश कुमार, डीआईओएस

## बेटियों ने दिखाया दमखम

जनपद में इस बार हाईस्कूल और इंटरमीडिएट दोनों परीक्षाओं में छात्राओं ने भी शानदार प्रदर्शन किया। हाईस्कूल में भूमि सिंह, अनामिका शाक्य, शीतल और अनन्या सिंह, प्रज्ञा द्विवेदी ने टॉपटेन सूची में जगह बनाई। वहीं बात अगर इंटरमीडियट की करे तो इसमें स्मृति त्रिवेदी, रिया, सगुन सिंह, श्रेया यादव और दृष्टि गुप्ता ने बेटियों ने दमखम दिखाया है।

## ग्रामीण प्रतिभाओं ने किया कमाल

दोनों परीक्षाओं की टॉप-10 सूची में बड़ी संख्या में ग्रामीण और कस्बाई क्षेत्रों के छात्र शामिल रहे। सीमित संसाधनों के बावजूद इन छात्रों ने कड़ी मेहनत के दम पर यह मुकाम हासिल किया, जो अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा बन गया है।

## स्कूलों और घरों में जश्न का माहौल

रिजल्ट घोषित होते ही स्कूलों में मिठाई बांटी गई और छात्रों का जोरदार स्वागत हुआ। अभिभावकों ने बच्चों की सफलता पर गर्व जताया, वहीं शिक्षकों ने इसे अनुशासन और नियमित अध्ययन का परिणाम बताया।

### जनपद के टॉपर्स

**इण्टरमीडिएट में टॉप 10**

| | |
|---|---|
| विशाल | -91.80 प्रतिशत |
| हिमांशु सिंह | -91.60 प्रतिशत |
| अवनीश | -91.00 प्रतिशत |
| स्मृति त्रिवेदी | -91.00 प्रतिशत |
| राज भारद्वाज | -89.60 प्रतिशत |
| रिया | -89.40 प्रतिशत |
| अभिनव मिश्रा | -89.20 प्रतिशत |
| शगुन सिंह | -88.60 प्रतिशत |
| श्रेया यादव | -88.60 प्रतिशत |
| शिबु | -88.40 प्रतिशत |
| दृष्टि गुप्ता | -88.00 प्रतिशत |
| अंश मिश्रा | -87.90 प्रतिशत |

**हाईस्कूल में टाप 10**

| | |
|---|---|
| भूमि सिंह | -94.33 प्रतिशत |
| समीर भारद्वाज | -94.33 प्रतिशत |
| सत्यदेव | -94.33 प्रतिशत |
| अनामिका शाक्य | -93.17 प्रतिशत |
| शीतल | -93 प्रतिशत |
| वैभव मिश्रा | -92.83 प्रतिशत |
| सपिल कुमार | -92.83 प्रतिशत |
| अनन्या सिंह | -92.67 प्रतिशत |
| सक्षम देव | -92.67 प्रतिशत |
| प्रज्ञा द्विवेदी | -92.33 प्रतिशत |
| राम पाण्डेय | -92.17 प्रतिशत |

## इंटरमीडिएट के टॉपर विशाल बनेंगे इंजीनियर, विधायक से सड़क बनवाने की मांग



शाहजहांपुर में इंटरमीडिएट परीक्षा में अल्हागंज के चिलौआ गांव स्थित एमआर देवी मेमोरियल इंटर कॉलेज में 91.80 फीसदी अंक पाकर शाहजहांपुर व हरदोई जनपद के नाम रोशन करने वाले विशाल दीक्षित सफलता से काफी गदगद है, उनका कहना है कि वह पड़ोसी जनपद हरदोई की ब्लाक भरखनी के गांव द्वार नगला के रहने वाले हैं।वही से साईकिल से रोजाना वह अपने कालेज चिलौआ 5 किलोमीटर दूर आते थे। पढ़ाई को कभी अपने ऊपर हावी नहीं होने दिया और जो भी पढ़ा मन से पढ़ा। जिस सड़क से वह कालेज आते थे, वह काफी जर्जर हो चुकी है। जिस कारण बारिश के समय में उनकी साईकिल कीचड़ में गिर जाती थी और कपड़े भी खराब हो जाते थे। विशाल बताते हैं कि सड़क बनने के पीछे कारण यह है कि वह सड़क शाहजहांपुर व हरदोई जनपद की बार्डर में आती है, जिस कारण शाहजहांपुर जनपद का जो हिस्सा है, वह नहीं बना है। कालेज आने वाले अन्य बच्चों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने जलालाबाद विधायक हरिप्रकाश वर्मा से मांग कि वह उक्त सड़क पर ध्यान दे। पढ़ने वाले बच्चों को बहुत दिक्कते आती है। विशाल ने बताया कि पिता अखिलेश दीक्षित किसान व माता बोवी गृहणी है,चार भाई बहने है।पढ़ाई के साथ साथ क्रिकेट खेलने का शौक रखते हैं।

## अखिल मिश्रा का जिला टॉप टेन में आठवां स्थान



**पुवाया शाहजहांपुर।** माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाई स्कूल के जिला टॉप 10 में नगर के सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के छात्र अखिलेश कुमार मिश्रा ने अपनी मौजूदगी दर्ज कर अपने स्कूल एवं अपने माता-पिता का मान बढ़ाया। अखिलेश कुमार मिश्रा ने 92 प्रतिशत अंक हासिल कर जिले के दस में मेधावियों में आठवां स्थान प्राप्त किया और स्कूल टॉप किया। अखिलेश मिश्रा गांव डूंडा नकुमपुर के रहने वाले हैं। छात्र के माता राजकुमारी एवं पिता राजकमल मिश्रा ने अखिलेश की सफलता का श्रेय उनके गुरुजनों को दिया। वही स्कूल में छात्र अर्पित कुमार ने 91.5% अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान तथा अर्चित कुमार ने 91% अंक प्राप्त कर स्कूल में तृतीय स्थान प्राप्त किया। तो वहीं इंटरमीडिएट में स्कूल की छात्रा अंजली देवी ने 85.6% अंक प्राप्त कर स्कूल में प्रथम, दीपांशु ने 79.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय तथा अभय प्रताप सिंह ने 78.8 अंक पर प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य राजपाल सिंह एवं स्कूल प्रबंधन द्वारा मेधावी बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

## अग्रिमा ने 86 प्रतिशत अंक प्राप्त कर किया कॉलेज टॉप

**पुवायां शाहजहांपुर।** यूपी बोर्ड की 12 वीं बायोलॉजी की परीक्षा में 86% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली पुवायां इंटर कॉलेज की छात्रा अग्रिम गुप्ता ने 500 में से 431 अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। नगर के मोहल्ला गढ़ी छावनी, निकट कबीरदान मन्दिर निवासी अग्रिम की मां रेशु गुप्ता एक ग्रहणी है उनके पिता सोनू गुप्ता व्यवसायी है। उनकी मां रेशू गुप्ता ने बताया कि बचपन से ही होनहार छात्रा रही अग्रिमा गुप्ता बायोटेक इंजीनियर बनकर देश सेवा करना चाहती हैं।

## अंश ने इंटर में किया स्कूल टॉप

**सिधौली (शाहजहांपुर)।** क्षेत्र के बड़ेला गांव निवासी छात्र अंश मिश्रा ने इंटरमीडिएट परीक्षा में 87.90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपने विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया है। उनकी इस उपलब्धि से परिवार, विद्यालय और गांव में खुशी का माहौल है। अंश मिश्रा ईडन पब्लिक इंटर कॉलेज, कोरोकुइया के छात्र हैं। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, गुरुजनों और निरंतर मेहनत को दिया है। अंश के पिता पवन कुमार मिश्रा और माता शिखा मिश्रा ने बेटे की इस उपलब्धि पर गर्व व्यक्त करते हुए कहा कि अंश शुरू से ही पढ़ाई के प्रति गंभीर रहा है और नियमित रूप से मेहनत करता रहा है। विद्यालय के प्रबंधक आसिफ अली ने बताया कि अंश मिश्रा ने न केवल विद्यालय का नाम रोशन किया है, बल्कि अन्य छात्रों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बने हैं। उन्होंने कहा कि अंश की सफलता यह साबित करती है कि लगन और मेहनत से कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। अंश मिश्रा की इस उपलब्धि पर गांव के लोगों ने भी खुशी जताई और उनके उज्वल भविष्य की कामना की। अंश आगे चलकर उच्च शिक्षा प्राप्त कर अपने परिवार और क्षेत्र का नाम और ऊंचा करना चाहते हैं।

## हाईस्कूल टॉपर बिटिया बनेगी आईएएस



**शाहजहांपुर।** जनपद में हाईस्कूल की परीक्षा में 94.33 फीसदी अंक पाकर प्रथम स्थान पाने वाली जलालाबाद तहसील के गांव गुड़वा की भूमि सिंह अपनी सफलता पर खुशी मना रही है। उनका कहना है कि इस सफलता के पीछे मेरी पढ़ाई के साथ साथ माता पिता-गुरुजनों का विशेष योगदान रहा। हर पग पग मार्गदर्शन मिलता रहा और आज उसी की बदौलत कुछ मुकाम पाया है। पिता तरुण प्रताप सिंह किसान व माता सिम्मी सिंह हाउसवाइफ है। भूमि ने बताया कि रोजाना 7-8 घंटे पढ़ाई की। पढ़ाई के साथ साथ पेंटिंग बनाने का भी शौक रखती है। चार भाई बहनें है, भूमि का कहना है कि वह आगे चलकर आईएएस अफसर बनेगी। उन्होंने अध्यापक छत्रपाल व प्रधानाचार्य मीनू शंखधार का आभार जताया। भूमि जलालाबाद के सेठ सियाराम इंटर कॉलेज में रोजाना गांव से छह किलोमीटर साईकिल चलाकर पढ़ने आती थी।उन्होंने कहा कि जिन बच्चों के नंबर कम रह गए हैं, वह निराश न हो।जिंदगी बहुत मौके देती है।

## माही का सपना, सुप्रीम कोर्ट में करूगी वकालत



**शाहजहांपुर।** शहर के खिरनीबाग मोहल्ले की रहने वाली माही सक्सेना ने आर्य कन्या इंटर कॉलेज कटिया टोला से हाईस्कूल परीक्षा में 82.66 फीसदी अंक पाए हैं। उन्होंने पांच से छह घंटे रोजाना पढ़ाई की है। माही का कहना है कि इस सफलता के पीछे उनकी मां पिंकी, बाबा -दादी व शिक्षिकाओं का योगदान रहा। वह अब आगे चलकर सुप्रीम कोर्ट दिल्ली में वकालत करेगी। इसके लिए वह इंटर की पढ़ाई के बाद एलएलबी करेगी।

# खबरें एक नजर में

## दो पक्षों में चले लाठी-डंडे, 15 लोग घायल

**तिलहर, शाहजहांपुर।** मामूली विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर लाठी डंडे एवं बांका चलने से दोनों पक्षों की ओर से 15 लोग लहूलुहान हो गए। दोनों पक्षों के लोगों ने पुलिस को तहरीर दी है। वापुलिस ने सभी का मेडिकल परीक्षण कराया है। कोतवाली क्षेत्र के गांव सुनौरा अजमतपुर के वेदराम ने बताया कि 22 अप्रैल की रात वह अपने भतीजे राजू के साथ बग्गर में बैठे थे। इसी दौरान गांव के रामकरण से मामूली कहासुनी हो गई थी जिसको लोगों ने रफा दफा करा दिया था। उन्होंने बताया कि 23 अप्रैल की सुबह लगभग 6 बजे रामकरण अपने अन्य साथियों के साथ आया और गाली गलौज करने लगा। आरोप है कि जब उसने विरोध किया तो रामकरण, शीशपाल, विजेंद्र, सुरेंद्र, मोरपाल, विजय प्रताप, जसकरण आदि ने बांका और लोहे की सरिया से उन लोगों के परिवार पर हमला कर दिया। हमले में वेदराम, राजेश, रामवीर, जितेंद्र, मुकेश, मुरारी, सुनीता, राजू घायल हो गए। उधर दूसरे पक्ष के रामकरण ने बताया कि गुरुवार की सुबह वह अपने घर के बाहर बैठे हुए थे। आरोप है कि वेदराम, राजेश, आशीष, जितेंद्र, सत्यपाल, जिलेदार, हेमराज आदि ने उनके परिवार के ऊपर जानलेवा हमला कर दिया जिसमें कई लोग घायल हो गए। कोतवाल जुगुल किशोर पाल ने बताया कि घायलों का मेडिकल कराया गया है। मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

## मारपीट की तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**सिधौली (शाहजहांपुर)।** थाना सिधौली क्षेत्र में मारपीट का मामला सामने आया है, जिसमें पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। गांव आयूं निवासी छ्यलू ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि गांव के ही दामोदर, मनोज और बी.पी. ने उनके घर के सामने दीवार खड़ी कर दी, जिससे उनका दरवाजा बंद हो गया। इस बात का विरोध करने पर आरोपियों ने गाली-गलौज शुरू कर दी। पीड़ित के अनुसार, विरोध करने पर तीनों आरोपियों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया, जिससे उसके सिर में गंभीर चोट आई और शरीर पर कई जगह गुम चोटें आई हैं। घटना के बाद पीड़ित ने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई, जिस पर पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए तीनों आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया।

## किसान के यहां नकब लगाकर हजारों की नकदी, सोने-चांदी के जेवर लेकर चोर फरार, पुलिस तलाश में जुटी



**रोजा, शाहजहांपुर।** क्षेत्र के गुर्री गांव में बुधवार की देर रात अज्ञात चोरों ने एक ग्रामीण के मकान में नकब लगाकर हजारों रूपए की नकदी व सोने चांदी के जेवरात चुराकर फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। फिलहाल शाम तक पुलिस को चोरी की तहरीर नहीं मिली थी। क्षेत्र के गुर्री निवासी विनोद कुमार पुत्र ओमपाल बुधवार की रात खाना खाने के बाद अपने परिवार के साथ घर के आंगन में सो गया। देर रात अज्ञात चोरों ने घर के पीछे बने कमरें की दीवार में नकब लगाकर कमरें में घुस गए और बक्से व अलमारी का ताला तोड़कर उसमें रखी उनसठ हजार रूपए की नकदी, व सोने व चांदी के जेवरात चुराकर फरार हो गए। गुरूवार की तड़के सुबह जब विनोद किसी काम से कमरें में जाने को हुए तो दरवाजे में अंदर से कुंडी लगी होने पर उसका माथा ठनका और मकान के पीछे जाकर देखा तो उसके होश उड़ गए। मकान की पिछली दीवार में नकब देखकर उसने पुलिस को सूचना दी। नकब लगाकर चोरी की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी राजीव कुमार व फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंच गई। थाना प्रभारी राजीव कुमार ने बताया कि विनोद का मकान खेतों के बीच में हैं। अज्ञात चोरों ने नकब लगाकर चोरी की हैं। शाम तक तहरीर नहीं मिली हैं, फिलहाल चोरी के खुलासे के लिये टीम को लगाया गया हैं। जल्द खुलासा कर लिया जायेगा।

## नकली जेवर गिरवी रखने आए युवकों में एक पकड़ा गया

**तिलहर-शाहजहांपुर।** नकली चांदी के जेवर गिरवी रखकर ठगी करने आए चार युवकों में से एक को पुलिस ने मौके से पकड़ लिया। जबकि उसके तीन साथी फरार हो जाने में सफल रहे। पुलिस पकड़े गए युवक से पूछताछ कर फरार आरोपियों की तलाश में जुट गई है। नगर के एक सर्राफा व्यापारी के यहां बीते दिन चार युवक चांदी के जेवर गिरवी रखने पहुंचे थे। व्यापारी को शक हुआ तो उसने जेवर को चेक किए जो नकली थे। इस पर डायल 112 पुलिस को बुलाया गया। व्यापारी के तेवर देख गिरवी रखने आए युवकों को कुछ शक हो गया। और तीन युवक दुकान से एक-एक कर खिसक लिए। चौथा युवक निकालने की फिराक में था तब यह पुलिस आ गई और उसे पकड़ लिया। पुलिस ने युवक के पास से बरामद चांदी के जेवरों को कब्जे में ले लिया और कोतवाली पुलिस के हवाले कर दिया। पकड़े गए युवक ने बताया कि जो तीन लोग फरार हो गए हैं वह उसके मिलने वाले हैं और उन्होंने अपनी जान पहचान की दुकान पर गिरवी डालने की बात कही थी। इस पर ही वह अपने मिलने वाले की दुकान पर उनकी गिरवी रखवाने गया था उसे नहीं पता था कि जेवरात नकली है। कोतवाल जुगल किशोर पाल ने बताया कि फरार आरोपियों की पहचान हो गई है। जो शीघ्र पुलिस के कब्जे में होंगे। आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।



## पूर्व मंत्री राममूर्ति की पुण्यतिथि पर जनप्रतिनिधियों ने की पुष्पांजलि

**शाहजहांपुर।** पूर्व मंत्री राममूर्ति की पुण्यतिथि पर मैसर्स राजेश कोल्ड स्टोरेज पर स्थित उनकी स्मृति स्थल पर पुष्पांजलि अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि एवं नमन किया। इस कार्यक्रम में वित्त मंत्री, एमएलसी डा.सुरेश कुमार खन्ना, एमएलसी डा. सुधीर गुप्ता, विधायक वीर विक्रम सिंह, जिला अध्यक्ष केसी मिश्रा, अजय प्रताप सिंह यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधि व गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# खरीफ फसलों के लिए बीज बुकिंग प्रक्रिया शुरू

**सिधौली, शाहजहांपुर।** खरीफ सीजन की तैयारी के बीच किसानों के लिए राहत भरी खबर है। कृषि विभाग ने खरीफ फसलों के लिए बीज बुकिंग प्रक्रिया शुरू कर दी है। अब किसान घर बैठे ही अपनी जरूरत के अनुसार बीज ऑनलाइन बुक कर सकते हैं। यह सुविधा 22 अप्रैल से शुरू हो चुकी है, जिससे किसानों को समय पर गुणवत्तापूर्ण बीज उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी।एडीओ कृषि विजेंद्र कुमार ने बताया कि इच्छुक किसान उत्तर प्रदेश सरकार की आधिकारिक कृषि वेबसाइट पर जाकर अपनी पसंद के बीज का चयन कर सकते हैं। वेबसाइट पर खरीफ सीजन में बोई जाने वाली विभिन्न फसलों के बीज उपलब्ध हैं, जिन्हें किसान अपनी आवश्यकता और भूमि के अनुसार चुन सकते हैं। उन्होंने किसानों से अपील की है कि वे समय रहते अपनी बुकिंग सुनिश्चित कर लें, ताकि बुवाई के समय किसी प्रकार की परेशानी न हो। ऑनलाइन बुकिंग के दौरान किसानों को अपना पूरा पता और आवश्यक जानकारी भरनी होगी। इस पहल से पारदर्शिता बढ़ेगी और किसानों को उचित दरों पर प्रमाणित बीज मिल सकेंगे।

# ट्रेनिंग में लापरवाही व अनावश्यक ड्यूटी कटवाने वाले पर दर्ज होगा मुकदमा: एडीएम

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।**



तहसील कलान में जनगणना 2027 की ट्रेनिंग के अंतिम बैच का आयोजन किया गया।जिसका निरीक्षण एडीएम वित्त एवं जिला जनगणना अधिकारी द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने नगर पंचायत कलान एवं ग्रामीण क्षेत्र के अंतिम बैच में चल रहे प्रशिक्षण का जायजा लिया।जनपद में 21 चार्ज ऑफिसर स्तर पर विभिन्न तहसीलों, नगर पंचायतों, नगर निगम एवं कैंटोनमेंट बोर्ड क्षेत्रों में जनगणना प्रशिक्षण संचालित किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण तीन चरणों में आयोजित किया जा रहा है, जिसमें प्रथम चरण 15, 16 एवं 17 अप्रैल, द्वितीय चरण 20, 21 एवं 22 अप्रैल तथा तृतीय चरण 23, 24 एवं 25 अप्रैल को आयोजित किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान एडीएम ने जनगणना कार्यप्रणाली की समीक्षा की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि जनगणना कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण एवं राष्ट्रीय महत्व का दायित्व है, जिसे पूरी गंभीरता और निष्ठा के साथ संपादित किया जाना आवश्यक है।

उन्होंने यह भी कहा कि जो कर्मचारी प्रशिक्षण अथवा ड्यूटी के दौरान लापरवाही बरत रहे हैं या अनावश्यक रूप से अपनी ड्यूटी कटवाने का प्रयास कर रहे हैं, उनके विरुद्ध जनगणना अधिनियम 1948 के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही, ऐसे कर्मचारियों का पंजीकरण कराते हुए विधिक प्रक्रिया अपनाई जाएगी। इसी दौरान यह भी अवगत कराया गया कि जनगणना कार्य से जुड़े कार्मिकों को निर्धारित मानदेय प्रदान किया जाएगा। जनगणना कार्य संपादित करने पर लगभग 25,000 रुपये तक का मानदेय दिया जाएगा, जबकि प्रशिक्षण में प्रतिभाग करने वाले इन्यूमरेटर एवं सुपरवाइजर को 400 रुपये प्रतिदिन के हिसाब से प्रशिक्षण अवधि का मानदेय दिया गया तथा उनके प्रशिक्षण के दौरान चाय-नाश्ता एवं लंच की व्यवस्था भी की गई। एडीएम ने सभी संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि वे समय से उपस्थित होकर प्रशिक्षण को गंभीरता से लें, ताकि आगामी जनगणना कार्य को सफलतापूर्वक एवं त्रुटिरहित ढंग से संपन्न कराया जा सके। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिला प्रशासन ने सभी कार्मिकों से अपील की है कि वे जनगणना जैसे महत्वपूर्ण कार्य को प्राथमिकता दें और अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी ईमानदारी एवं जिम्मेदारी के साथ करें।

# हमारी शक्ति हमारा गृह थीम पर पौधारोपण और संगोष्ठी




**शाहजहांपुर।** वन एवं वन्य जीव प्रभाव शाहजहांपुर द्वारा कल सायंकाल कार्यालय परिसर में विश्व पृथ्वी दिवस का धूमधाम से आयोजन किया गया। इस वर्ष की थीम हमारी शक्ति हमारा गृह के अनुरूप कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण, वृक्षारोपण और जलवायु परिवर्तन से निपटने पर विशेष जोर दिया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रभागीय वन अधिकारी श्री सचिन कुमार ने विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण कर कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि पृथ्वी हमारी शक्ति है और इसे हमारा गृह बनाने का दायित्व हम सभी का है। कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण के रूप में कार्यालय परिसर में एक विस्तृत संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें क्षेत्रीय वन अधिकारी शत्रुघ्न प्रसाद सहित डिवीज़न के समस्त अधिकारी, कर्मचारीगण तथा स्थानीय पर्यावरण प्रेमी उपस्थित रहे। संगोष्ठी में वक्ताओं ने हमारी शक्ति हमारा गृह थीम के तहत प्लास्टिक प्रदूषण की समस्या, नमामि गंगे अभियान के अंतर्गत जल संरक्षण के प्रयासों, वन्यजीव संरक्षण तथा स्थानीय स्तर पर वृक्षारोपण अभियानों पर विचार-विमर्श किया। विशेषज्ञों ने जल गुणवत्ता संकेतकों, मिट्टी संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण तथा सतत विकास लक्ष्यों के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का सुचारू संचालन जिला गंगा समिति में कार्यरत जिला परियोजना अधिकारी डॉ. विनय सक्सेना द्वारा किया गया। उन्होंने सभी उपस्थितजनों को पर्यावरण के प्रति जागरूक रहने तथा दैनिक जीवन में प्लास्टिक का उपयोग कम करने का संकल्प दिलाया। इस अवसर पर प्रतिभागियों ने सामूहिक रूप से दृण संकल्प अभियान चलाया, जिसमें अगले एक वर्ष में कम से कम 10 पौधे लगाने एवं पर्यावरण संरक्षण के अनुकूल व्यवहार परिवर्तन लाने का वचन दिया। कार्यक्रम का समापन पृथ्वी संरक्षण शपथ के साथ हुआ, जो पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। वन एवं वन्य जीव प्रभाव शाहजहांपुर कार्यालय लगातार ऐसे आयोजनों के माध्यम से जन जागरूकता फैला रहा है, जो न केवल स्थानीय स्तर पर पर्यावरण को मजबूत करते हैं बल्कि राष्ट्रीय स्तर के अभियानों जैसे ग्रीन इंडिया मिशन, स्वच्छता मिशन, वृहद वृक्षारोपण मिशन, नमामि गंगे आदि को भी बल प्रदान करते हैं।


## कार्यालय नगर पंचायत खुटार, जनपद शाहजहाँपुर

पत्रांक /SBM(U)/न.पं.खु./वर्ष 2025-26 दिनांक 22.04.2026

**खुले में शौच मुक्त ++ (ODF++) घोषित किये जाने की सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि "स्वच्छ भारत मिशन (नगरीय)" के नगर पंचायत खुटार के 01 से 12 तक समस्त वार्डों को पूर्व में ही खुले में शौच मुक्त + (ODF+) घोषित किया जा चुका है। जिसके उपरान्त नगर के समस्त सम्मानित नागरिकों के बहुमूल्य प्रयासों से यह निकाय 01 से 12 तक समस्त वार्डों को (ODF++) से सम्बन्धित समस्त मानकों (लक्ष्य के अनुरूप सी.टी./पी.टी. शौचालायों का निर्माण पूर्ण कराया जा चुका है) को पूरा कर चुकी है और निकाय के 01 से 12 तक समस्त वार्डो को (ODF++) घोषित करते हुए दिनांक 07 अप्रैल 2026 को दैनिक समृद्धि न्यूज समाचार पत्र में विज्ञापन प्रकाशित कराकर आपत्ति/सुझाव 07 दिवस के भीतर मांगे गये थे, जिसके उपरान्त नगर पंचायत खुटार जनपद शाहजहांपुर को निर्धारित समयावधि के भीतर कोई भी आपत्ति एवं सुझाव प्राप्त नहीं हुए है।

अतः आज दिनांक 22.04.2026 को नगर पंचायत खुटार जनपद शाहजहांपुर के 01 से 12 तक समस्त वार्डों को (ODF++) घोषित किया जाता है। और आज दिनांक 22.04.2026 से यदि कोई नागरिक निकाय क्षेत्रान्तर्गत खुले में शौच व मूत्र करते हुए पाया जाता है, तो उस व्यक्ति को 500 रू. अर्थदण्ड का भुगतान करना होगा।

कल्पना शर्मा
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत खुटार शाहजहाँपुर।

मैना देवी
अध्यक्ष
नगर पंचायत खुटार शाहजहाँपुर।

## कार्यालय नगर पंचायत खुटार, जनपद शाहजहाँपुर

पत्रांक /SBM(U)/न.पं.खु./वर्ष 2025-26 दिनांक 22.04.2026

**1 स्टार (*Star) गार्बेज फ्री सिटी घोषित किये जाने के सम्बन्ध में सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत खुटार में स्वच्छ भारत मिशन नगरीय के अंतर्गत समस्त 12 वार्डों को गार्बेज फ्री सिटी (1 Star) घोषित किया जाना है। नगर पंचायत खुटार तथाा नगर के सम्मानित नागरिकों के बहुमूल्य प्रयासों से गार्बेज फ्री सिटी 1 स्टार घोषित किये जाने सम्बन्धी सूचना का प्रकाशन दिनांक 07 अप्रैल 2026 को दैनिक समृद्धि न्यूज समाचार पत्र में विज्ञापन प्रकाशित कर आपित्त/सुझाव 07 दिवस के भीतर मांगे गये थे। जो कि आज दिनांक 22.04.2026 तक कोई आपित्त/सुझाव प्राप्त नहीं हुये है।

अतः आज दिनांक 22.04.2026 को नगर पंचायत खुटार जनपद शाहजहांपुर को गार्बेज फ्री सिटी (1 Star) (* Star) घोषित किया जाता है। और आज दिनांक 22.04.2026 से यदि कोई नागरिक निकाय क्षेत्रान्तर्गत खुले में कचरा डालता हुआ पाया जाता है, तो उस व्यक्ति को 500 रू. अर्थदण्ड का भुगतान करना होगा।

कल्पना शर्मा
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत खुटार शाहजहाँपुर।

मैना देवी
अध्यक्ष
नगर पंचायत खुटार शाहजहाँपुर।

# झुलसती जिंदगी

एक वैश्विक संस्था एक्यूआई.इन के हालिया आंकड़ों से यह परेशान करने वाली तस्वीर उभरी है कि दुनिया के सबसे गर्म बीस शहरों में 19 भारत के हैं। निस्संदेह, जलवायु परिवर्तन बढ़ते तापमान का मुख्य कारक है, लेकिन पर्यावरण संरक्षण के प्रति सरकारों व आम नागरिकों की उदासीनता भी इसके मूल में है। घटता वनों का दायरा और हमारी जीवनशैली में बदलाव से बढ़ता कार्बन उत्सर्जन भी बढ़ते तापमान का एक कारक बन रहा है। सबसे बड़ी चिंता की बात यह है कि पिछले कुछ दिनों तक बारिश के बाद लोग अप्रैल माह में भी ठंड का अनुभव कर रहे थे। उसके कुछ ही दिन बाद तुरंत लू चलने लगी। यह अचानक होने वाला मौसमी बदलाव हमारे स्वास्थ्य के लिए बेहद घातक है। तमाम लोग अचानक मौसमी बदलाव से उत्पन्न बीमारियों का शिकार हो रहे हैं। गंगा के किनारे बसे उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में देश का सबसे ज्यादा 44.4 तापमान दर्ज किया जाना गंभीर स्थिति को दर्शाता है। चिंता की बात यह है कि गर्मी सामान्य सीमाओं को पार करके आगे बढ़ रही है। मौसम विभाग चेता रहा है कि देश के कई इलाकों में आगामी दिनों में लू की स्थिति बनी रहेगी। कई जगह पारा 43 डिग्री तक पहुंच सकता है। दरअसल, मौसम विभाग का मानक है कि जब तापमान 40 डिग्री सेल्सियस को पार कर जाता है तो इसे लू चलना कहा जाता है। फिक्र की बात यह है कि अप्रैल के चौथे सप्ताह में ही देश के कई शहर हीटवेव की सीमा से आगे बढ़ गए हैं। देश में बिहार, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, ओडिशा आदि राज्य इस तपिश का सामना कर रहे हैं। यहां तक कि पहली बार मध्यप्रदेश में रात को हीटवेव चलने की चेतावनी दी गई है। गर्मी का आलम यह है कि देश के कई राज्यों में स्कूलों के समय में बदलाव किया गया है। दिल्ली के स्कूलों में एक समय अवधि घंटी बजाकर छात्रों को डिहाइड्रेशन से बचने के लिए जागरूक किया जाएगा ताकि वे पानी पीकर गर्मी की चुनौती का मुकाबला करें। गर्मी के बढ़ते प्रकोप के मद्देनजर देश के तमाम राज्यों में जीवन रक्षा के उपाय किए जा रहे हैं। कई जगह श्रमिकों के दिन में कुछ घंटों में काम करने पर रोक लगायी गई है। महाराष्ट्र व छत्तीसगढ़ में ट्रैफिक पुलिस की ड्यूटी का समय बदला गया है। तमाम शहरों में लू के अलर्ट जारी किए जा रहे हैं। कई जगह ट्रैफिक सिग्नल बंद किए गए ताकि लोगों को चौराहों पर धूप में खड़ा न रहना पड़े। सड़कों, बस स्टेशनों तथा रेलवे स्टेशनों में पानी की फुहार के जरिये गर्मी से राहत देने के प्रयास किए जा रहे हैं। ताजमहल देखने पहुंचे कई पर्यटकों के बेहोश होने के समाचार हैं। गर्मी के चलते राजस्थान के कई पर्यटक स्थलों में पर्यटकों की संख्या में गिरावट के संकेत हैं। आशंका जताई जा रही है कि इस सप्ताह दिल्ली में तापमान 45 डिग्री तक पहुंच सकता है। बहरहाल, इन तमाम चिंताओं के बीच प्रश्न यह है कि अप्रत्याशित गर्मी क्यों बढ़ रही है। दरअसल, अप्रैल माह में प्री-मानसून हीट पीरियड के चलते जमीन पर पड़ने वाली तेज धूप गर्मी का एक कारण है। बताया जाता है कि हिमालयी क्षेत्रों में कम बर्फबारी भी गर्मी बढ़ने का एक कारक है। वहीं समुद्री सतह के गर्म होने से भी गर्मी का असर तेज हो रहा है। फलतः वातावरण में ठंडक लाने वाली हवाएं व सिस्टम कमजोर होने से, वे ही गर्मी बढ़ाने का काम कर रहे हैं। वहीं शुष्क हवाएं बादल बनने में अवरोध पैदा करके बारिश की संभावना को कम कर दे रही हैं। निश्चित रूप से यह जलवायु परिवर्तन के प्रभाव की भी देन है। यह वर्तमान ही नहीं, भविष्य में भी और तापमान बढ़ने की चिंता भी दर्शाता है। आशंका है कि भविष्य में तापमान में तीव्रता और बार-बार हीटवेव चलने की स्थिति बढ़ सकती है। हाल-फिलहाल मानसून से पहले की फुहारों के कोई लक्षण नजर नहीं आ रहे हैं, जिसका मतलब है कि जल्दी बारिश न होने से इस माह के बाकी दिनों में भी हमें गर्मी की तपिश झेलने को मजबूर होना पड़ेगा।

# रोजगार की गारंटी से ग्रामीण समृद्धि : उत्तर प्रदेश की बदलती तस्वीर

*बी० एल० यादव*

ग्रामीण भारत की अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करने और गरीब परिवारों को सम्मानजनक आजीविका सुनिश्चित करने का उद्देश्य लेकर शुरू की गई महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) देश की सबसे बड़ी जनकल्याणकारी योजनाओं में से एक है। इस योजना का मूल उद्देश्य प्रत्येक ग्रामीण परिवार को वित्तीय वर्ष में कम से कम 100 दिन का अकुशल शारीरिक रोजगार उपलब्ध कराना, गरीबी और बेरोजगारी को कम करना तथा गांवों में स्थायी परिसंपत्तियों का निर्माण कर समग्र विकास को गति देना है। यह न केवल एक रोजगार योजना है, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में जल संरक्षण, भूमि विकास, वनरोपण, ग्रामीण कनेक्टिविटी और सामाजिक समावेशन जैसी बहुआयामी विकास प्रक्रियाओं का माध्यम भी बन गई है।

उत्तर प्रदेश, जो भारत का सबसे बड़ा राज्य है और जहां पर अधिकतर आबादी ग्रामीण क्षेत्रों में रहती है, इस दृष्टि से मनरेगा का विशेष महत्व है। राज्य की विशाल ग्रामीण आबादी, कृषि पर निर्भरता और मौसमी बेरोजगारी को देखते हुए यह योजना लाखों परिवारों के लिए जीवन रेखा साबित हुई है। वर्ष 2017 से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में और उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के मार्गदर्शन में योजना के क्रियान्वयन में उल्लेखनीय सुधार देखने को मिला है। प्रशासनिक इच्छाशक्ति, पारदर्शिता, डिजिटल निगरानी और फर्जीवाड़े पर सख्ती ने योजना को नई दिशा दी है।

मनरेगा का ऐतिहासिक संदर्भ और उत्तर प्रदेश में स्थिति

मनरेगा की अवधारणा गरीबी उन्मूलन और ग्रामीण विकास को मजबूत करने की रही है। शुरूआती वर्षों में योजना में कई चुनौतियां थीं, जैसे भुगतान में देरी, फर्जी जॉब कार्ड, कम गुणवत्ता वाले कार्य और प्रशासनिक शिथिलता। 2008-09 से 2016-17 तक के नौ वर्षों में उत्तर प्रदेश में 100 दिन का गारंटीड रोजगार प्राप्त करने वाले परिवारों की संख्या मात्र 18 लाख के आसपास थी। यह आंकड़ा योजना की क्षमता और वास्तविक जरूरत के बीच अंतर को दर्शाता था।

प्रदेश के वर्तमान सरकार के कार्यकाल 2017-18 से 2025-26 तक के पिछले नौ वर्षों में स्थिति में काफी बदलाव आया। इन वर्षों में 34 लाख से अधिक ग्रामीण परिवारों को 100 दिन का गारंटीड रोजगार उपलब्ध कराया गया, जो पिछले नौ वर्षों की तुलना में लगभग दोगुनी वृद्धि है। यह वृद्धि बेहतर प्रशासनिक प्रबंधन, समयबद्ध भुगतान और प्रभावी निगरानी का परिणाम है। राज्य सरकार ने योजना को प्राथमिकता दी और इसे ग्रामीण विकास की मुख्य धारा से जोड़ा। विभिन्न रिपोर्टों और सरकारी आंकड़ों के अनुसार, उत्तर प्रदेश कई बार 100 दिन रोजगार उपलब्ध कराने में देश के अग्रणी राज्यों में शामिल रहा है। मानव दिवस सृजन तथा धनराशि व्यय में उत्तर प्रदेश, देश में प्रथम स्थान पर है। उदाहरण के लिए, 2024-25 में राज्य ने इस क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रदर्शन किया जो मनरेगा के इतिहास में सर्वाधिक (कोरोना काल को छोड़कर) रहा, जहां 6 लाख से अधिक परिवारों को लाभ मिला है। 2025-26 में 100 दिन पूर्ण करने वाले परिवारों की संख्या में भागीदारी और परिसंपत्ति निर्माण में निरंतरता बनी रही। कुल मिलाकर, योजना ने बेरोजगारी कम करने और स्थानीय रोजगार सृजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।



**तकनीकी सुधार और पारदर्शिता में प्रदेश सरकार की पहलः-** प्रदेश सरकार ने मनरेगा के क्रियान्वयन में डिजिटल क्रांति लाई। मजदूरी भुगतान को पूरी तरह डिजिटल और डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डी.बी.टी.) से जोड़ा गया, जिससे श्रमिकों को सीधे उनके बैंक खातों में पैसा पहुंचता है। इससे भुगतान में देरी कम हुई और फर्जीवाड़ा लगभग समाप्त हो गया। पहले के वर्षों में भुगतान संबंधी शिकायतें आम थीं, लेकिन अब एनएमएमएस ऐप, जियो-टैगिंग जैसी तकनीकों से कार्यों की गुणवत्ता और उपस्थिति की जांच आसान हो गई है।

फर्जी जॉब कार्ड और बोगस अटेंडेंस पर सख्त कार्रवाई की गई। सिटिजन इंफॉर्मेशन बोर्ड हर कार्य स्थल पर लगाए जाते हैं, ताकि स्थानीय लोग योजना की जानकारी रख सकें। सोशल ऑडिट को मजबूत किया गया और शिकायत निवारण तंत्र को समयबद्ध बनाया गया। इन सुधारों का परिणाम यह हुआ कि योजना का लाभ वास्तविक पात्रों-खासकर गरीब, दलित, आदिवासी और महिलाओं तक पहुंचा। राज्य सरकार की सक्रिय निगरानी ने सुनिश्चित किया गया है कि रोजगार की मांग पर 15 दिनों के अंदर कार्य उपलब्ध हो और संबंधित मजदूर को मजदूरी समय पर मिले।

**परिसंपत्ति निर्माण : ग्रामीण बुनियादी ढांचे का विकासः-** मनरेगा केवल रोजगार नहीं, बल्कि स्थायी परिसंपत्तियों का निर्माण भी करती है। उत्तर प्रदेश में इन नौ वर्षों में आंतरिक सड़क निर्माण, तालाबों का पुनर्जीवन, जल संरक्षण संरचनाएं, वृक्षारोपण, आंगनवाड़ी केंद्र, स्वच्छता संबंधी कार्य और भूमि विकास जैसे हजारों उपयोगी प्रोजेक्ट पूरे किए गए। अमृत सरोवर योजना से जल संरक्षण कार्यों में विशेष जोर दिया गया, जिससे सूखा प्रभावित क्षेत्रों में पानी की उपलब्धता बढ़ी और कृषि उत्पादकता में सुधार हुआ।

मनरेगा के तहत इन 09 वर्षों में गाँवों के चकरोडों, आम आवागमन के रास्तों को खड़ंजा आदि निर्माण कराया गया इससे ग्रामीण कनेक्टिविटी के नए रास्ते बने और गांवों की बाजारों से जुड़ाव मजबूत हुआ। तालाबों की खुदाई और पुराने जल स्रोतों का जीर्णोद्धार करने से जलसंचयन, वाटर रिचार्ज सिंचाई सुविधा बढ़ी और मछली पालन जैसे सहायक व्यवसायों को बढ़ावा मिला। वृक्षारोपण से पर्यावरण संरक्षण हुआ और गांवों में हरियाली बढ़ी। इन परिसंपत्तियों ने न केवल स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूत किया, बल्कि दीर्घकालिक विकास की नींव भी रखी। मनरेगा के तहत बनी परिसंपत्तियां भूमि मूल्य बढ़ाने, फसल पैटर्न बदलने और जल स्तर सुधारने में सहायक साबित हुई हैं, जिससे ग्रामीण स्तर पर खुशहाली आई है।

**महिलाओं का सशक्तिकरण : आत्मनिर्भरता की नई कहानीः-** मनरेगा के अंतर्गत ग्रामीण महिलाओं के सशक्तिकरण में क्रांतिकारी परिवर्तन हुए हैं। राज्य में महिलाओं की भागीदारी लगातार बढ़ी है। कई वर्षों से यह 40 प्रतिशत से अधिक रही। 2024-25 में महिलाओं की भागीदारी 42 प्रतिशत तक पहुंच गई। महिलाएं न केवल मजदूरी से रुपया कमाती हैं, बल्कि परिवार की आय बढ़ाने और निर्णय लेने में भी सक्रिय भूमिका निभा रही हैं।

**पलायन नियंत्रण और ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर प्रभावः-** मनरेगा ने मौसमी बेरोजगारी को कम कर ग्रामीण युवाओं और मजदूरों के शहरों की ओर पलायन को रोका है। पहले कृषि ऑफ-सीजन में मजदूर शहरों में काम की तलाश में चले जाते थे, लेकिन अब गांव में ही 100 दिन का काम मिलने से शहरों की ओर का पलायन रूका है। इससे गांवों में स्थानीय अर्थव्यवस्था सक्रिय हुई दुकानें, परिवहन और छोटे व्यवसाय बढ़े हैं।

प्रदेश में इस, योजना से जुड़े परिवारों की आय में वृद्धि हुई, बचत बढ़ी और बच्चों की शिक्षा-स्वास्थ्य पर खर्च बढ़ा। जल संरक्षण और भूमि विकास से कृषि आय भी प्रभावित हुई। कुल मिलाकर, मनरेगा ने ग्रामीण गरीबी घटाने और समावेशी विकास में योगदान दिया।

**भविष्य की दिशा : विकसित भारत-जी राम जी अधिनियमः-** मनरेगा की सफलता को आगे ले जाते हुए केंद्र सरकार ने 2025 में विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) लाया, जिसे ''विकसित भारत-जी राम जी'' के रूप में भी जाना जाता है। इस नए अधिनियम में रोजगार की गारंटी 100 दिन से बढ़ाकर 125 दिन कर दी गई है। साथ ही, बेरोजगारी भत्ता के प्रावधान मजबूत किए गए हैं, मजदूरी भुगतान साप्ताहिक या अधिकतम 15 दिनों में सुनिश्चित करने और देरी पर मुआवजा का प्रावधान जोड़ा गया है।

नए अधिनियम में प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन, कृषि से जुड़े कार्य, आपदा प्रबंधन और फ्लड कंट्रोल जैसे क्षेत्रों पर फोकस किया गया है। प्रदेश सरकार इस अधिनियम को पूरे जोर से लागू करने की तैयारी में है, ताकि ग्रामीण श्रमिकों का जीवन स्तर और बेहतर हो सके। यह कदम विकसित भारत/2047 की परिकल्पना से जुड़ा है, जहां ग्रामीण क्षेत्र आत्मनिर्भर और समृद्ध बनेंगे।

मनरेगा आज केवल रोजगार योजना नहीं रही, बल्कि ग्रामीण उत्तर प्रदेश के सशक्तिकरण का प्रतीक बन चुकी है। हर हाथ को काम, हर परिवार को सम्मान के संकल्प को साकार करते हुए यह योजना बेरोजगारी कम कर रही है, महिलाओं को सशक्त बना रही है, सामाजिक न्याय सुनिश्चित कर रही है और स्थायी विकास की नींव रख रही है। योगी सरकार के प्रयासों से योजना में पारदर्शिता और प्रभावशीलता बढ़ी है, जो लाखों परिवारों के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला रही है।

विकसित भारत-जी राम जी अधिनियम के साथ यह यात्रा नई ऊंचाइयों को छूने वाली है। जब ग्रामीण भारत समृद्ध होगा, तभी विकसित भारत का सपना साकार होगा। उत्तर प्रदेश इस बदलाव का अग्रदूत बनकर आत्मनिर्भर भारत की दिशा में मजबूत कदम बढ़ा रहा है। लाखों ग्रामीण परिवारों की कहानियां-जिनमें एक महिला मजदूर की आत्मनिर्भरता, एक किसान का बेहतर फसल या एक गांव का जुड़ाव-इस योजना की सच्ची सफलता हैं।

## विचार

# डिजिटल क्रांति व एआई के दौर में स्याही से पिक्सल तक बदलती हिंदी पत्रकारिता



*अजय कुमार*

हिंदी पत्रकारिता का इतिहास गवाह है कि इसने हमेशा समाज की धड़कनों को शब्दों के जरिए कागज़ पर उतारा है, लेकिन पिछले एक दशक में इस सफर ने जो मोड़ लिया है, वह किसी महाकाव्य के अध्याय बदलने जैसा है। कल तक सुबह के अखबार की दस्तक और चाय की चुस्की के साथ शुरू होने वाला सूचनाओं का सिलसिला अब अंगूठे के एक स्वाइप पर सिमट गया है। प्रिंट मीडिया, जो कभी सत्ता के गलियारों में हलचल पैदा करने का इकलौता जरिया था, आज डिजिटल और वीडियो प्लेटफॉर्म्स की सुनामी के बीच अपनी जमीन बचाने और खुद को नए सांचे में ढालने की जद्दोजहद कर रहा है। यह बदलाव केवल तकनीक का नहीं है, बल्कि यह पत्रकारिता के मिजाज, उसकी भाषा और सबसे महत्वपूर्ण, उसके सरोकारों के बदलने की कहानी है।

जब हम प्रिंट से डिजिटल और फिर यूट्यूब के इस त्रिकोणीय सफर को देखते हैं, तो आंकड़ों की जुबानी इस बदलाव की भयावहता और भव्यता दोनों समझ आती है। एक दौर था जब हिंदी के प्रमुख अखबारों की प्रसार संख्या करोड़ों में हुआ करती थी, लेकिन हालिया वर्षों में डिजिटल फर्स्ट के मंत्र ने इस समीकरण को उलट दिया है। आज भारत में इंटरनेट उपभोक्ताओं की संख्या 80 करोड़ के पार पहुंच चुकी है, जिनमें से एक बड़ा हिस्सा अपनी खबरों के लिए केवल सोशल मीडिया और यूट्यूब पर निर्भर है। प्रिंट के दौर में डेडलाइन का एक अनुशासन था। संपादक के पास समय होता था कि वह खबर की तह तक जाए, उसे परखे और फिर पाठकों के सामने परोसे। लेकिन आज के ब्रेकिंग न्यूज और वायरल कल्चर ने उस ठहराव को छीन लिया है। डिजिटल प्लेटफॉर्म्स ने खबर की रफ्तार को तो पंख लगा दिए, लेकिन इस रफ्तार में कहीं न कहीं वह गहराई पीछे छूट गई जो कभी हिंदी लेखनी की पहचान हुआ करती थी।

इस संक्रमण काल में सबसे अधिक प्रभावित हुई है पत्रकारिता की भाषा और उसका अर्थशास्त्र। जो हिंदी कभी साहित्यिक मर्यादाओं और व्याकरण की शुचिता से बंधी थी, वह अब क्लिक पाने की मजबूरी में हिंग्लिश और बोलचाल की सरलता की ओर झुक गई है। डिजिटल स्क्रीन पर पाठक की एकाग्रता का समय (अटेंशन स्पैन) मात्र 8 से 12 सेकंड रह गया है, इसलिए अब लंबे विश्लेषणों की जगह इनफोग्राफिक्स और शॉर्ट्स ने ले ली है। यूट्यूब जैसे मंचों ने तो पत्रकारिता के व्याकरण को ही उलट दिया है। यहाँ अब एंकरऔर संवाददाता के बीच की लकीर मिट गई है। हर वह व्यक्ति जिसके पास कैमरा और इंटरनेट है, वह खुद को एक मीडिया संस्थान के रूप में पेश कर रहा है। इससे एक ओर तो मुख्यधारा के मीडिया से छूटे हुए मुद्दे सामने आए हैं, लेकिन दूसरी ओर सतही ज्ञान और सनसनी का एक ऐसा बाजार सज गया है जिसने गंभीर विमर्श को हाशिए पर धकेल दिया है।

अब इस परिदृश्य में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का प्रवेश एक नए और चुनौतीपूर्ण युग की आहट है। न्यूज़हॉल के भीतर अब एआई केवल डेटा विश्लेषण तक सीमित नहीं है, बल्कि यह खबरों को लिखने, अनुवाद करने और यहाँ तक कि न्यूज़ एंकरिंग तक में दखल दे रहा है। एआई ने पत्रकारिता की कार्यक्षमता को तो कई गुना बढ़ा दिया है, लेकिन इसके साथ ही इसने मानवीय संवेदना और




नैतिकतो पर बड़े सवाल खड़े कर दिए हैं। जब एक मशीन खबर लिखती है, तो वह तथ्यों को जोड़ तो सकती है, लेकिन वह उस मानवीय पीड़ा को शब्द नहीं दे सकती जो एक रिपोर्टर मौके पर महसूस करता है। एआई का सबसे खतरनाक प्रभाव डीपफेक के रूप में सामने आ रहा है, जहाँ 70 प्रतिशत से अधिक उपयोगकर्ता असली और नकली वीडियो में फर्क नहीं कर पाते। एल्गोरिदम अब यह तय कर रहे हैं कि आप क्या पढ़ेंगे, जिससे समाज में फिल्टर बबल बन रहे हैं यानी व्यक्ति केवल अपनी पसंद की कट्टर सोच वाली खबरें ही देख पाता है।

आर्थिक मोर्चे पर भी यह बदलाव किसी भूकंप से कम नहीं है। प्रिंट मीडिया का जो विज्ञापन राजस्व कभी 40 प्रतिशत की दर से बढ़ता था, वह अब सिमटकर डिजिटल दिग्गजों की जेब में जा रहा है। डिजिटल मीडिया में राजस्व का मॉडल अभी भी प्रयोग के दौर से गुजर रहा है। पेवॉल और सब्सक्रिप्शन जैसी कोशिशें हिंदी पट्टी में अभी भी संघर्ष कर रही हैं। नतीजा यह है कि राजस्व के लिए मीडिया घरानों को अब स्पॉन्सर्ड कंटेंट का सहारा लेना पड़ रहा है, जिससे निष्पक्षता की दीवारें कमजोर हुई हैं। यूट्यूब ने एक नए अर्थशास्त्र को जन्म दिया है, जहां व्यूज और वॉच टाइम ही सबसे बड़ी मुद्रा है। जब खबर का महत्व उसकी सामाजिक उपयोगिता से नहीं बल्कि उसके वायरल होने की क्षमता से तय होने लगे, तो यह लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के लिए खतरे की घंटी है।

बावजूद इसके, इस बदलाव ने पत्रकारिता को दिल्ली और मुंबई जैसे महानगरों के वातानुकूलित कमरों से निकालकर छोटे शहरों और कस्बों की गलियों तक पहुँचा दिया है। आज ग्राउंड रिपोर्टिंग का अर्थ केवल बड़े चैनलों की ओबी वैन नहीं, बल्कि एक मोबाइल हाथ में थामे वह निर्भीक पत्रकार भी है जो सत्ता से सीधे सवाल पूछ रहा है। भविष्य की हिंदी पत्रकारिता अब एक हाइब्रिड मॉडल की ओर बढ़ रही है। अखबार अब केवल सूचना के वाहक नहीं, बल्कि गहन विश्लेषण के दस्तावेज बन रहे हैं। एआई के दौर में असली चुनौती केवल तकनीक को अपनाने की नहीं है, बल्कि उस साख को बचाने की है जो मशीनी शोर में कहीं दब गई है। हिंदी पत्रकारिता का यह सफर स्याही से पिक्सल और अब एआई तक तो पहुंच गया है, लेकिन इसकी सार्थकता तभी बनी रहेगी जब यह सत्य की उस मशाल को जलाए रखेगा जिसे लेकर भारतेन्दु हरिश्चंद्र और गणेश शंकर विद्यार्थी जैसे पुरोधाओं ने इसे शुरू किया था। तकनीक और मशीनें केवल उपकरण हो सकती हैं, पत्रकारिता की आत्मा तो हमेशा मानवीय विवेक और जनसरोकार ही रहेगी।

*लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं।*

साहित्य

# पारंपरिक मूल्यों का महत्व



**गोलेन्द्र पटेल**

मैं विद्यार्थी नहीं, मज़दूर हूँ!
ओ कवियो! ओ लेखको!
किसके लिए लिख रहे हो?
मेरी दादी बन्नी-मजूरी करती थी
अब मेरी माँ करती है
मेरे दादा मज़दूर थे
मेरे पिता विकलांग हैं पर मज़दूर हैं
अतः मैं विद्यार्थी से अधिक मज़दूर हूँ
पुस्तक से अधिक पेट की चिंता है मुझे
जितनी छात्रवृत्ति मिलती है,
उससे काफ़ी अधिक है
उनकी एक किताब की कीमत
मैं प्रतिज्ञा करता हूँ कि
जिन्हें अपना गुरु मानता हूँ
उन्हें ख़रीद कर कभी नहीं पढ़ूँगा
और जिन्हें अपना शिष्य मानता हूँ
उन्हें अपनी किताब ख़रीदने नहीं दूँगा!





# राशिफल

**मेषः-** भावना से उद्वेलित मन निकट संबंधों के सुख-दुख के प्रति चिंतित होगा। पूर्वाग्रहवश संबंधियों के प्रति नकारात्मकता को न पालें।

**वृषभः-** भौतिक महत्वकांक्षाएं अभाव का एहसास कराएंगी। परिजनों से कुछ भावनात्मक अपेक्षाएं कष्टकारी हो सकती हैं। महत्वपूर्ण कार्य को समयानुकूल पूर्ण करें।

**मिथुनः-** भावनाओं पर नियंत्रण रख अपने दायित्वों के प्रति सजग होना प्रगति का सूचक है। बचकाना स्वभाव महत्वपूर्ण क्षेत्रों में एकाग्रता का अभाव पैदा करेगा।

**कर्कः-** महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां अपनी पूर्ति हेतु मन पर दबाव बनाएंगी। कुछ नयी आकांक्षाएं मन पर प्रभावी होंगी। परिजनों से किसी प्रकार की शिकायत पर खुलकर बात करें।

**सिंह :-** किसी श्रेष्ठजन के प्यार से मन प्रसन्न होगा। किसी की कटु वाणी मन को दुखित कर सकती है। उच्च महत्वकांक्षाएं व्यावसायिक क्षेत्र में अधिक परिश्रम के लिए प्रेरित करेंगी। आलस्य कतई न करें।

**कन्याः-** नये संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। पारिवारिक वातावरण सुखद व उत्साहपूर्ण होगा। जीविका क्षेत्र में मन आर्थिक सुदृढ़ता हेतु प्रयत्नशील होगा।

**तुलाः-** कुछ नयी अभिलाषाएं आपको उत्साहित करेंगी। किसी महत्वपूर्ण दायित्व की पूर्ति हेतु समुचित व्यवस्था के लिये मन चिंतित होगा।

**वृश्चिकः-** किसी पुराने संबंध के प्रति विशेष निकटता की अनुभूति करेंगे। क्षमता से अधिक जिम्मेदारियां अर्थिक सुदृढ़ता हेतु प्रेरित करेंगी।

**धनुः-** रोजगार क्षेत्र में आपकी महत्वपूर्ण योजनाएं सार्थक होती हुई नजर आएंगी। श्रेष्ठजनों से नजदीकियां पैदा होंगी। व्यावसायिक यात्राएं करनी पड़ सकती हैं। कुछ प्रबल इच्छाएं आपको उद्वेलित करेंगी।

**मकरः-** सामाजिक गतिविधियों में आपकी क्रियाशीलता बढ़ेगी। अच्छी भावनात्मक अभिव्यक्ति से संबंधों में मधुरता बढ़ेगी। राजनीति से जुड़े लोगों के लिए समय अनुकूल रहेगा।

**कुंभः-** पुरानी समस्याओं को हल कर सुख की अनुभूति करेंगे। शासन-सत्ता से जुड़े लोगों को लाभ के अच्छे अवसर प्राप्त होंगे।

**मीनः-** बालसुलभता व असंयमित शब्दों का प्रयोग संबंधों में कटुता लाएगा। आकस्मिक नई आशंकाओं से प्रभावित मन कोई गलत निर्णय ले सकता है।

# मायावती का मिशन 2027 : सोशल इंजीनियरिंग व एसआईआर के चक्रव्यूह से सत्ता वापसी की तैयारी



*संजय सक्सेना*

उत्तर प्रदेश की सियासी बिसात पर 2027 के विधानसभा चुनाव की आहट अभी से सुनाई देने लगी है। जहां समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव पीडीए के नारे के साथ मिशन-2027 का बिगुल फूंक चुके हैं और सत्तारूढ़ भाजपा सत्ता की हैट्रिक लगाने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में पूरी ताकत झोंक रही है, वहीं बहुजन समाज पार्टी की सुप्रीमो मायावती ने भी अपनी खामोश लेकिन बेहद मारक रणनीति पर काम शुरू कर दिया है। उत्तर प्रदेश की राजनीति जो पिछले कुछ समय से दो ध्रुवीय होती दिख रही थी, उसे मायावती एक बार फिर त्रिकोणीय बनाने की कवायद में जुट गई हैं। इस बार उनकी रणनीति सिर्फ नारों तक सीमित नहीं है, बल्कि वह जमीनी स्तर पर डेटा और सोशल इंजीनियरिंग के घातक मिश्रण के साथ मैदान में उतर रही हैं। मायावती के लिए यह चुनाव केवल सत्ता का संघर्ष नहीं है, बल्कि पार्टी के अस्तित्व को बचाए रखने और दलित राजनीति की धुरी को फिर से अपने पाले में लाने की बड़ी चुनौती है।

मायावती ने इस बार अपने पत्ते बेहद सावधानी से खोले हैं। उन्होंने 2027 के लिए उम्मीदवारों के चयन की प्रक्रिया में एक नया और तकनीकी मोड़ दिया है, जिसे एसआईआर (मतदाता सूची पुनरीक्षण) अभियान से जोड़ा गया है। आम तौर पर पार्टियां चुनाव से ऐन पहले टिकट बांटती हैं, लेकिन बसपा ने पहले ही करीब 40-50 सीटों पर संभावित उम्मीदवारों को हरी झंडी दे दी थी। हालांकि, अब इस रणनीति में अचानक बदलाव किया गया है। मायावती ने अब उन नेताओं को तवज्जो देने का फैसला किया है जिन्होंने एसआईआर अभियान के दौरान बूथ स्तर पर सक्रियता दिखाई। पार्टी का मानना है कि चुनाव सिर्फ रैलियों से नहीं, बल्कि वोटर लिस्ट में अपने समर्थकों के नाम सुरक्षित रखने से जीते जाते हैं। मायावती ने करीब 15 हजार बूथ कमेटियों से विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। इस रिपोर्ट का मकसद यह समझना है कि कहां उनके वोट बैंक में सेंध लगी है और कहां साजिश के तहत समर्थकों के नाम काटे गए। जो पदाधिकारी इन कटे हुए नामों को दोबारा जुड़वाने और बूथ को मजबूत करने के मोर्चे पर सफल रहे हैं, उन्हीं की दावेदारी अब टिकट के लिए पुख्ता मानी जाएगी। बसपा की इस नई रणनीति के केंद्र में वह सोशल इंजीनियरिंग है, जिसने 2007 में पार्टी को पूर्ण बहुमत की सरकार तक पहुंचाया था। मायावती एक बार फिर दलित-ब्राह्मण-मुस्लिम गठजोड़ को जीवित करने की कोशिश कर रही हैं। उत्तर प्रदेश के बदलते सियासी समीकरणों के बीच मायावती यह समझ चुकी हैं कि केवल एक वर्ग के भरोसे सत्ता की कुर्सी तक नहीं पहुंचा जा सकता। इसीलिए उन्होंने हर विधानसभा सीट पर चार-चार दावेदारों का पैनल तैयार करवाया है। इन दावेदारों को उनकी जातीय पकड़ और स्थानीय समीकरणों के आधार पर परखा जा रहा है। मायावती ने मंडल और जोनल कोऑर्डिनेटरों को साफ निर्देश दिए हैं कि वे जातियों के गणित की सटीक रिपोर्ट दें। अगर किसी सीट पर दलित वोटों के साथ मुस्लिम या ब्राह्मण मतदाता निर्णायक भूमिका में हैं, तो वहां उसी समाज के मजबूत चेहरे को तलाशा जा रहा है। यह प्रक्रिया काफी गहरी है, जिसमें पहले क्षेत्र प्रभारी बनाया जाता है और फिर उसकी सक्रियता के आधार पर उसे प्रत्याशी घोषित किया जाता है।

मायावती का दिल्ली से लखनऊ और फिर लखनऊ से दिल्ली का दौरा भी इसी रणनीति का हिस्सा है। खासकर पश्चिमी उत्तर प्रदेश, जहां बसपा का आधार हमेशा से मजबूत रहा है, वहां के समीकरणों को दुरुस्त करने की जिम्मेदारी मायावती ने खुद संभाली है। बसपा के प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल का कहना है कि पार्टी इस बार किसी बड़े दल से गठबंधन के बजाय अपने दम पर चुनाव लड़ेगी। पार्टी का मानना है कि गठबंधन से उनके वोट दूसरे दलों को ट्रांसफर हो जाते हैं, लेकिन दूसरे दलों के वोट बसपा को नहीं मिलते। ऐसे में अपने पारंपरिक वोट बैंक को सहेजकर रखना और उसमें दूसरे वर्गों को जोड़ना ही सबसे सुरक्षित रास्ता है। मायावती अब उन बूथों पर ध्यान केंद्रित कर रही हैं जहां पिछले चुनावों में बसपा का प्रदर्शन गिरा था। वह खुद जिलों से आने वाली एक-एक रिपोर्ट की समीक्षा कर रही हैं और इस बात पर जोर दे रही हैं कि जिन मतदाताओं के नाम सूची से कट गए हैं, उन्हें दोबारा हर हाल में जुड़वाया जाए।

इस पूरे अभियान का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा वह संदेश है जो मायावती अपने कार्यकर्ताओं को दे रही हैं। वह लगातार बैठकों में इस बात का जिक्र कर रही हैं कि बसपा ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय के सिद्धांत पर काम करती है। समाजवादी पार्टी और भाजपा के बीच चल रही तकरार के बीच मायावती खुद को एक गंभीर और अनुशासित विकल्प के तौर पर पेश कर रही हैं। वह जानती हैं कि 2027 में सत्ता तक पहुंचने का रास्ता उन छोटी जातियों और समुदायों से होकर गुजरता है जो फिलहाल मुख्यधारा की राजनीति में उपेक्षित महसूस कर रहे हैं। यही वजह है कि उनके टिकट वितरण में इस बार जातियों की केमिस्ट्री पर बहुत ज्यादा जोर दिया जा रहा है। एसआईआर अभियान से हुए नफे-नुकसान का आकलन कर उम्मीदवारों के चयन की यह पद्धति उत्तर प्रदेश की राजनीति में एक नया प्रयोग है, जो यह दर्शाता है कि मायावती अब पुरानी शैली को आधुनिक चुनावी प्रबंधन के साथ जोड़ रही हैं।

हालांकि, राह इतनी आसान भी नहीं है। उत्तर प्रदेश में दलित वोटों के लिए भाजपा और सपा दोनों ने ही बड़ी सेंधमारी की है। चंद्रशेखर आजाद जैसे नए युवा चेहरों ने भी दलित राजनीति में अपनी जगह बनाई है। ऐसे में मायावती का पुराना सोशल इंजीनियरिंग फॉर्मूला कितना कारगर होगा, यह बड़ा सवाल है। लेकिन मायावती का इतिहास रहा है कि वह जब भी खामोश होती हैं, तो किसी बड़े सियासी धमाके की तैयारी में होती हैं। उनके पास अपना एक समर्पित कैडर है जो आज भी उनके एक इशारे पर लामबंद हो जाता है। 2007 के करिश्मे को 2027 में दोहराने के लिए उन्होंने संगठन के ढांचे में बड़े बदलाव किए हैं और नए चेहरों को मौका दिया जा रहा है। ब्राह्मण और मुस्लिम उम्मीदवारों को बड़े पैमाने पर मैदान में उतारने की तैयारी यह संकेत देती है कि बसपा इस बार किसी भी हाल में चुनावी मुकाबले को दोतरफा नहीं होने देगी।

बहरहाल, 2027 का चुनाव बसपा के लिए करो या मरो की स्थिति जैसा है। मायावती की यह सूक्ष्म रणनीति, जिसमें बूथ लेवल की रिपोर्टिंग से लेकर जातीय समीकरणों का जटिल जाल बुना गया है, विपक्षी खेमों में हलचल पैदा करने के लिए काफी है। क्या मायावती फिर से वही पुराना जादू चला पाएंगी? क्या एसआईआर अभियान के जरिए तैयार की गई उम्मीदवारों की नई फौज बसपा की नैया पार लगा पाएगी? ये ऐसे सवाल हैं जिनका जवाब आने वाले समय की रैलियों और चुनावी माहौल में मिलेगा। फिलहाल तो हाथी अपनी मदमस्त चाल से अपनी मंजिल की ओर बढ़ता दिख रहा है, और मायावती की सोशल इंजीनियरिंग एक बार फिर यूपी की सियासत का सबसे चर्चित अध्याय बनने की ओर अग्रसर है। लखनऊ से लेकर दिल्ली तक जो बैठकों का दौर चल रहा है, उसका एक ही लक्ष्य है सत्ता के शिखर पर बसपा का दोबारा परचम लहराना।

*लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं।*

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 5/295, विपुल खण्ड-5, गोमती नगर, लखनऊ-226010, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672,**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा का संडीला में स्वागत, 29 अप्रैल मल्लावां रैली को लेकर कार्यकर्ताओं को दिए निर्देश



**सण्डीला/हरदोई।** सण्डीला नगर में भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा का सण्डीला बॉर्डर पर भाजपा नगर मण्डल द्वारा जोरदार स्वागत किया गया, जिसके बाद डाक बंगले में सण्डीला विधानसभा की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। बैठक में मुख्य अतिथि क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा तथा विशिष्ट अतिथि जिला उपाध्यक्ष संदीप सिंह मौजूद रहे, जबकि अध्यक्षता मण्डल अध्यक्ष नितीश जायसवाल रमन ने की। बैठक को संबोधित करते हुए कमलेश मिश्रा ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का 29 अप्रैल 2026 को हरदोई जनपद के मल्लावां में आगमन प्रस्तावित है और इस रैली को सफल बनाने के लिए प्रत्येक कार्यकर्ता को जनमानस से संपर्क कर अधिक से अधिक लोगों को जनसभा में पहुंचाने का दायित्व निभाना होगा। सण्डीला विधानसभा से अधिकतम सहभागिता सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया। बैठक में जिला उपाध्यक्ष संदीप सिंह, अजय शुक्ला, महेन्द्र सोनी, जिला मंत्री अमरेन्द्र अर्कवंशी, पूर्व जिला उपाध्यक्ष सिद्ध प्रताप मौर्या, डाक्यूमेंट्री विभाग के क्षेत्रीय सह संयोजक राजेश अस्थाना, बालामऊ नगर पालिका चेयरमैन राधा रमण शुक्ला, संजीव त्रिपाठी, सर्वेश राठौर, नगर मण्डल महामंत्री अमित कुमार शर्मा, उपाध्यक्ष सौरभ गुप्ता, मण्डल मंत्री अनुज सिंह, पियूष गुप्ता, अर्पित गुप्ता, अमन बाबू, शक्ति केंद्र संयोजक शरद चौरसिया, हरिओम तिवारी, अनिल गुप्ता, युवा मोर्चा सह संयोजक स्पर्श गुप्ता, किसान मोर्चा संयोजक पंकज अर्कवंशी, अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष रानू अंसारी, आईटी संयोजक विशाल निगम, सह संयोजक अमित पुष्पद, सोशल मीडिया संयोजक प्रभात गुप्ता, सुमित चौधरी सहित अनेक पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### भूदान आंदोलन की हीरक जयंती पर विनोबा संतों का किया स्वागत



**शाहाबाद हरदोई।** भूदान की हीरक जयंती वर्ष पर विनोबा सेवा आश्रम बरतारा, शाहजहांपुर के संस्थापक रमेश भईया, अमित परमार बनारस, राकेश पांडे कार्यकर्ता विनोबा सेवा आश्रम एवं कमलेश भईया द्वारा तीन हजार किलोमीटर की पदयात्रा पूर्ण करने पर बुधवार को परागदत्त सरस्वती शिक्षण संस्थान नगला लोथू में स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें जनार्दन शुक्ला ब्रूक इंडिया से,लवकुश शुक्ला प्रबंधक और आदित्य कुमार शुक्ला एडवोकेट, राजीव नयन दीक्षित के द्वारा माल्यार्पण कर स्वागत किया गया तत्पश्चात रमेश भईया द्वारा विद्यालय के शिक्षार्थियों को संबोधित किया गया। उन्होंने बच्चों से कहा बच्चे भारत के निर्माता हैं। आज के बच्चे कल के भविष्य विधाता हैं। एक बनेंगे नेक बनेंगे, दिल से दिल को जोड़ देंगे। उन्होंने बच्चों से पूछा भूदान आंदोलन का संदेश कौन फैलाएगा? जिस पर सभी बच्चों ने एक स्वर में उत्तर दिया – हम–हम। रमेश भइया ने कहा गांधीजी–विनोबाजी देश की शान हैं। विनोबा जी का भूदान घर–घर पहुंचेगा। जैसे हनुमान जी के साथ छोटे–छोटे वानर थे, वैसे ही हमारे ये छोटे–छोटे बच्चों की सेना है। ये बच्चे विनोबा भावे के भूदान आंदोलन का संदेश अपने–अपने गांव में घर–घर पहुंचाएंगे तथा अपने घर पर प्रेम तथा त्याग का पाठ पढ़ाएंगे।

### अलग-अलग हुई मारपीट की घटनाओं में रिपोर्ट दर्ज

**हरदोई।** कोतवाली क्षेत्र मे हुई मारपीट की घटनाओं में पीड़ितों की लिखित तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है। शाहाबाद थाना क्षेत्र के मोहल्ला सुलेमानी निवासी रामचंद्र पुत्र हुलासी के अनुसार 15 अप्रैल को कस्बे के लेखपाल के मुंशी टूरी ने विपक्षी गुड्डू और चंदर पुत्रगण रामरतन निवासी दरियापुर विक्कू के कहने पर उसके खेत की बिना अनुमति के नाप कर दी। विपक्षी गुड्डू ने ट्रैक्टर से उसके खेत में खड़ी मक्के की फसल को जुतवा दिया 19 अप्रैल को उसकी पोती का विवाह होने के कारण उसे जानकारी नहीं हो सकी। विवाह सम्पन्न होने के बाद उसने विपक्षी से फसल जुतवाने की शिकायत की तो विपक्षी ने उसे गाली गलौज करते हुए जान से मार डालने की धमकी दी। कस्बे के मोहल्ला खलील निवासी वहीद खां पुत्र वसी खां के अनुसार उसने मोहल्ले निवासी शादान पुत्र जकी खां को तीन वर्ष पूर्व 19000 रूपए उधार दिए थे। 20 अप्रैल को उसने विपक्षी के मोबाइल पर फोन कर अपने रूपये की मांग की। इसी बात पर विपक्षी ने उसे गाली गलौज करते हुए जान से मार डालने की धमकी दी। कस्बे के मोहल्ला सिकंदरपुर कल्लू निवासी ममता पत्नी अवध किशोर राजपूत के अनुसार वह 22 अप्रैल को ककरघटा में चल रहें भाजपा के प्रशिक्षण कार्यक्रम में गई थी घर पर उसकी 12 वर्षीय पुत्री अनामिका अकेले थे। विपक्षी पडोसी कांती देवी पत्नी महावीर ने अपने पुत्र आनंद के साथ मिलकर पत्नी फेकने का आरोप लगाते हुए उसकी पुत्री को मारपीट कर घायल कर दिया मोहल्ले के लोगों ने उसकी पुत्री को बचाया। मारपीट की उपरोक्त घटनाओं में पुलिस ने पीड़ितों की लिखित तहरीर के आधार पर आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर घायलों का मेडिकल करवाया है। पुलिस द्वारा उक्त घटनाओं की जांच शुरू कर दी गई है।

### गर्मी को देखते हुए जिलाधिकारी ने बैठक में दिए गौशालाओं की व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के निर्देश



**महोबा।** जिलाधिकारी गजल भारद्वाज ने गर्मी के मौसम को देखते हुए सभी खंड विकास आधिकारिओं के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने सभी खंड विकास आधिकारिओं को निर्देश दिए कि गर्मियों के मौसम को देखते हुए तालाबों का खुदाई कार्य जल्द शुरू करवाया जाए तथा नदियों व झीलों का पुनः जीर्णोद्धार करवाया जाए। उन्होंने कहा कि ग्रामों में मिनी स्टेडियम का कार्य शुरू किया जाए, जिससे गांव में ही बच्चों को खेलने के लिए स्टेडियम मिल सके। सभी गौशालाओं में पशुओं के लिए टीन सेट की व्यवस्था, चारा बुवाई की व्यवस्था, पशुओं के लिए शुद्ध पीने का पानी, भूसा की व्यवस्था तथा यह भी सुनिश्चित किया जाये की गौशालाओं के सभी कैमरे चालू हालत में हो ।जिलाधिकारी ने सभी बीडीओ को निर्देश देते हुए कहा कि मनरेगा से और अन्य योजना से हर ब्लॉक से 20 विद्यालयों का बाउंड्री वॉल उच्चीकरण का कार्य करवाना सुनिश्चित किया जाए। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी वित्त/राजस्व कुंवर पंकज, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे मोइनुल इस्लाम, मुख्य विकास अधिकारी बलराम कुमार, जिला विकास अधिकारी श्री पंकज यादव सहित समस्त खंड विकास अधिकारी एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### नवनिर्वाचित अध्यक्ष बाबू सिंह यादव का हुआ स्वागत



**फतेहपुर।** कलेक्ट्रेट परिसर में स्थित चौंबर नम्बर 15 में अमित यादव एडवोकेट के चौम्बर में जिला बार एशोसिएशन के नव निर्वाचित अध्यक्ष बाबू सिंह यादव का भव्य स्वागत समारोह आयोजित किया गया। जिसमें फूल मालाओं से नवनिर्वाचित अध्यक्ष का स्वागत किया गया। स्वागत की कड़ी में वरिष्ठ अधिवक्ता फूल सिंह यादव की अध्यक्षता में गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें बार एसोशियन के तमाम एडवोकेट उपस्थित रहे। वही अपने संबोधन में बोलते हुए जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष बाबू सिंह यादव ने कहा जिस प्रकार से अधिवक्ताओं ने उन्हें अपना अमूल्य मत देकर अध्यक्ष बनाया है अब तमाम अधिवक्ताओं के हित के लिए वह कार्य करेंगे और उनका कार्यकाल ऐतिहासिक होगा।इस अवसर पर प्रवीण कुमार द्विवेदी पूर्व महामंत्री जिला अधिवक्ता संघ, विपिन यादव एडवोकेट, बृजेश चन्द्र बाजपेयी एडवोकेट, ओम प्रकाश यादव एड, अशोक सिंह एड0, अंकिता पटेल एडवोकेट, ऋषभ शुक्ला एडवोकेट, शैलेन्द्र शुक्ला एडवोकेट, उबैद खान उर्फ बब्बा आदि सैकडो अधिवक्ता मौजूद रहे।

### जंगल में बबूल के पेड़ से लटका मिला व्यक्ति का शव

**कुलपहाड़/महोबा।** कोतवाली अन्तर्गत गाहरा पहाड़िया के आगे जंगल में एक व्यक्ति का शव एक पेड़ पर फांसी से लटका पाये जाने पर हड़कंप मच गया है। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त कराने का प्रयास किया , जिसकी पहचान नगर के ही सेनापति वार्ड निवासी मानसिक विछिप्त के रूप में की गई है। कोतवाली पुलिस का कहना है कि कुलपहाड़ क्षेत्र स्थित नटर्रा पहाड़ी के पीछे जंगल में एक बबूल के पेड़ से फांसी पर लटका हुआ करीब 40 वर्षीय एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद हुआ , जिसकी पहचान सेनापति वार्ड निवासी लक्ष्मी प्रसाद पुत्र सूबेदार अनुरागी के रूप में की गई है। शिनाख्त होने के बाद आगे की कार्यवाही प्रचलित है।

# सीएम ने पीएम के आगमन की तैयारियों का किया स्थलीय निरीक्षण

**हरदोई, समृद्धि न्यूज।**



जनपद में दिनांक 29 अप्रैल को प्रस्तावित प्रधानमंत्री जी के आगमन के दृष्टिगत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को जनपद की बिलग्राम तहसील के मल्लावां कट गंगा एक्सप्रेस-वे के लोकार्पण कार्यक्रम स्थल एवं उससे संबंधित विभिन्न व्यवस्थाओं का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने हेलीपैड, सभा स्थल, वीआईपी मार्ग, पार्किंग व्यवस्था, बैरिकेडिंग, सुरक्षा प्रबंध, यातायात व्यवस्था सहित समस्त तैयारियों का गहनता से जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रधानमंत्री का कार्यक्रम पूर्णतः सुव्यवस्थित, सुरक्षित एवं गरिमामय ढंग से संपन्न कराया जाए। उन्होंने कहा कि सुरक्षा व्यवस्था सर्वोच्च प्राथमिकता पर रखी जाए तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही या शिथिलता कदापि स्वीकार्य नहीं होगी। इसके लिए पुलिस एवं प्रशासन के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करते हुए मल्टी-लेयर सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। सभा स्थल का निरीक्षण करते हुए मुख्यमंत्री ने बैठने की समुचित व्यवस्था, पंडाल की गुणवत्ता, पेयजल उपलब्धता, स्वच्छता, शौचालय व्यवस्था एवं निर्बाध विद्युत आपूर्ति को मानकों के अनुरूप सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में आने वाले आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सभी व्यवस्थाएं सुचारु एवं व्यवस्थित रूप से संचालित की जाएं। यातायात प्रबंधन की समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री जी ने निर्देशित किया कि कार्यक्रम के समय यातायात व्यवस्था सुचारु बनी रहे तथा आम नागरिकों को असुविधा न हो। इसके लिए वैकल्पिक मार्गों का निर्धारण, पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती एवं स्पष्ट संकेतक (साइन बोर्ड) स्थापित किए जाएं। मुख्यमंत्री ने हेलीपैड एवं वीआईपी मूवमेंट से संबंधित व्यवस्थाओं का भी निरीक्षण किया तथा निर्देश दिए कि सभी प्रोटोकॉल का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। साथ ही, उन्होंने आपातकालीन सेवाओं जैसे एम्बुलेंस, अग्निशमन एवं चिकित्सा सुविधाओं की समुचित उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि किसी भी आकस्मिक स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटा जा सके। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से तैयारियों की प्रगति की विस्तृत जानकारी प्राप्त की तथा निर्देश दिए कि सभी कार्य निर्धारित समयसीमा के भीतर पूर्ण कर लिए जाएं। उन्होंने यह भी कहा कि प्रत्येक व्यवस्था की नियमित समीक्षा की जाए और जहां कहीं भी कमी हो, उसे तत्काल दूर किया जाए। इस अवसर पर मंडलायुक्त, जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक सहित अन्य वरिष्ठ प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान जिलाधिकारी द्वारा मुख्यमंत्री को मैप के माध्यम से कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी गई तथा आश्वस्त किया गया कि समस्त तैयारियां समयबद्ध एवं सुचारु रूप से पूर्ण कर ली जाएंगी। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि कार्यक्रम स्थल एवं आसपास के क्षेत्रों में हरित वातावरण को बढ़ावा देने हेतु 'हरि शंकरी' प्रजाति के वृक्षों का रोपण किया जाए। अंत में मुख्यमंत्री ने कहा कि यह कार्यक्रम जनपद के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, अतः सभी अधिकारी पूर्ण जिम्मेदारी, समन्वय एवं समर्पण के साथ कार्य करते हुए कार्यक्रम का सफल एवं गरिमामय आयोजन सुनिश्चित करें।

### गरीब किसान के लाल ने किया हाई स्कूल में तहसील टॉप



**शाहाबाद हरदोई।** ब्लॉक के ग्राम ककरघटा के डा किरणेश सिंह इंटर कालेज के हाई स्कूल के छात्र ने बोर्ड परीक्षा में 565 अंक पाकर जनपद में छठा स्थान प्राप्त कर स्कूल का नाम रोशन किया है। डॉ किरणेश सिंह इंटर कॉलेज के संस्थापक रंजीत सिंह ने बताया छात्र नवील ने हाईस्कूल परीक्षा 565अंक आए है 94.17 प्रतिशत रहा साथ ही जिले की टॉप सूची में छठे स्थान पर रहा है। बच्चे के पिता गरीब किसान है बच्चे को विद्यालय द्वारा निःशुल्क पढ़ाया जा रहा है। छात्र ने गणित जैसे कठिन विषय में 99अंक प्राप्त कर विद्यालय और छेत्र का नाम रोशन किया है। विद्यालय प्रबंधन छात्र के उज्वल भविष्य की कामना करता है।

# अपर गन्ना आयुक्त (क्रय) ने खेतों में जाकर गन्ना किसानों से किया संवाद

**शाहाबाद हरदोई, समृद्धि न्यूज।**



उत्तर प्रदेश शासन के पत्र द्वारा जारी निर्देशानुपालन में अपर गन्ना आयुक्त (क्रय) नोडल अधिकारी विश्वेश कनौजिया मण्डल लखनऊ की अध्यक्षता में 22अप्रैल को डीसीएम श्रीराम लि., शुगर यूनिट लोनी के सभागार में लखनऊ मण्डल के जिला गन्ना अधिकारी (लखीमपुर खीरी), जिला गन्ना अधिकारी (फरूखाबाद), बीज उत्पादन अधिकारी (सीतापुर), जिला गन्ना अधिकारी (हरदोई), समस्त ज्येष्ठ गन्ना विकास निरिक्षक एवं चीनी मिलों के महाप्रबन्धक (गन्ना) के साथ बुवाई के निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति, गन्ना विकास कार्यों पर व्यय की समीक्षा की गई और सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि लगातार क्षेत्र में भ्रमण करते रहे और और अधिक से अधिक रकवे में गन्ना बुवाई करायें तथा किसानों से सम्पर्क बनाये रखे जिससे किसानों की समस्या का तुरन्त निदान हो सके।

**अपर गन्ना आयुक्त ने भ्रमण कर गन्ना किसानों से सवांद किया:** समीक्षा उपरान्त अपर गन्ना आयुक्त क्रय द्वारा क्षेत्र भ्रमण के दौरान चीनी मिल लोनी के ग्राम नगला भगवान में कृषक सतेंद्र कुमार के प्लाट में टॉप बोरर से ग्रसित खेतों में यांत्रिक विधि से शूट कटिंग हेतु चलाए जा रहे अभियान का निरीक्षण किया तथा ग्राम टुमुर्की में गन्ना बीज विक्रेता व क्रेता किसानों के साथ संवाद किया, जिसमें गन्ना बीज विक्रेता किसान डॉ. हमीद खान ने बताया कि मेरे द्वारा 600 कुंतल गन्ना बीज किसानों को वितरित किया, जिसके सापेक्ष चीनी मिल लोनी से 75 रूपये प्रति कुंतल का प्रीमियम प्राप्त किया, इसके साथ ही अन्य उपस्थित किसानों ने भी गन्ना बीज वितरण के बाद चीनी मिल लोनी से 75 रूपये प्रति कुंतल प्रीमियम प्राप्त होना की पुष्टि की किसानों से संवाद के दौरान अन्य समस्याओं एवं गन्ने की खेती को और लाभदायक बनाने के बारे में चर्चा की गई।अपर गन्ना आयुक्त (क्रय)द्वारा ग्राम पैगु सराय के सरदार बिजेन्दर सिंह पुत्र हाकिम सिंह के 1.100 हेक्टयर प्लाट में को 0118 प्रजाति की बुवाई का अवलोकन किया और कृषक को यथा आवश्यक गन्ने की अच्छी उपज प्राप्त करने के सम्बन्ध में सुझाव दिए गए तथा उन्होंने किसानों को बताया की गन्ने की बुवाई लाइन से लाइन की दूरी बढ़ाकर करें तत्पश्चात जून के महीने में मिट्टी अवश्य चढ़ायें और गन्ने को गिरने से बचाने के लिये किसान भाई बंधाई अवश्य करें। तथा किसानों को आधुनिक मशीनीकरण से गन्ने की खेती के बारे में चर्चा की, उन्होंने बताया कि गन्ने की बुवाई एवं गुड़ाई की मशीनें किसानों के पास मिल क्षेत्र में उपलब्ध है जिससे बुवाई एवं गुड़ाई का कार्य आसानी से हो जाता है वहीं गन्ना कटाई व छिलाई के लिये मशीनों की अनुपलब्धता के कारण मजदूरों पर निर्भर रहना पड़ता है, जिससे प्रति कुंतल कटाई की लागत अधिक आती है जिससे लाभ प्रभावित होता है। इस पर उन्होंने किसानों को आश्वस्त किया गया कि शीघ्र ही गन्ना समितियों एवं चीनी मिलों के माध्यम से अतिशीघ्र गन्ना कटाई की मशीन उपलब्ध करायी जायेगी।

**अपर गन्ना आयुक्त ने किया टिशू कल्चर लैब का निरीक्षण:** अपर गन्ना आयुक्त (क्रय) नोडल अधिकारी द्वारा चीनी मिल लोनी में स्थापित कॉल सेंटर तथा नवीन स्थापित टिशू कल्चर लैब का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कॉल सेंटर की कार्यप्रणाली, शिकायत निस्तारण की प्रक्रिया एवं किसानों से संवाद व्यवस्था का गहन अवलोकन किया गया।

# जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने होमगार्ड भर्ती परीक्षा केंद्रों का किया संयुक्त निरीक्षण

- सुरक्षा व व्यवस्थाओं की गहन समीक्षा दिए आवश्यक दिशा निर्देश

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**



जिलाधिकारी गजल भारद्वाज एवं पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह द्वारा जनपद में दिनांक 25, 26 एवं 27 अप्रैल को आयोजित होने वाली होमगार्ड भर्ती परीक्षा के दृष्टिगत संयुक्त रूप से परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों द्वारा जनपद के प्रमुख परीक्षा केंद्रों- मुकुंद लाल राजकीय इंटर कॉलेज, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज एवं वीर भूमि डिग्री कॉलेज (ब्लॉक-ए एवं ब्लॉक-बी)- का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। इस दौरान सीसीटीवी कंट्रोल रूम, स्ट्रांग रूम, विद्युत आपूर्ति, इंटरनेट कनेक्टिविटी, पेयजल, शौचालय एवं अन्य आधारभूत सुविधाओं का सूक्ष्मता से निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा परीक्षा की निष्पक्षता एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करने हेतु सुरक्षा व्यवस्था की विशेष समीक्षा की गई तथा ड्यूटी में लगे अधिकारियों/कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उन्होंने निर्देशित किया कि परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही या अव्यवस्था बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा सभी व्यवस्थाएं समय से पूर्ण एवं सुचारु रूप से संचालित रहें। इसके अतिरिक्त संवेदनशील बिंदुओं पर विशेष सतर्कता बरतने, अभ्यर्थियों की सुगम एवं सुरक्षित एंट्री सुनिश्चित करने, भीड़ प्रबंधन, ट्रैफिक व्यवस्था तथा परीक्षा केंद्रों के आसपास कानून-व्यवस्था बनाए रखने हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने स्पष्ट रूप से कहा कि होमगार्ड भर्ती परीक्षा को पूर्णतः निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराया जाएगा तथा किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह, अपर जिलाधिकारी कुमार पंकज सहित अन्य संबंधित पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।

### आज से 8 मई तक होगा खाद्यान्न का वितरण

**कुलपहाड़/महोबा।** राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत अंत्योदय अन्न योजना एवं पात्र गृहस्थी योजना के कार्ड धारकों को माह मई 2026 के सापेक्ष आवंटित खाद्यान्न का वितरण 24 अप्रैल से 8 मई तक किया जाएगा। क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी अमोल सिंह चौहान कुलपहाड़ ने बताया कि खाद्यान्न वितरण के तहत अंत्योदय अन्न योजना के कार्ड धारकों को प्रति कार्ड 14 किलोग्राम गेहूं व 21 किलोग्राम चावल कुल 35 किलोग्राम खाद्यान्न एवं पात्र गृहस्थी योजना के कार्ड धारकों को प्रति यूनिट 2 किलोग्राम गेहूं व 3 किलो ग्राम चावल कुल 5 किलोग्राम खाद्यान्न का निशुल्क वितरण किया जाएगा। वितरण में इंटर स्टेट, इंट्रा स्टेट, पोर्टेबिलिटी ट्रांजैक्शन की सुविधा उपलब्ध रहेगी तथा विक्रेता अपने उपलब्ध स्टाक की सीमा तक पोर्टेबिलिटी ट्रांजैक्शन कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि खाद्यान्न वितरण की अंतिम तिथि 8 मई 2026 होगी। जिस दिन आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से आवश्यक वस्तुओं को प्राप्त न कर सकने वाले उपभोक्ताओं को मोबाइल ओटीपी वेरीफिकेशन के माध्यम से निशुल्क खदान वितरण किया जाएगा।

### थाना महोबकंठ पुलिस ने पॉक्सो एक्ट से सम्बन्धित 3 वांछितों को किया गिरफ्तार





**महोबा।** पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह के निर्देशन पर जनपद में अपराध की रोकथाम हेतु आपराधिक घटनाओं में संलिप्त वांछित अभियुक्तों की चेकिंग एवं उनकी गिरफ्तारी/बरामदगी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ रविकान्त गोंड के निकट पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी महोबकंठ कन्हैयालाल द्वारा संयुक्त पुलिस टीम का गठन किया गया। उपनिरीक्षक रामबाबू यादव के नेतृत्व में गठित प्रथम पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मुअसं-32/2026 धारा 137(2)/64 बीएनएस व 3/4 पाक्सो एक्ट से सम्बन्धित 1 नफर वांछित अभियुक्त रविपाल पुत्र लालाराम उम्र करीब 27 वर्ष निवासी ग्राम सरसेड़ थाना हरपालपुर जनपद छतरपुर मप्र को ग्राम तेईया मोड़ के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया और उसे आवश्यक कार्यवाही अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया। इसी क्रम में उपनिरीक्षक बृजेश चतुर्वेदी के नेतृत्व में गठित द्वितीय पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मुअसं 45/2026 धारा 74/351(3) बीएनएस व 7/8 पाक्सो एक्ट से सम्बन्धित 2 नफर वांछित अभियुक्तगण ,सुनील कुशवाहा पुत्र भगवत कुशवाहा उम्र 30 वर्ष ,जयदीप पांचाल पुत्र मुकेश पांचाल उम्र 19 वर्ष निवासीगण ग्राम रावतपुराकला थाना महोबकंठ जनपद महोबा को ग्राम रावतपुराकला के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। और बाद में आवश्यक कार्यवाही अभियुक्तगण को न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

# नवमनोनीत जिला उपाध्यक्ष यूसुफ का हुआ स्वागत

**फतेहपुर, समृद्धि न्यूज़।**



भारतीय किसान यूनियन की मासिक बैठक नहर कॉलोनी में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष नवल सिंह पटेल ने किया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय संगठन मंत्री राजेंद्र सिंह ने भाग लिया। इस दौरान निर्णय लिया गया की 15 मई को स्वर्गीय महात्मा महेंद्र सिंह टिकैत की पुण्यतिथि नहर कॉलोनी में मनाई जाएगी। इसके साथी 1 मई को भिटौरा ब्लाक के मिर्जापुर भिटारी, 8 मई को हंसवा ब्लाक के बहरामपुर, 5 मई को एंराया ब्लॉक के धूमल कुआं तथा 13 मई को ब्लॉक ऐरायां का घेराव किया जाएगा। इस दौरान जल जीवन मिशन के तहत बनी पानी की टंकियां तथा पाइपलाइन शोपीस बने हैं। पानी की सप्लाई नहीं हो रही है। इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाया गया। इसके साथी गेहूं क्रय केंद्र के मुद्दे को भी उठाया गया।इस दौरान जिला उपाध्यक्ष पद पर युसूफ तबरेज की ताजपोसी की गई।वही उनका माल्यार्पण कर जोरदार स्वागत किया गया। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष युसूफ तबरेज ने कहा की जो जिम्मेदारी उन्हें दी गई है उसका बाखूबी निर्वहन करेंगे और पूरे जनपद में में भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट को मजबूत करेंगे। इस अवसर पर अशोक उत्तम, विवेक सिंह, पंकज साहू, विपिन सिंह, संजीत सिंह, दीपक मौर्य, शुभम सिंह सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

### बसपा संगठन की समीक्षा बैठक सम्पन्न



**फतेहपुर।** बहुजन समाज पार्टी की जिला स्तरीय बैठक ए.एस. मैरिज लॉन, हाईटेक सिटी जी.टी. रोड बाईपास पर आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष वीर प्रकाश लोधी एडवोकेट ने की। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल उपस्थित रहे। उन्होंने संगठन की विस्तृत समीक्षा करते हुए पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बहन कुमारी मायावती के निर्देशों से सभी को अवगत कराया और संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने पर जोर दिया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से सतीश जाटव, डॉ. एस.पी. सिद्धार्थ, मुरलीधर (पूर्व विधायक), अभिषेक प्रताप सिंह, विवेक माधुर, असलम शेर खान, मोहम्मद आसिफएडवोकेट, नगर अध्यक्ष गाजी अब्दुर्रहमान गनी, राधेश्याम उर्फछोटू अंबेडकर, मो. हाशिम, हाजी सगीर प्रधान, सूर्यपाल लोधी, चंदन सिंह लोधी, विनय लोधी, रामविशाल लोधी, रामसजीवन लोधी, अभिषेक शुक्ला, महेश मिश्रा, पुतान सोनकर, सतीश पासी, अरविंद कुमार चौधरी, रमेश गौतम, प्रबुद्ध कुमार गौतम, रामप्रताप पाल, गुलशन गौतम, सुनील गौतम, गौतम राव, सूरजपाल गौतम, रामहित प्रियदर्शी, रोशन गौतम, रामऔतार सहित जिले के सभी पदाधिकारी, विधानसभा प्रभारी, विधानसभा अध्यक्ष, सेक्टर व बूथ स्तर के कार्यकर्ता तथा बामसेफव वीबीएफ के सदस्य मौजूद रहे।

# यूपी बोर्ड के परिणाम में चमकी जिले की मेधा

**फतेहपुर, समृद्धि न्यूज़।**



यूपी बोर्ड 2026 के हाई स्कूल इंटरमीडिएट का परीक्षा परिणाम जैसे ही घोषित हुआ उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं के चेहरे की खुशी देखते बन रही थी इस दौरान सरस्वती बाल मंदिर इंटर कॉलेज रघुवंश पुरम के प्रबंधक राकेश त्रिवेदी के नेतृत्व में छात्र-छात्राओं का माल्यार्पण कर मिष्ठान खिलाकर उनका जोरदार स्वागत किया गया। वही हाई स्कूल में राजवीर सिंह 96.16प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय में टाप किया तो वही इंटर में आयुष सिंह 92ः अंक लाकर विद्यालय में टाप किया। राकेश त्रिवेदी ने कहा की बच्चों की मेहनत लगन और अध्यापकों के द्वारा दिए गए दिशा निर्देशन के बल पर छात्र-छात्राओं ने सफलता अर्जित किया है तो वही जय मां सरस्वती ज्ञान मंदिर इंटर कॉलेज राधा नगर के प्रधानाचार्य विनय प्रताप सिंह के नेतृत्व में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को मिष्ठान खिलाकर माल्यार्पण कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। इस दौरान हाई स्कूल में अबि शुक्ला ने 95.6ः अंक लाकर विद्यालय में टॉप किया तो वही इंटरमीडिएट में माही ने 91.3ः अंक लाकर विद्यालय में टाप किया। इस दौरान बच्चों के अंदर गजब का उत्साह देखा गया तो वही श्रीमती सुंदरमती इंटर कॉलेज के प्रबंधक अशोक मौर्य के नेतृत्व में छात्र-छात्राओं का मिष्ठान खिलाकर माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। इस दौरान हाई स्कूल, इंटरमीडिएट के परीक्षा परिणाम में प्रतिभा त्रिपाठी 94.5 प्रतिशत अनुराधा गिरी 92 प्रतिशत अवनी साहू 92 प्रतिशत शिफा कुरैशी 95 प्रतिशत उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। वही सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज वीआईपी रोड में प्रधानाचार्य विक्रम बहादुर सिंह परिहार के नेतृत्व में छात्र-छात्राओं का मिष्ठान खिलाकर माल्यार्पण कर स्वागत किया गया इस दौरान इंटरमीडिएट में तन्मय पटेल 92 प्रतिशत अंक लाकर जनपद में तीसरा स्थान प्राप्त किया तो हाई स्कूल में अनमोल का 96 प्रतिशत अंक रहा और जनपद में चौथा स्थान प्राप्त किया। वही सरस्वती बल मंदिर इंटर कॉलेज शिवपुरम में प्रधानाचार्य धीरेंद्र सिंह व व्यवस्थापक सक्षम के नेतृत्व में छात्र-छात्राओं का माल्यार्पण कर जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान हाई स्कूल में सुधांशु अवस्थी ने 95.5 प्रतिशत के साथ जिले में सातवां स्थान एवं 95 प्रतिशत अंकों के साथ अनुरूद्र शुक्ला ने जिला मेरिट सूची में दसवीं रैंक प्राप्त किया।

### सूचना

मेरे सभी शैक्षिक अभिलेखों में मेरा नाम किरन राज पुत्री श्री राम भजन अंकित है जो कि सही है, जबकि आधार कार्ड 796920728825 में त्रुटिवश नाम गुड़िया दर्ज हो गया है। भविष्य में मुझे किरन राज पुत्री श्री राम भजन के नाम से ही जाना जाए।

**किरन राज, निवासी-ग्राम कोरैया, पोस्ट-गोला, जनपद-लखीमपुर खीरी।**

# यूपी बोर्ड की परीक्षा परिणाम में बाराबंकी के मेधावियों का दबदबा कायम

**समृद्धि न्यूज़, बाराबंकी।** यूपी बोर्ड के परीक्षा परिणाम में बाराबंकी की छात्राओं ने फिर बाजी मार लिया। गुरुवार को आये परीक्षा परिणाम में प्रदेश के टॉपरों में बाराबंकी के दबदबा कायम रहा। इस बार छात्राओं ने छात्रों को पीछे छोड़ प्रदेश में दूसरा एवं तीसरा स्थान लाकर अपने माता पिता का नाम रोशन किया वहीं बाराबंकी जनपद का गौरव बढ़ाया है। जानकारी के अनुसार नगर पंचायत जैदपुर स्थित द मॉडर्न एकेडमी ने हाईस्कूल परीक्षा परिणाम में शानदार प्रदर्शन करते हुए पूरे प्रदेश में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। विद्यालय की छात्रा अंशिका वर्मा ने उत्तर प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त कर न सिर्फ अपने परिवार बल्कि जिले का नाम भी रोशन किया है। जानकारी के अनुसार अंशिका वर्मा पुत्री कुंदन



लाल ने 587 अंक हासिल कर 97.83 प्रतिशत के साथ यूपी टॉप किया। वहीं विद्यालय की अन्य दो छात्राओं अदिति वर्मा पुत्री विशाल सिंह और परी वर्मा पुत्री शैलेंद्र कुमार ने भी टॉप-10 सूची में स्थान बनाकर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। अदिति वर्मा ने 585 अंक (97.50 प्रतिशत) प्राप्त किए, जबकि परी वर्मा ने 584 अंक (97.33 प्रतिशत) हासिल किए। तीनों छात्राओं की इस ऐतिहासिक सफलता से स्कूल परिसर में जश्न का माहौल देखने को मिला। परीक्षा परिणाम घोषित होते ही परिजनों, शिक्षकों और क्षेत्रवासियों में खुशी की लहर दौड़ गई। स्कूल प्रबंधन द्वारा छात्राओं का ढोल-नगाड़ों के साथ भव्य स्वागत किया गया। उन्हें फूल-मालाएं पहनाकर और मिठाई खिलाकर सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्रबंधक और शिक्षकों ने इस सफलता का श्रेय छात्राओं की मेहनत, अनुशासन और शिक्षकों के मार्गदर्शन को दिया। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा बनेगी। परिजनों ने भी अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा कि बेटियों ने कड़ी मेहनत और लगन से यह मुकाम हासिल किया है। क्षेत्र के लोगों ने भी छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। द मॉडर्न एकेडमी की इस उपलब्धि से जैदपुर ही नहीं, पूरा बाराबंकी जिला गौरवान्वित महसूस कर रहा है।

## बिजली शार्ट सर्किट से लगी आग, गृहस्थी जलकर खाक

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** लोनीकटरा थाना क्षेत्र के शिवनाम गांव में बिजली के शॉर्ट सर्किट से एक कच्चे मकान में आग लग गई। इस घटना में घर में रखा गेहूं, धान, खाने-पीने का सामान और अन्य सभी घरेलू वस्तुएं पूरी तरह जलकर राख हो गईं। पीड़ित गुलाब पाण्डेय का परिवार बेघर हो गया है। गुलाब पाण्डेय पुत्र स्वर्गीय मुरलीधर पांडे ने बताया कि वे अपने परिवार के साथ इसी कच्चे मकान में रहकर जीवन यापन कर रहे थे। अचानक हुए शॉर्ट सर्किट से उनकी पूरी गृहस्थी तबाह हो गई। अब परिवार के पास न रहने का ठिकाना है, न खाने-पीने का कोई साधन और न ही सोने के लिए बिस्तर बचा है । ग्रामीणों की मदद से किसी तरह आग पर काबू पाया गया।

## अज्ञात चोरों ने बनाया एक घर को निशाना, लाखो के जेवर नगदी उड़ाया

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

सुबेहा थाना क्षेत्र के अंतर्गत सिधीयावा गांव में बीती रात अज्ञात चोरों द्वारा एक घर में घुसकर चोरी की घटना को अंजाम देने का मामला सामने आया है। पीड़ित परिवार का आरोप है कि चोर नगदी समेत लाखों रुपये के जेवरात लेकर फरार हो गए। घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया।

जानकारी के अनुसार, गांव निवासी अरुण यादव ने बताया कि वह रोज की तरह बीती रात अपने घर पर सो रहे थे।

इसी दौरान अज्ञात चोर घर में घुस आए और अलमारी का ताला तोड़कर उसमें रखे जेवरात व नगदी पार कर दिए। सुबह जब परिजनों की नींद खुली तो घटना की जानकारी हुई, जिसके बाद तत्काल पुलिस को सूचना दी गई।

पीड़ित अरुण कुमार के मुताबिक, चोर करीब 8500 रुपये नकद और लगभग 12 लाख रुपये की जेवरात चोरी कर ले गए हैं।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके का मुआयना कर जांच शुरू कर दी है। वहीं प्रभारी निरीक्षक बेचू सिंह ने प्रथम दृष्टया इस घटना को संदिग्ध बताते हुए कहा कि मामला चोरी का नहीं बल्कि पारिवारिक प्रतीत हो रहा है। फिलहाल पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है।

## निसगर गंगा घाट नहाने गए तीन युवक डूबे, हुई मौत गांव में छाया मातम

**सरेनी रायबरेली समृद्धि न्यूज़।** गुरुवार का दिन रानीखेड़ा के ग्रामीणों के लिए काला दिन साबित हो गया उस समय जब गांव के ही कुछ युवक निसगर गंगा घाट नहाने के लिए गए थे और वहां पर चार लोग गहरे पानी में चले गए जिससे तीन युवकों की दर्दनाक मौत हो गई बताया जा रहा है कि नहाते समय एक युवक गहरे पानी में चला गया । उसको बचाने के लिए उसके साथी बचाने लगे और वह भी मौत के गाल में समा गए। जैसे इसकी सूचना ग्रामीणों को हुई तो गांव में हाहाकार मच गया वहां मौजूद लोगों ने घटना की सूचना शासन प्रशासन को दी और उन सभी को सरेनी सीएचसी लाया गया जहां पर प्राथमिक उपचार करने के बाद रायबरेली जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया जहां पर डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

# होमगार्ड भर्ती परीक्षा को लेकर डीएम-एसपी ने परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण

**समृद्धि न्यूज़, बाराबंकी।** आगामी होमगार्ड स्वयं सेवक भर्ती परीक्षा को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के दृष्टिगत जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह ने पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय के साथ विभिन्न परीक्षा केंद्रों, यथा पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज बालक एवं बालिका तथा जवाहर लाल नेहरू महाविद्यालय (जनेस्मा) का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि परीक्षा की सुचिता, पारदर्शिता एवं शुचिता सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा शासन द्वारा निर्धारित एसओपी का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने सभी केंद्र व्यवस्थापकों को निर्देशित किया कि परीक्षा केंद्रों पर



अभ्यर्थियों के लिए पेयजल, छायादार प्रतीक्षास्थल, शौचालय, विद्युत व्यवस्था, बैठने की समुचित व्यवस्था तथा साफ-सफाई सुनिश्चित की जाए, ताकि भीषण गर्मी के बीच अभ्यर्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। जिलाधिकारी बताया कि परीक्षा 25, 26 एवं 27 अप्रैल 2026 को दो पालियों में आयोजित होगी तथा जनपद के 08 परीक्षा केंद्रों पर कुल 17856 अभ्यर्थी परीक्षा में सम्मिलित होंगे। परीक्षा को सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराने हेतु सभी परीक्षा केंद्रों पर जिला स्तरीय अधिकारी को स्टेटिक मजिस्ट्रेट व सुरक्षा व्यवस्था हेतु कुल 198 पुलिस कर्मियों की तैनाती की गई है इसके अतिरिक्त आवश्यकतानुसार जनपदस्तरीय मोबाइल पुलिस बल भी तैनात रहेगा।

पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय ने परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा मानकों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि प्रवेश द्वार पर सघन चेकिंग, अभ्यर्थियों की पहचान सत्यापन, संदिग्ध गतिविधियों पर सतर्क निगरानी, प्रश्नपत्र एवं परीक्षा सामग्री की सुरक्षा, यातायात एवं भीड़ प्रबंधन के लिए समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की अवांछित गतिविधि या अनुचित साधनों के प्रयोग पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने सीसीटीवी निगरानी, कंट्रोल रूम समन्वय, स्टैटिक मजिस्ट्रेट एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट की तैनाती, संवेदनशील बिंदुओं की मॉनिटरिंग तथा परीक्षा केंद्रों के आसपास कानून-व्यवस्था की स्थिति पर भी विस्तार से समीक्षा की।

## समाजवादी पार्टी को समर्पित रहा मोहनलाल का जीवन, निधन पर शोक

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** जीवन पर्यन्त समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता के रुप मे काम करने वाले मोहनलाल रावत का बुधवार रात निधन हो गया। आज सुबह उनके पैतृक खेत में अंतिम संस्कार कर दिया गया। कस्बा हैदरगढ़ के लिल्हौरा वार्ड निवासी मोहनलाल 65 राजनीतिक रूप से सपा के साथ साथ पार्टी नेता पूर्व सांसद रामसागर रावत से जुड़े थे। पिछले काफी समय से गुर्दे की बीमारी से पीड़ित थे। जिसका उपचार भी चल रहा था, परन्तु कल रात अचानक तबियत बिगड़ने पर परिजन अस्पताल ले जाने की तैयारी कर रहे थे कि तभी उनकी मृत्यु हो गई। सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में लोग उनके आवास पहुंचे। पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाया।गुरुवार सुबह उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया।

## शिक्षक के निधन पर शोक की लहर

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** प्राथमिक विद्यालय फिरोजाबाद त्रिवेदीगंज के प्रधानाध्यापक पद से सेवानिवृत्त हुए ईश्वरीगंज गांव निवासी जगदीश प्रसाद वाजपेयी 95 वर्ष का निधन हो गया। उनके निधन पर गुरुवार सुबह ओमप्रकाश अवस्थी के प्रतिष्ठान शोकसभा हुई। जिसमें सेवानिवृत्त शिक्षकों ने दो मिनट का मौन धारण कर मृतात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान देने व शोकाकुल परिवार को यह दुःख सहन करने की क्षमता प्रदान करने की विनती की गई।

सिद्धनाथ त्रिपाठी, उमानाथ शुक्ला, माता बदल, ओमप्रकाश अवस्थी, हरिश्चंद्र त्रिपाठी उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### लू प्रकोप व हीट स्ट्रोक से बचाव के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश

**रायबरेली समृद्धि न्यूज़।** अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) अमृता सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा लू प्रकोप एवं हीट स्ट्रोक से बचाव हेतु जन सामान्य के लिए आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए गए हैं। उन्होंने लू एवं हीट स्ट्रोक से बचने के लिए जनपदवासियों को हीट स्ट्रोक/लू के दृष्टिगत बताया है कि हीट वेव की स्थिति शरीर का कार्य प्रणाली पर प्रभाव डालती है, जिससे जीवन खतरे में पड़ सकता है, इसके प्रभाव को कम करने के लिए कड़ी धूप में बाहर न निकले, और गरम हवा के स्थिति जानने के लिये रेडियो सुने, टीवी देखे, समाचार पत्र पर स्थानीय मौसम पूर्वानुमान की जानकारी लेते रहे। जितने बार हो सके पानी पिएं, प्यास न लगा हो तभी पानी पिएं ताकि शरीर में पानी की कमी से होने वाली बीमारी से बचा जा सके। उन्होंने कहा कि हल्के रंग के ढीले वाले सूती वस्त्र पहने ताकि शरीर तक हवा पहुंचे और पसीने को सोख कर शरीर को ठंडा रखे। धूप में बाहर जाने से बचे, अगर बहुत जरूरी हो तो गमछा, चश्में, छाता, टोपी एवं जूते या चप्पल पहनकर ही घर से बाहर निकले। उन्होंने कहा कि अगर आ खुले में कार्य करते है तो सिर, चेहरा, हाथ पैरों, को गीले कपड़े से ढके तथा छाते का प्रयोग करें। लू से प्रभावित व्यक्ति को छाया में लिटाकर गीले कपड़े से पोछे अथवा नहलायें तथा चिकित्सक से संपर्क करें। यात्रा करते समय अपने साथ बोतल में पानी जरूर रखें। गीले कपड़े को अपने चेहरे, सिर और गर्दन पर रखें। ओ0आर0एस0, घर में बने हुये पेय पदार्थ जैसे लस्सी, चावल का पानी, माड नींबू पानी, छाछ आदि का प्रयोग करें जिससे शरीर में पानी की कमी की भरपाई की जा सके। शराब, चाय, कॉफी जैसे पेय पदार्थों का इस्तेमाल न करें यह शरीर को निर्जलित कर सकते है।

### टीम नगर पालिका सड़कों पर



**रायबरेली समृद्धि न्यूज़।** नगर पालिका परिषद में सफाई इंस्पेक्टर के तौर पर तैनात रवि शेखर सिंह अपने कर्मचारियों की निगाह में महानायक तो आम जनमानस की निगाह में नायक के तौर पर देखे जा रहे हैं। नगर पालिका के कर्मचारियों का कहना है कि अपने नौकरी के कार्यकाल में उन्होंने कभी भी इतने सरल स्वभाव और कर्मचारियों के प्रति पारिवारिक संबंध जैसा व्यवहार रखने वाले निरीक्षक रवि शेखर सिंह जितने नरम दिखते हैं काम और कर्तव्य निष्ठा के प्रति सजग भी दिखाई देते हैं। जिससे उन्हें मजबूती से काम करने का जोश मिलता है और जब अधिकारी खुद मौके पर खड़े होकर काम करवाता है तो काम में रुकावट डालने वाले तत्व भी दूर ही रहते हैं। सभासद भी कहते हैं कि किसी भी सफाई निरीक्षक को खुद अपने कर्मचारियों के साथ मैदान में उतरकर उन्हें प्रोत्साहित करते हुए काम करते नहीं देखा है । स्थानीय नागरिकों ने भी अपनी समस्याओं के साथ-साथ निरीक्षक रवि शेखर सिंह द्वारा समस्त वार्डो के निरीक्षण के साथ साथ मौके पर मौजूद होकर काम करने की प्रशंसा कर रहे हैं।

## फसल अवशेष जलाने पर होगी सख्त कार्रवाई

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** जिले में फसल अवशेष जलाने की घटनाओं को रोकने के लिए कृषि विभाग ने सख्ती बढ़ा दी है। उप कृषि निदेशक सत्येन्द्र कुमार ने सभी किसानों से अपील करते हुए कहा है कि वे खेतों में फसल अवशेष कदापि न जलाएं, बल्कि उनका वैज्ञानिक तरीके से प्रबंधन करें। उन्होंने बताया कि फसल अवशेष जलाने से मिट्टी में मौजूद आवश्यक पोषक तत्व नष्ट हो जाते हैं और मृदा की उर्वरता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। साथ ही मृदा का तापमान बढ़ने से उसकी भौतिक, रासायनिक एवं जैविक संरचना प्रभावित होती है। साथ ही मिट्टी में रहने वाले लाभकारी जीवाणु एवं मित्र कीट भी नष्ट हो जाते हैं, जिससे खेती की उत्पादकता घटती है। पराली जलाने से निकलने वाली गैसें वायु गुणवत्ता को खराब करती हैं।

## होमग़ॉर्ड परीक्षा में ड्यूटी में लगे पुलिस बल को एसपी ने किया ब्रीफ



**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** जिले में 25, 26 व 27 अप्रैल को प्रस्तावित होमग़ॉर्ड परीक्षा के दृष्टिगत बृहस्पतिवार को पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. द्वारा नवीन पुलिस लाइन गौरीगंज में कुल 8 परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा को नकल विहीन, शांतिपूर्ण माहौल में पारदर्शी तरीके से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से पुलिस केन्द्र प्रभारी व सुरक्षा व्यवस्था में लगे पुलिस बल को ब्रीफ किया गया। इस दौरान उन्होंने परीक्षा की सुरक्षा व्यवस्था, अभ्यर्थियों की सुचारु आवाजाही, परीक्षा केन्द्रों की निगरानी तथा नकल विहीन एवं पारदर्शी परीक्षा सुनिश्चित कराने के लिए सभी पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को सतर्कता एवं जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने, परीक्षा केन्द्र पर चेकिंग के दौरान अभ्यर्थियों की सावधानी व गंभीरता पूर्वक चेकिंग किये जाने, किसी भी प्रकार की चश्मा, ब्लूटूथ, मोबाइल फोन अथवा अन्य अनावश्यक वस्तुओं को भली भांति चेक करने आदि के संबन्ध में के निर्देश दिए।

# मांगलिक कार्यक्रम में मार-पीट करने वाले आठ वांछित गिरफ्तार

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** जनपद पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान में क्षेत्राधिकारी तिलोई दिनेश कुमार मिश्र के नेतृत्व में बृहस्पतिवार को जायस पुलिस द्वारा क्षेत्र में चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर मु. सं. 48/26 में 4 वांछित अभियुक्त धर्मराज पुत्र रामकिशुन निवासी पूरे भैया कस्बा व थाना जायस, दीपक पुत्र धर्मराज निवासी पूरे भैया, बिन्द्रा प्रसाद पुत्र बाबूलाल सोनकर व अतुल कुमार सोनकर पुत्र रामथीरथ निवासीगण मोहल्ला कंचाना कस्बा जायस को



गिरफ्तार किया गया है। इसी क्रम में पुलिस द्वारा मु.सं. 49/26 में वांछित 4 अभियुक्त शीतला प्रसाद पुत्र रामकिशुन, श्रीनाथ पुत्र रामकिशुन, जगप्रसाद पुत्र शीतला प्रसाद व चन्द्रकेश पुत्र श्रीनाथ निवासीगण पूरे भैया कस्बा व थाना जायस को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार सभी अभियुक्त पंजीकृत मुकदमा में वांछित थे। बीते 21 अप्रैल को एक मांगलिक कार्यक्रम के दौरान दोनों पक्ष आपस में मारपीट कर लिये थे। दोनों पक्षों से गिरफ्तार अभियुक्तों की निशानदेही पर मारपीट की घटना में प्रयुक्त डंडा, फावडे का बेट, लोहे की पाईप, बेस बैट आदि बरामद हुआ है।

# पिकअप ने बाइक को मारी टक्कर, दो गंभीर, चालक फरार

**अमेठी समृद्धि न्यूज़**

बुधवार देर रात एक तेज रफ्तार पिकअप ने सामने जा रही बाइक को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद पिकअप चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। घटना अमेठी कोतवाली क्षेत्र के मुंशीगंज बाईपास के पास हुई। बताया जा रहा है कि मुंशीगंज थाना क्षेत्र निवासी संदीप तिवारी पुत्र लल्लन तिवारी, निवासी उस्मापुर और संगम तिवारी पुत्र दद्दन तिवारी बाइक से अमेठी कोतवाली क्षेत्र स्थित पीठीपुर गांव अपने ससुराल जा रहे थे। जैसे ही वे बाईपास के समीप पहुंचे, पीछे से आ रही तेज रफ्तार पिकअप ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और एंबुलेंस की मदद से घायलों को सीएचसी अमेठी



पहुंचाया गया। जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को जिला अस्पताल रेफर किया गया। वहां से हालत नाजुक होने पर बृहस्पतिवार की सुबह एक युवक को एम्स के लिए रेफर कर दिया गया। कोतवाली प्रभारी रवि सिंह ने बताया कि पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है, ताकि टक्कर मारने वाले वाहन की पहचान कर चालक के खिलाफ कार्रवाई की जा सके।

## प्रेमी को ढूंढते-ढूंढते दिल्ली से प्रेमी के घर पहुंची युवती

**अमेठी समृद्धि न्यूज़**

प्रेम सम्बन्ध के चलते अपने प्रेमी को ढूंढते ढूंढते एक प्रेमिका प्रेमी के घर पहुंच गई। मिली जानकारी के अनुसार युवती मूल रूप से बहराइच जनपद की रहने वाली है और दिल्ली में एक शॉपिंग मॉल में काम करती थी, जहां उसकी मुलाकात जिले के अमेठी कोतवाली के गांव मोचवा निवासी युवक मोहित से हुई। दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ीं और प्रेम संबंध स्थापित हो गया। युवती का आरोप है कि युवक ने शादी का झांसा देकर लंबे समय तक उसके साथ संबंध बनाए। युवती का यह भी आरोप है कि युवक ने उसके आधार कार्ड में पति के नाम के रूप में अपना नाम दर्ज करवाया। कुछ समय



बाद युवक उसे दिल्ली में छोड़कर अपने गांव लौट आया और अब दूसरी शादी करने जा रहा है, जिसकी तिथि 2 मई बताई जा रही है। जानकारी होने पर युवती उस को ढूंढते हुए अमेठी पहुंच गई और उसके घर पर तीन दिन तक रुकी रही। आरोप है कि युवक के परिजनों ने उसे घर से भगा दिया। युवती ने कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई, लेकिन कार्रवाई न होने का आरोप लगाते हुए वह पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंची और उसने पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाई। वहां से उसे कार्रवाई का आश्वासन देते हुए दिल्ली लौटने की सलाह दी गई। हालांकि युवती अपनी मांग पर अड़ी हुई है। उसका कहना है कि युवक उसके साथ संबंध स्थापित करने के बाद दूसरी शादी नहीं कर सकता। मामले में पुलिस द्वारा जांच की बात कही जा रही है।

## डीएम ने आर.एम.पी. इंटर कालेज सीतापुर का किया निरीक्षण

**समृद्धि न्यूज़, सीतापुर।**

जनपद सीतापुर में उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड, लखनऊ द्वारा उ0प्र0 होमगार्डस के पदों पर चयन हेतु आयोजित होने वाली लिखित परीक्षा दिनांक-25, 26 एवं 27 अप्रैल 2026 को दो पालियों में सकुशल, निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराने के दृष्टिगत जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 एवं पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने उजागर लाल इंटर कालेज, सीतापुर एवं आर0एम0पी0 इंटर कालेज सीतापुर का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं एवं आवश्यक दिशा निर्देश सभी संबंधित अधिकारियों को दिये। जिलाधिकारी ने कहा कि परीक्षा सभी तैयारियां समय से पूर्ण कर ली जायें। उन्होंने कहा कि



सी0सी0टी0वी0 शुद्ध पेयजल, शौचालय आदि व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जायें। उन्होंने स्ट्रांग रूम एवं परीक्षार्थियों के बैठने हेतु कक्ष में पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने परीक्षा के दृष्टिगत विभिन्न तैयारियां पूर्ण करने के साथ ही सुरक्षा व्यवस्था कड़ी रखने के निर्देश भी संबंधित को दिये। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व नीतीश कुमार सिंह सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## बीडीओ खैराबाद पर गंभीर भ्रष्टाचार की शिकायत, पहले भी हो चुका है विरोध

**सीतापुर।** जनपद के खैराबाद विकास खण्ड में भ्रष्टाचार के आरोपों ने एक बार फिर तूल पकड़ लिया है। ग्राम पडरी निवासी व मेसर्स शौर्य ट्रेडर्स के स्वामी कुलदीप सिंह ने खण्ड विकास अधिकारी (बीडीओ) खैराबाद श्री नीरज दुबे पर अवैध वसूली और मनमानी का आरोप लगाते हुए राज्यमंत्री ग्राम्य विकास को विस्तृत शिकायत भेजी है। शिकायत के अनुसार, विकास खण्ड कार्यालय में एक निजी व्यक्ति रविन्द्र मिश्रा को बिना किसी वैध नियुक्ति के कंप्यूटर फीडिंग कार्य में लगाया गया है, जो आपूर्तिकर्ताओं से बिल भुगतान से पहले कुल राशि का 15 प्रतिशत नकद 'कमीशन' वसूलता है। बिना भुगतान के बिलों की फीडिंग नहीं की जाती, जिससे भुगतान अटक जाता है। कुलदीप सिंह का कहना है कि उनकी फर्म को वित्तीय वर्ष 2025-26 में विधिवत निविदा मिलने के बाद आपूर्ति कार्य पूरा किया गया, लेकिन बिलों की फीडिंग के लिए बार-बार अनुरोध करने के बावजूद जानबूझकर रोका गया। कमीशन देने से इनकार करने पर पूरे वित्तीय वर्ष में उनके बिलों की फीडिंग नहीं की गई, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान हुआ।

## तेज़ रफ़्तार स्कूली वैन और कार में भीषण टक्कर

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** कोतवाली क्षेत्र जगदीशपुर अंतर्गत श्रीरामगंज में तेज़ रफ़्तार का कहर एक बार फिर देखने को मिला है। जहां स्कूली वैन और कार के बीच जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार के परखच्चे उड़ गए।

हादसे में स्कूली वैन में सवार एक महिला टीचर गंभीर रूप से घायल हो गई, जबकि एक अन्य टीचर और दो बच्चों को भी चोटें आई हैं। दुर्घटना के बाद कार में फंसे ड्राइवर को स्थानीय लोगों ने कड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाला। घटना के बाद मौके पर मौजूद लोगों की मदद से सभी घायलों को इलाज के लिए ट्रामा सेंटर, जगदीशपुर भेजा गया।

जहां बच्चों का प्राथमिक उपचार कर उन्हें घर भेज दिया गया, जबकि घायल महिला टीचर का इलाज जारी है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच-पड़ताल में जुट गई है।


**सूचना**

मैंने व मेरी पत्नी रेशमा देवी ने अपने पुत्र अभयराज व पुत्रवधू श्वेता के गलत चाल चलन के चलते अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर अपने सभी प्रकार के सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है। उन दोनों द्वारा किये गये किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरा व मेरी पत्नी तथा पुत्री रितुराज आदि परिजनों का कोई सरोकार नहीं होगा। **शिवराज सिंह पत्नी बिहारी लाल निवासी जय नारायन वर्मा रोड, कोतवाली फतेहगढ़, जनपद-फर्रु0।**

**कार्यालय ग्रा0पं0 अहमदगंज वि0ख0 शमशाबाद, फर्रुखाबाद**

पत्रांकः-मीमो/राज्य वित्त/केंद्रीय वित्त योजना के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2026-27 दिनांक 23/04/2026

**निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा सूचना**

राज्य वित्त/केंद्रीय वित्त योजना के अन्तर्गत वर्ष 2025-26 में ग्राम पंचायत अहमदगंज विकास खण्ड शमशाबाद द्वारा निम्नलिखित कार्यों में सामग्री विवरण के अनुसार कार्यस्थल पर आपूर्ति हेतु दिनांक 24/04/2026 से दिनांक 28/04/2026 को अपरान्ह 04:00 बजे तक सीलबंद निविदा आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदा दिनांक 28/04/2026 को अपरान्ह 5 बजे गठित समिति एवं निविदादाताओं एवं उनके प्रतिनिधि के समक्ष ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जायेगी। निविदा एवं अन्य प्रपत्र दिनांक 18/03/2026 से दिनांक 24/03/2026 तक सुबह 10 बजे से अपरान्ह 04 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में 500/- रुपये का भुगतान करके प्राप्त की जा सकती है।

| क्र. स | कार्य का नाम | सामग्री लागत (लाख रु0 में) | जमानत धनराशि | टेण्डर मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1- | राधे के घर से लेखराज के घर तक इंटरलॉकिंग कार्य | 1,75,111 | 2 प्रतिशत | 500 |

**नियम व शर्तें-** निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय में अवकाश को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

**प्रधान (प्रीती देवी राजपूत)** **ग्रा0पं0 अहमदगंज, वि0ख0 शमशाबाद** **सचिव (यशकांत)**

# सौरभ तिवारी व सूफियान खान ने प्राप्त किया प्रथम स्थान





**गुरसहायगंज, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

गुरसहायगंज कन्नौज उत्तर प्रदेश हाई स्कूल इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा का परिणाम घोषित होते ही छात्र में छात्राओं में खुशी की लहर दौड़ गई विद्यालयों में छात्राओं को प्रबंधक प्रधानाचार्य व शिक्षकों ने मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दी।

गुरवार को नगर के मोहल्ला गांधी नगर स्थित मदन मोहन मालवीय इंटर कॉलेज गुरसहायगंज में हाई स्कूल बोर्ड का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। सौरभ तिवारी ने 80 प्रतिशत सूफियान खान ने 78.8 प्रतिशत केशव ने 76 प्रतिशत अंक प्राप्त करके क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पाया और कॉलेज का नाम रोशन किया। सौरभ ने अपनी सफलता का श्रेय अपने गुरुजनों, माता पिता एवं अपने कड़े परिश्रम को दिया वहीं सूफियान एवं केशव ने लगन और समर्पण को अपनी सफलता का सबसे बड़ा सूत्र बताया प्रधानाचार्य एवं शिक्षकों ने बच्चों को उनके शानदार एकेडमिक परफॉर्मेंस पर बधाई देते हुए उनके उत्तम भविष्य की कामना की। वहीं दूसरी और औसत और संतोषजनक अंक पाने वालों को भी और अधिक मेहनत, लगन और निष्ठा से पढ़ने हेतु प्रेरित किया और इनका मनोबल बढ़ाया। इसके अतिरिक्त इंटरमीडिएट विज्ञान वर्ग में अनुष्का वर्मा ने प्रथम, सत्यम ने द्वितीय,अभय पांडेय ने तृतीय एवं राघव पाठक ने चौथा स्थान प्राप्त किया तथा इंटरमीडिएट मानविकी वर्ग में सोनम, मनमोहन सिंह एवं आर्यन कुमार ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त कर कॉलेज को गौरवान्वित किया। समस्त उत्तीर्ण बच्चों को कॉलेज प्रबंधन की ओर से ढेरों शुभकामनाएं प्रेषित कर सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्रबंध विजय सिंह कनौजिया ने कहा कि हाई स्कूल वह इंटरमीडिएट की परीक्षा में विद्यालय में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र एवं छात्राओं को विद्यालय प्रबंधन द्वारा सम्मानित किया जाएगा उन्होंने मेधावी छात्रों एवं छात्राओं को शुभकामनाएं दिए हैं।

## निचली गंगा नहर में मिला युवती का शव, हड़कंप

**ठठिया,कन्नौज।** निचली गंग नहर में एक 16 वर्षीय युवती का शव मिलने से हड़कंप मच गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को नहर से बाहर निकलवाने के बाद पोस्टमार्टम हाउस कन्नौज भेजने के बाद मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी थी। जानकारी के मुताबिक थाना ठठिया क्षेत्र के नयापुर्वा गांव के निकट स्थित एमा पुल से करीब एक कि.मी आगे झाड़ियों में फंसा हुआ एक 16 वर्षीय युवती का शव मिलने की सूचना पर आसपास के ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। मामले की सूचना पाकर थाना प्रभारी संजीव कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। नहर से मृतक युवती के शव को बाहर निकलवाया गया और पोस्टमार्टम हेतु जिला अस्पताल भेज दिया गया। युवती की पहचान के लिए पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी थी।

# ऑरेंज पार्टी में बच्चों ने मचाया धमाल

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



आवास विकास कॉलोनी स्थित सुप्रभाष अकादमी में आयोजित ऑरेंज पार्टी में बच्चों ने जमकर धमाल मचाया।

इस अवसर पर विद्यालय परिसर को ऑरेंज शेप के कट आउट से सजाया गया। प्री प्राइमरी के नन्हे बच्चों ने ऑरेंज कलर के वस्त्रों में सुसज्जित होकर इस कार्यक्रम का लुत्फ उठाया। बच्चों ने इस अवसर पर छोटा भीम फिल्म देखी जिसमें कार्टून पात्रों द्वारा नारंगी तोड़ने और खाने के दृश्यों का वर्णन किया गया था।

बच्चों ने फलों से संबंधित नर्सरी राइम पर डांस करके पार्टी को और अधिक रोचक व मनोरंजक बना दिया। प्रधानाचार्य अलका गुप्ता ने बच्चों को ऑरेंज के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि ऑरेंज में विटामिन सी, विटामिन ए, विटामिन बी सिक्स और फाइबर पर्याप्त मात्रा में होता है। यह इम्यूनिटी बढ़ाते हैं और रोगों से लड़ने में भी मदद करते हैं। फाइबर इसमें पर्याप्त मात्रा में पाया जाता है और पाचन में सहायक होता है। संस्था की चेयरपर्सन विभा रानी सक्सेना ने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से बच्चे फलों में रुचि लेकर इनका सेवन भी अधिक करने लगे हैं। ऑरेंज पार्टी में वंशिका दुबे, आरती सत्यार्थी, नेहा यादव, शीतल, जारा, प्रियंका, सोनाक्षी आदि शिक्षिकाएं मौजूद रहीं।



# हाईस्कूल में जनपद स्तर पर स्थान पाने वाले हिमांशु शर्मा का हुआ सम्मान

**छिबरामऊ, कन्नौज।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल परीक्षा 2026 में जनपद में स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र हिमांशु शर्मा को भारतीय समाज सशक्तिकरण संगठन द्वारा सम्मानित किया गया। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेंद्र शर्मा ने हिमांशु को मिष्ठान खिलाकर उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर हिमांशु ने अपनी सफलता का श्रेय माता रेनू देवी, पिता राम निवास एवं गुरुजनों को दिया। कार्यक्रम में कुलदीप यादव, मुनीश गुप्ता, संदीप शर्मा, मंगल शर्मा व आशा शर्मा सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने छात्र की उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए उसे आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

# अंग्रेजी वाचन प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

- वीरेंद्र पब्लिक स्कूल में हुआ आयोजन

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

वीरेंद्र पब्लिक स्कूल में आयोजित अंग्रेजी वाचन प्रतियोगिता में बच्चों ने अपनी प्रतिभा दिखाई। सफल हुए प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। इस प्रतियोगिता में कक्षा प्रथम, द्वितीय व तृतीय के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में अंग्रेजी भाषा के प्रति रुचि बढ़ाना, शुद्ध उच्चारण एवं आत्मविश्वास का विकास करना था। कक्षा प्रथम अ से अर्चित दुबे, अथर्व, सार्थक, सोना और नित्या ने गुड हैबिट कविता प्रस्तुत की। कक्षा द्वितीय से सान्वी, प्रत्युष, संकल्प, गौरी, आरव दीक्षित और अगम ने टू फ्रेंड्स कविता का सुंदर वाचन किया। कक्षा तृतीय से अपेक्षा, कनिष्का, तन्वी, पायल और सिद्धि ने जैक एंड जिल कविता का प्रभावशाली प्रस्तुतिकरण किया।




प्रतिभागियों ने अपनी प्रस्तुति से सभी का मन मोह लिया। निर्णायकों ने विजेताओं का चयन उनके उच्चारण, अभिव्यक्ति, आत्मविश्वास एवं मंच प्रस्तुति के आधार पर किया। प्रबंधक विमलेश दुबे एवं प्रधानाचार्य मोहम्मद आसिम मंसूर के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम में विनीता पाल, अपर्णा कश्यप, प्रेमा शर्मा, गुंजन सक्सेना, अल्पना पाल एवं अनुराधा प्रभाकर ने बच्चो का उत्साहवर्धन किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# पहलगाम हमले के शहीदों को कैंडल मार्च निकालकर दी श्रद्धांजलि



**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

कांग्रेस नगर अध्यक्ष आशीष चौहान के नेतृत्व में पहलगाम में हुए आतंकी हमले में शहीद हुए जवानों को श्रद्धांजलि देने हेतु कैंडल मार्च निकाला गया।

मार्च में शामिल लोगों ने शहीदों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए उनकी शहादत को नमन किया। इस अवसर पर सोनिया ब्रिगेड के जिलाध्यक्ष राजू खान, कोषाध्यक्ष मेहराज खान, नगर उपाध्यक्ष उवैस खान, नगर सचिव दानिश खान, मोहम्मद इकबाल एवं मोहम्मद रईस सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी ने देश की एकता और अखंडता बनाए रखने का संकल्प भी लिया।

## इज्जतनगर मंडल रेलवे संपत्ति की सुरक्षा के प्रति जागरूक

**गुरसहायगंज कन्नौज।** पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर मंडल अपने यात्रियों एवं रेलवे संपत्ति की सुरक्षा के प्रति सदैव तत्पर है। मंडल रेल प्रबंधक, इज्जतनगर सुश्री वीणा सिन्हा ने सभी सम्मानित रेल यात्रियो एवं रेलवे ट्रैक के आस-पास निवास करने वाले आमजन एवं किसानों से अपील की है कि यात्रा करते समय सिगरेट एवं धूम्रपान का प्रयोग न करें तथा विस्फोट पदार्थो यथा-गैस सिलेण्डर, स्टोव, पटाखें एवं किसी भी प्रकार के ज्वलनशील चीजें लेकर न चलें। रेलवे ट्रैक, झाड़ियों या पटरियों के आसपास सूखी घास, पराली या कूड़ा न जलाएं। चलती हुई ट्रेन से जलती हुई माचिस, बीड़ी या सिगरेट ट्रैक के पास न फेंकें। ट्रैक के आसपास बस्तियों में स्टोव, सिगरी या गैस सिलेंडर का उपयोग बहुत सावधानी से करें और सुनिश्चित करें कि आग पटरियों की तरफ न फैले। आतिशबाजी या किसी भी प्रकार के ज्वलनशील पदार्थ का भण्डारण न करें। पत्रकार वार्ता में उन्होंने आगे कहा कि रेलवे ट्रैक के आस-पास आग लगाना न केवल रेलवे संपति को भारी नुकसान पहुँचाता है, बल्कि यात्रियों की जान के लिए भी खतरा पैदा करता है। ट्रैक के पास लगी आग से सिग्नलिंग केबल रिले रुम और दूरसंचार उपकरण जल सकती है।

## खबरें एक नजर में

### बाइक सवार ममेरे भाई-बहन की मौत

**कन्नौज,औरैया।** तेज रफ्तार का कहर एक बार फिर जानलेवा साबित हुआ। औरैया जिले के बिधूना थाना क्षेत्र के तालपुर्वा गांव के पास हुए दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार ममेरे भाई और बहन की मौत हो गई, जबकि दूसरी बहन गंभीर रूप से घायल हो गई है। जानकारी के अनुसार कन्नौज जिले के ठठिया थाना क्षेत्र के खानपुर निवासी 20 वर्षीय नीलू अपनी ममेरी बहनों 18 वर्षीय मानसी और 20 वर्षीय रेनू के साथ औरैया जिले के विक्रमपुर गांव स्थित मंदिर में झंडा चढ़ाने गए थे। तीनों बुधवार शाम बाइक से वापस लौट रहे थे, तभी तालपुर्वा गांव के पास एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में नीलू की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि गंभीर रूप से घायल दोनों बहनों को तिर्वा मेडिकल कॉलेज ले जाया गया। यहां उपचार के दौरान मानसी ने भी दम तोड़ दिया। वहीं रेनू की हालत नाजुक होने पर उसे कानपुर के उच्च चिकित्सा केंद्र रेफर किया गया है, जहां उसकी हालत चिंताजनक बनी हुई है। घटना के बाद चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### डीएम ने किया फार्मर आईडी कैंप पर औचक निरीक्षण

**कन्नौज।** जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने विकासखंड कन्नौज के ग्राम बहरीन में संचालित फार्मर आईडी पंजीकरण कैंप का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने मौके पर मौजूद कार्मिकों को निर्देश दिए कि प्रत्येक पात्र किसान की फार्मर आईडी शीघ्र, शुद्ध और त्रुटिरहित बनाई जाए, ताकि उन्हें शासन की योजनाओं का लाभ समय पर मिल सके। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने बताया कि ग्राम में कुल 678 किसान पंजीकृत हैं, जिनमें से पूर्व में 628 किसानों की फार्मर आईडी बनाई जा चुकी थी। कैंप के दौरान 8 और किसानों का पंजीकरण पूरा किया गया, जिससे कुल संख्या बढ़कर 636 हो गई है। सत्यापन प्रक्रिया में 9 किसान मृतक पाए गए, जबकि 5 मामलों में नाम संबंधी त्रुटियां सामने आईं। जिलाधिकारी ने इन त्रुटियों को तत्काल सुधारने के निर्देश दिए। अभी 28 किसानों की फार्मर आईडी बनना शेष है। डीएम ने निर्देशित किया कि शेष किसानों से व्यक्तिगत संपर्क कर जल्द से जल्द कैंप के माध्यम से उनका पंजीकरण पूर्ण कराया जाए। उन्होंने कहा कि फार्मर आईडी किसानों के लिए महत्वपूर्ण दस्तावेज है, जिसके जरिए उन्हें विभिन्न कृषि योजनाओं और अनुदानों का लाभ मिलता है, इसलिए इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### फांसी के फंदे से लटकता मिला छात्र का शव



**तिर्वा,कन्नौज।** बीएससी फाइनल वर्ष के एक 25 वर्षीय छात्र का शव फांसी के फंदे से लटकता हुआ मिलने की खबर पर परिजनों में हड़कंप मच गया। जानकारी के मुताबिक थाना ठठिया क्षेत्र के बलनापुर गांव निवासी 25 वर्गीय दिव्यांश पुत्र ओमप्रकाश बीएससी अंतिम वर्ष का छात्र था। सुबह 8 बजे के करीब दिव्यांश अपने घर की दूसरी मंजिल पर गया था। काफी समय तक नीचे नहीं उतरने पर परिजनों को चिंता हुई तो आवाज लगाई। परिजनों को जब कोई उत्तर नहीं मिला तो संदेह जताते हुए परिजन घर की ऊपरी मंजिल पर पहुंचे। यहां दिव्यांश का शव पंखे के कुंडे के सहारे फंदे से लटकता हुआ मिला। छात्र को फंदे से लटकता हुआ देख परिजनों में कोहराम मच गया। घटना की सूचना पर मौके पर थाना प्रभारी संजीव कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। मृतक छात्र के शव को पोस्टमार्टम हेतु भेजा गया है। थाना प्रभारी ने बताया कि मामले की जांच पड़ताल जारी है। मृतक छात्र के परिजनों ने बताया कि, दिव्यांश बीते कुछ दिनों से मानसिक तनाव में था, लेकिन उसने किसी भी परिजन को कुछ नहीं बताया। परिवार के किसी सदस्य को अहसास भी नहीं था कि दिव्यांश एक दुखद घटना भरा कदम उठा लेगा।

# योगेश राठौर ने इंटर में प्रदेश में पाया सातवां स्थान

**कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

- 96.20 प्रतिशत अंक हासिल कर जिले में टॉप सफलता से खुशी की लहर
- मेहनत और अनुशासन बना प्रेरणा का आधार



उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा घोषित इंटरमीडिएट परीक्षा परिणाम में कन्नौज जिले ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा का दम दिखाया है।

तिर्वा के महाराणा प्रताप इंटर कॉलेज में अध्यनरत इंटर के छात्र योगेश पुत्र धर्मेंद्र सिंह राठौर ने प्रदेश की मैरिड सूची में सातवां स्थान पाकर जहां जिले का नाम रोशन किया वहीं क्षेत्र और अपने गांव के साथ कॉलेज और परिजनों का नाम भी रोशन किया। खास बात यह रही कि, इस बार के बोर्ड परीक्षा परिणाम में प्रति वर्ष प्रदेश की मैरिड सूची में अपना कब्जा जमाकर अपनी धाक कायम रखने वाले जिले के कॉलेज इस बार चित्त से नजर आए,वहीं जिले के कॉलेजों ने जिले में अपनी अच्छी खासी धाक कायम रखी।

बताते चलें कि, यूपी बोर्ड परीक्षा 2025/2026 की बोर्ड परीक्षा में इस बार तिर्वा नगर क्षेत्र के किनौरा गांव निवासी योगेश ने प्रदेश में अपना परचम फहराया है। योगेश तिर्वा नगर के महाराणा इंटर कॉलेज के छात्र हैं। उन्होंने प्रदेश की मैरिड सूची में सातवां स्थान पाया है

योगेश की इस शानदार उपलब्धि से उनके परिवार, विद्यालय और पूरे जिले में हर्ष का माहौल है। विद्यालय में उन्हें फूल-माला पहनाकर सम्मानित किया गया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

योगेश ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और गुरुजनों के मार्गदर्शन को दिया है। उनकी यह उपलब्धि न केवल जिले के लिए गौरव की बात है, बल्कि अन्य विद्यार्थियों के लिए भी एक प्रेरणास्रोत बन गई है।

# भीषण गर्मी में भट्ठी के बीच लाठी बनाने को मजबूर कारीगर



मेहनत के अनुपात में नहीं मिल रहा दाम

**छिबरामऊ, कन्नौज।** पूर्वी बाईपास पर रहने वाले अनिल श्रीवास्तव पिछले सात वर्षों से लाठी बनाने का काम कर रहे हैं। इस परंपरागत काम में उन्हें कड़ी मेहनत करनी पड़ती है, खासकर इन दिनों पड़ रही भीषण गर्मी में। सुलगती भट्ठी में टेढ़े-मेढ़े बांस को तपाकर सीधा करना बेहद कठिन और जोखिम भरा होता है। लाठी बनाने के लिए मुख्य रूप से बांस का उपयोग किया जाता है, जो अधिकतर झारखंड से मंगाया जाता है, जबकि स्थानीय स्तर पर इसकी उपलब्धता काफी कम है। अनिल बताते हैं कि कच्चे माल की कमी और बढ़ती लागत के बावजूद उन्हें मेहनत के अनुरूप उचित दाम नहीं मिल पाता। उनकी बनाई लाठियों की बिक्री भी नियमित नहीं है। अधिकतर बिक्री मेलों और खास अवसरों पर ही होती है, जबकि फुटकर ग्राहक बहुत कम आते हैं। क्षेत्र में लाठी के लिए कोई स्थायी बाजार या मंडी न होने से कारीगरों को अपनी कला के बावजूद आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

## सूचना

मैंने अपने पुत्र ललित कुमार व उसकी पत्नी (संध्या का आचरण अच्छा नहीं होने के कारण इन दोनों से संबंध विच्छेद कर अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। इनके द्वारा किए गए किसी भी कार्य, लेन देन की मेरी व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**मुन्नी देवी पत्नी, स्वर्गीय मनोहर सिंह निवासी ग्राम कुसका थाना सौरिख (कन्नौज)।**

# कर्तव्य के प्रति समर्पित रहते हैं होमगार्ड वीरेश गुप्ता

- 2 घंटे में गुम हुई बालिका को परिजनों को सौंपा
- दवा लेने आई मां के साथ गुम हुई 2 वर्षीय बालिका

**गुरसहायगंज कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

मेडिकल स्टोर पर दवा लेने आई मां के साथ दो वर्षीय बालिका खेलते हुए अचानक गुम हो गई काफी खोजबीन करने के बाद भी मन को उसकी पुत्री नहीं मिली तो निराश होकर महिला कोतवाली पहुंची और कोतवाली में सूचना दर्ज कराई सूचना दर्ज होते ही पुलिस ने खोजबीन शुरू कर दी। गुरुवार को लगभग 11:30 बजे मोहल्ला गांधीनगर निवासी अब्दुल अजीज की पत्नी गुड़िया बानो अपनी



दो वर्षीय पुत्री नूर फातिमा के साथ नगर के रेलवे रोड स्थित मेडिकल स्टोर पर दवाई लेने आई हुई थी दवा लेने के दौरान उसने अपनी बच्ची को नीचे उतार दिया इसी बीच बच्ची खेलते हुए इधर-उधर निकल गई और गुम होने के बाद मां ने बेटी को तलाश किया लेकिन नूर फातिमा नहीं मिली निराश होकर मां गुड़िया बानो कोतवाली पहुंची जहां मां ने अपनी बच्ची गुम होने की सूचना दी बच्ची की सूचना मिलते ही आनंन फानन नगर के पुलिस चौकी चौराहे पर तैनात होमगार्ड वीरेश गुप्ता को चौकी प्रभारी ने बच्ची गुम होने की सूचना दी सूचना मिलते ही होमगार्ड वीरेश गुप्ता ने बच्चों की तलाश की और लगभग 2 घंटे में खोई हुई बच्ची को मां-बाप को सुपुर्द कर दिया वीरेश गुप्ता के बारे में पुलिस का मानना है कि कर्तव्य के प्रति समर्पित रहते हैं कई भूले विछ्डे बच्चों को परिजनों से मिलकर एक नेक काम किया है और पुलिस की ईमानदारी के साथ ड्यूटी भी निभाई है कर्तव्य निष्ठा के साथ लगातार नगर के मुख्य चौराहे पर ड्यूटी दे रहे हैं इनके कार्य की सराहना की जा रही है उन्होंने बताया कि इससे पहले भी कई गुम हुए बच्चों को ढूंढ कर उनके मां-बाप को सुपुर्द किया गया है।

## अवैध खनन पर प्रशासन की बड़ी कार्रवाई, 13 वाहन सीज

**कन्नौज।** जिले में अवैध खनन और ओवरलोडिंग के खिलाफ प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाते हुए बड़ी कार्रवाई की है। विशेष अभियान के तहत 13 वाहनों को पकड़ा गया, जिन पर कुल ?5,37,900 का जुर्माना लगाया गया। जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री के निर्देश पर अपर जिलाधिकारी (खनिज) देवेंद्र सिंह के नेतृत्व में टीम ने उपजिलाधिकारी व क्षेत्राधिकारी तिर्वा तथा खनन विभाग के साथ संयुक्त रूप से रात्रि चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान सुर्सी चौकी, विसधन-मकनपुर रोड पर 5 ओवरलोड मौरंग से भरे वाहन पकड़े गए, जिनका मौके पर ही ऑनलाइन चालान किया गया। इसके अलावा आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे के सौरिख कट पर एक गिट्टी लदा ओवरलोड वाहन भी कार्रवाई की जद में आया। वहीं बेला-तिर्वा मार्ग पर ग्राम अहेर के पास टास्क फोर्स ने अवैध परिवहन में लगे 7 मौरंग वाहनों को पकड़कर तिर्वा थाने की अभिरक्षा में सौंप दिया।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र सौरभ जायसवाल व उसकी पत्नी सविता रानी को गलत चाल-चलन व कहना न मानने के कारण अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। अब उनके द्वारा किए गए किसी भी कार्य व लेन-देन से मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता व सरोकार नहीं होगा।

**सूचनाकर्ता**
**श्रवण कुमार जायसवाल पुत्र स्व. प्यारेलाल निवासी बी-37 सन्तुष्टि एन्क्लेव पिपरसंड, पिपरसंड, लखनऊ।**

# जसपुरापुर सरैया के पुरसा में बायोगैस प्लांट बना आत्मनिर्भरता का मॉडल

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज।**

- डीएम के निर्देश पर 29 जनवरी 2025 को किया गया था ब्लैकलिस्ट

विकास खंड जलालाबाद की ग्राम पंचायत जसपुरापुर सरैया के मजरा पुरसा स्थित स्थायी गौशाला में स्थापित बायोगैस प्लांट ग्राम स्तर पर आत्मनिर्भरता की दिशा में एक सराहनीय पहल के रूप में उभरकर सामने आया है। यह प्लांट न केवल ऊर्जा के वैकल्पिक स्रोत के रूप में उपयोगी सिद्ध हो रहा है, बल्कि ग्राम पंचायत की आय बढ़ाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। बताया गया कि गौशाला में स्थापित इस बायोगैस प्लांट से उत्पन्न गैस का उपयोग बिजली उत्पादन और पानी की आपूर्ति के लिए किया जा रहा है। इससे गौशाला के संचालन में सुगमता आई है और पारंपरिक ऊर्जा स्रोतों पर निर्भरता कम हुई है।

वहीं, प्लांट से निकलने वाली स्लरी को वैज्ञानिक विधि से जैविक खाद में परिवर्तित कर स्थानीय किसानों को उपलब्ध कराया जा रहा है। इस खाद की बिक्री से ग्राम पंचायत को ओन सोर्स रेवेन्यू (ह्लस्त्र) प्राप्त हो रहा है, जिससे पंचायत की आय में निरंतर वृद्धि दर्ज की जा रही है।उल्लेखनीय है कि इस परियोजना के निर्माण से संबंधित कार्यदायी संस्था आनन्द इंजीनियर्स, लखनऊ को जिलाधिकारी के निर्देश पर 29 जनवरी 2025 को ब्लैकलिस्ट कर दिया गया था। जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय द्वारा इस संबंध में आवश्यक कार्रवाई भी पूरी की गई। ग्राम प्रधान एवं संबंधित अधिकारियों ने बताया कि भविष्य में इस मॉडल का और विस्तार करने की योजना है, ताकि अधिक से अधिक ग्रामीणों को इसका लाभ मिल सके।

## यूपी बोर्ड परिणाम घोषित, छात्र-छात्राएं खुश



**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा परिणाम घोषित होते ही क्षेत्र में खुशी का माहौल देखने को मिला। परिणाम जारी होते ही छात्र-छात्राओं के चेहरे खिल उठे और विद्यालयों में उत्साह का वातावरण बन गया। क्षेत्र के माँ शीतला देवी इंटर कॉलेज, डिगसरा के विद्यार्थियों ने इस वर्ष उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए न केवल विद्यालय बल्कि अपने अभिभावकों का भी नाम रोशन किया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक अनुज कुमार ने सभी सफल छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि कड़ी मेहनत, अनुशासन और लगन से किया गया प्रयास कभी व्यर्थ नहीं जाता।विद्यालय की इंटर मीडियम की छात्रा फतेहपुर जसोदा निवासी रामनिवास की पुत्री कोमल दुबे ने 90.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में 10वीं रैंक हासिल की। इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार और परिजन गौरवान्वित हैं। कोमल दुबे ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता- पिता और शिक्षकों को दिया है। परिणाम घोषित होने के बाद विद्यालय में मिठाई बांटकर खुशी का इजहार किया गया। वहीं अभिभावकों ने भी बच्चों की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## कार्यालय नगर पालिका परिषद गुरसहायगंज, जनपद-कन्नौज

संख्या-62/डीए-05/ /2026-27 दिनांक-23/04/2026

### ई-निविदा सूचना

शासनादेश संख्या 3890/9-5/19/149सा/2019 दिनांक 20 सितम्बर 2019 में विहित प्राविधानों के अन्तर्गत अर्ह ठेकेदारों/फर्मों को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद गुरसहायगंज जनपद-कन्नौज 15वां वित्त आयोग बुनियादी एवं निर्दिष्ट अनुदान के अन्तर्गत निर्माण कार्य कराना चाहती है जिसके लिये अर्ह ठेकेदारों/फर्मों से ई-निविदाएं ई-टेण्डर पोर्टल के माध्यम से आमंत्रित की जाती है।

**Tender Reference Number-2024-25/17ET(RE) and 2025-26/14ET(RE), 15ET(RE) and 16ET(RE)**

| क्र0 | स्टेज | तिथि | समय |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | Publishing Date | 27-04-2026 | 09:00 AM |
| 2 | Document Download/Sale Start Date | 27-04-2026 | 09:00 AM |
| 3 | Seek Clarification Start Date | 27-04-2026 | 09:00 AM |
| 4 | Seek Clarification End Date | 29-04-2026 | 02:00 PM |
| 5 | PreBid Meeting Date | 29-04-2026 | 02:00 PM |
| 6 | Bid Submission Start Date | 29-04-2026 | 03:00 PM |
| 7 | Bid Submission Closing Date | 05-05-2026 | 02:00 PM |
| 8 | Bid Opening Date | 05-05-2026 | 03:00 PM |

ई-निविदा हेतु उल्लेखित कार्यों का विवरा उनकी आगणन लागत, निविदा की धरोहर राशि (EMD) निविदा मूल्य तथा समयावधि का विवरण, शर्तें व प्रतिबंध पोर्टल www.etender.up.nic.in पर दिनांक 27-04-2026 प्रातः 09:00 बजे से देखा जा सकता है। ई-निविदा पोर्टल पर प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदा आमंत्रित की गयी है। निविदा खोलने की तिथि को अवकाश घोषित होने की दशा में अग्रिम कार्य दिवस पर निविदाएं खोली जायेंगी।

**(अनिल कुमार)**
**अधिशासी अधिकारी/टेण्डर कमेटी अध्यक्ष**

**(मुन्नी देवी)**
**अध्यक्ष**

# यूपी बोर्ड हाईस्कूल: 88.20 प्रतिशत के साथ 20461 परीक्षार्थी उत्तीर्ण

**हाईस्कूल में अंशिका यादव बनी टॉपर**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज़।**

यूपी बोर्ड हाईस्कूल परीक्षा में 24729 परीक्षार्थियों में 23198 परीक्षार्थी शामिल हुए। जिसमें 20461 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। 88.20 प्रतिशत जनपद का परीक्षा परिणाम रहा। हाईस्कूल में 14 छात्र-छात्राओं ने जनपद की टॉपर सूची में नाम दर्ज कर जिले का मान बढ़ाया। जिसमें जनपद में टापर बनकर प्रथन स्थान प्राप्त करने वाले 600 में से 583 अंक लाकर 97.17 प्रतिशत के साथ अंशिका यादव एसके इंटर कालेज मंझना प्रथम स्थान पर रही। वहीं द्वितीय स्थान पर रिद्धिमा वर्मा ने 600 में से 580 अंक लाकर 96.67 प्रतिशत अंक लाकर स्वराजवीर इंटर कालेज कमालगंज रही। तीसरे स्थान पर नैंसी सिंह ने 600 में से 570 के साथ 55 प्रतिशत अंक लाकर एसडी इंटर कालेज पहला राजेपुर रही। चौथे स्थान पर वंशिका स्वराजवीर इंटर कालेज कमालगंज 600 में से 567 अंक के साथ 94.50 प्रतिशत पर रही। चौथे ही स्थान पर निशा एसडी इंटर कालेज पहला राजेपुर 600 में से 567 अंक के साथ 94.50 प्रतिशत पर रही। पांचवें स्थान पर अंशिका वर्मा राजकीय बालिका इंटर कालेज राजेपुर 600 में से 566 अंक के साथ 94.33 प्रतिशत रही। छठे नंबर पर मानवी यादव एसबीएम इंटर कालेज फतेहगढ़ 600 में से 562 अंक के साथ 93.67 प्रतिशत पर रही। वहीं प्रज्ञा स्वराजवीर इंटर कालेज कमालगंज 600 में से 562 अंक के साथ 93.67 प्रतिशत पर रही। वहीं गौरी दुबे आर्दश रामस्वरुप इंटर कालेज राजपूत जवाहर नगर 600 में से 562 अंक के साथ 93.67 प्रतिशत पर रही। सातवें स्थान पर अहम राजपूत 600 में से 561 के साथ 93.50 प्रतिशत रहे। वहीं सातवें स्थान पर एकता एसडी इंटर कालेज पहला राजपुर 600 में से 561 के साथ 93.50 प्रतिशत पर रही। आठवें स्थान पर स्नेहा आदर्श रामस्वरुप इंटर कालेज 600 में से 560 अंक लाकर 93.33 प्रतिशत रही। वहीं नवमें स्थान पर अंशिका सीपी विद्या निकेतन 600 में से 559 अंक के साथ 93.17 प्रतिशत रही। वहीं दसवें स्थान पर अक्षय आदर्श रामस्वरुप इंटर कालेज 600 में से 558 अंक के साथ 93 प्रतिशत पर रहे। सभी हाईस्कूल के टॉपर विद्यार्थियों को जिलाधिकारी व जिला विद्यालय निरीक्षक व विद्यालय के प्रबंधक एवं प्रधानाचार्यों के अलावा परिवार में माता-पिता के अलावा अन्य लोगों ने बधाई दी और माला पहनाकर मिठाई खिलाई।

## यूपी बोर्ड परीक्षा हाईस्कूल में अंशिका यादव ने किया जिला टॉप



मां व पिता के साथ मौजूद टॉपर अंशिका यादव

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज़।** यूपी बोर्ड हाईस्कूल व इंटर मीडिएट का परीक्षा परिणाम आते ही मेधावियों के चेहरे खिल उठे। इस वर्ष हाईस्कूल में 88.20 प्रतिशत रहा। जनपद की होनहार छात्रा अंशिका यादव ने हाईस्कूल परीक्षा में शानदार सफलता हासिल कर जिले का नाम रोशन किया है। ग्राम गंगलऊ परमनगर निवासी मनीष यादव की पुत्री अंशिका यादव जो एसके इंटर कॉलेज मँझना की छात्रा हैं, ने वर्ष 2026 की हाईस्कूल परीक्षा में जनपद में प्रथम स्थान एवं प्रदेश में चतुर्थ स्थान प्राप्त किया है। अंशिका ने कुल 600 अंकों में से 583 अंक हासिल कर 97.17 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। उनकी इस बड़ी उपलब्धि से परिवार और क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई है। अंशिका यादव ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और शिक्षकों को देते हुए बताया कि उनका सपना यूपीएससी परीक्षा पास कर देश की सेवा करना है। इस उपलब्धि पर एसके इंटर कॉलेज मँझना के प्रधानाचार्य वेदराम शर्मा छात्रा के घर पहुंचे और मिठाई खिलाकर उसे शुभकामनाएं दीं तथा उज्वल भविष्य की कामना की। अंशिका की इस सफलता से पूरे क्षेत्र में गर्व का माहौल है और अन्य छात्रों को भी आगे बढ़ने की प्रेरणा मिली।

## इंटर में नैंसी राठौर ने जनपद में प्रथम स्थान प्राप्त कर नाम किया रोशन

**यूपी बोर्ड इंटर मीडिएट में 17304 छात्र-छात्रायें हुए उत्तीर्ण**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज़।** यूपी बोर्ड हाईस्कूल व इंटर मीडिएट का परीक्षा परिणाम आते ही मेधावियों के चेहरे खिल उठे। इस वर्ष हाईस्कूल में 88.20 प्रतिशत व इंटरमीडिएट का 82.31 प्रतिशत परीक्षा परिणाम रहा। पूरे प्रदेश भर में हाईस्कूल में 60 वीं रैंक व इंटर में ३७वीं रैंक मिली। प्रदेश भर में हाईस्कूल में 90.42 व इंटर मीडिएट में 80.38 प्रतिशत परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए। जनपद फर्रुखाबाद में इंटरमीडिएट में टापर छात्र-छात्राओं में 500 में से 461 अंक प्राप्त कर जनपद की टापर नैंसी राठौर सर्वोदय इंटर कालेज पिपरगांव की रही। वहीं द्वितीय स्थान पर 500 में से 459 अंक पाकर मनमोहन जनता भारतीय इंटर कालेज भरखा रहे। तीसरे स्थान पर 500 में से 458 अंक पाकर वैभव स्वराजवीर इंटर कालेज कमालगंज ने प्राप्त किया। चौथे स्थान पर 500 में से 456 अंक पाकर प्रियम राठौर एसवीएमआईसीएस नगर रहे। पांचवें स्थान पर 500 में से 453 अंक पाकर अभिषेक कुमार सिंह एसवीएमआईसीएस नगर रहे। छठवें स्थान पर 500 में से 449 अंक पाकर जानवी यादव एसवीएमआईसीएस नगर रही। छठवें स्थान पर 500 में से 449 अंक पाकर विशाखा एसडी इंटर कालेज पहला राजेपुर रही। सातवें स्थान पर 500 में से 448 अंक लाकर स्वराजवीर इंटर कालेज कमालगंज के अक्षरा रही। आठवें स्थान पर 500 में से 445 अंक लाकर यशी एसडी आरएसएस इंटर कालेज पखना रही। वहीं आठवें स्थान पर रिद्धि गुप्ता ने 500 में से 445 अंक लाकर राजकीय बालिका इंटर कालेज राजेपुर रही। नवमें स्थान पर राज ने 500 में से 444 अंक पाकर एसएसडीआरकेआईसी कनकापुर रहे। वहीं दसवें स्थान पर 500 में से 442 अंक पाकर कृष्ण कुमारी आर सिंह इंटर कालेज मंझना के अंश रहे। सभी इंटर के टॉपर विद्यार्थियों को जिलाधिकारी व जिला विद्यालय निरीक्षक व विद्यालय के प्रबंधक एवं प्रधानाचार्यों के अलावा परिवार में माता-पिता के अलावा अन्य लोगों ने बधाई दी और माला पहनाकर मिठाई खिलाई।

# सीएचसी परिसर में खड़ी दो एम्बुलेंसों में लगी भीषण आग, मची अफरा-तफरी

**कंपिल, समृद्धि न्यूज़।**



अचानक उठीं आग की लपटों ने अस्पताल परिसर में कुछ ही पलों में अफरा-तफरी मचा दी। खड़ी एम्बुलेंस से उठता काला धुआं और घबराकर भागते लोग एक बड़े हादसे का संकेत दे रहे थे हालांकि समय रहते आग पर काबू पा लिया गया। कस्बा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में गुरुवार दोपहर करीब 12 बजे लंबे समय से खड़ी दो पुरानी एम्बुलेंस में अचानक आग लग गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, पहले एक एम्बुलेंस से धुआं उठता दिखाई दिया, जिसके बाद आग तेजी से फैल गई और पास खड़ी दूसरी एम्बुलेंस भी इसकी चपेट में आ गई। आग की लपटें और घना धुआं देखकर अस्पताल में मौजूद मरीज, तीमारदार और कर्मचारी घबरा गए। हालात ऐसे बन गए कि लोग सुरक्षित स्थान की ओर भागने लगे। कर्मचारियों ने तुरंत अग्निशमन यंत्रों से आग बुझाने का प्रयास किया लेकिन लपटें इतनी तेज थीं कि काबू पाना मुश्किल हो गया। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और पानी की मदद से आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन सफलता नहीं मिल सकी। करीब 20 मिनट बाद फायर ब्रिगेड की टीम पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर नियंत्रण पा लिया गया। इस दौरान दोनों एम्बुलेंस पूरी तरह जलकर नष्ट हो गईं। फिलहाल मामले की विस्तृत जांच जारी है। गनीमत रही कि घटना में कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन अस्पताल परिसर में खड़े निष्क्रिय वाहनों को लेकर सवाल जरूर खड़े हो गए हैं। चिकित्सक डॉ0 सुनील ने बताया कि आग लगने के सटीक कारणों का अभी पता नहीं चल सका है। प्रारंभिक तौर पर बढ़ती गर्मी को एक संभावित वजह माना जा रहा है जबकि तकनीकी पहलुओं की भी जांच की जा रही है।

## डीएम ने मधु गैस एजेंसी का किया औचक निरीक्षण



गैस एजेंसी पर उपभोक्ताओं की समस्या सुनती डीएम

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज़।** जिलाधिकारी डॉ0 अंकुर लाठर व पुलिस अधीक्षक आरती सिंह ने कमालगंज स्थित मधु गैस एजेंसी का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान 08 अप्रैल की गैस बुकिंग की डिलीवरी अब तक न होने पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी उपभोक्ताओं को गैस की 100 प्रतिशत होम डिलीवरी सुनिश्चित की जाए। निरीक्षण के दौरान उपभोक्ताओं ने अवगत कराया कि बिना गैस प्राप्त किए ही डिलीवरी का संदेश प्राप्त हो रहा है, जिसे जिलाधिकारी ने गंभीरता से लिया। इस संबंध में जिलाधिकारी ने जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देशित किया कि यह सुनिश्चित किया जाए कि बिना वास्तविक डिलीवरी के किसी भी उपभोक्ता को गैस डिलीवरी का संदेश न भेजा जाए तथा सभी बुकिंग की समयबद्ध आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व, अपर पुलिस अधीक्षक व संवंधित मौजूद रहे।

## बाइक की टक्कर से मोपेड सवार घायल

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज़।** जहानगंज थाना क्षेत्र के ग्राम झसी निवासी 16 वर्षीय शिवा गुरुवार सुबह अपने छोटे भाई सुंदरम को विद्यालय छोड़ने के लिए मोपेड से जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में सामने से आ रही एक तेज रफ्तार मोटरसाइकिल ने उसकी मोपेड में टक्कर मार दी। टक्कर के कारण शिवा सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों ने तुरंत एंबुलेंस सेवा को सूचना दी। सूचना मिलते ही एंबुलेंस मौके पर पहुंची और घायल शिवा को कमालगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। डॉक्टरों ने उसका प्राथमिक उपचार किया। घटना के बाद टक्कर मारने वाला बाइक सवार मौके से फरार हो गया। जहानगंज थाना अध्यक्ष पूनम अवस्थी ने बताया कि अभी तक कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है, तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## पॉक्सो के आरोपी को सात वर्ष का कारावास, सात हजार का जुर्माना, अर्थदंड की धनराशि का 80 प्रतिशत पी दिया जाएगा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज़।** पोस्को एक्ट के मामले में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश विशेष पॉक्सो प्रथम न्यायाधीश मेराज अहमद ने अभियुक्त अजय पुत्र सुखवीर उर्फ सुखवासी निवासी चिलोरा कोतवाली कायमगंज को दोषी करार देते हुए सात वर्ष का कारावास व सात हजार रुपए का अर्थदंड से दंडित किया गया। विगत 8 वर्ष पूर्व कोतवाली कायमगंज क्षेत्र के निवासी युवक ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि 17/18 अप्रैल 2018 को समय करीब तीन बजे रात में अजय बुरी नियत से घर से घुस आया व बरामदे में तख्त पर लेटी मेरी 15 वर्षीय पुत्री को दबोच लिया तथा अश्लील हरकत करने लगा। शोर मचाने पर मैं घर से कुछ दूरी पर लेटा था, मैं घर पहुंचा तो मैंने मौके पर पकड़ लिया। बाद में अजय की परिजन जबरिया छुड़ा ले गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया। विवेचक ने साक्ष्य गवाह के आधार पर न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता प्रदीप सिंह की कुशल पैरवी के आधार पर न्यायाधीश मेराज अहमद ने अभियुक्त अजय को दोषी करार देते हुए सात वर्ष का कारावास व सात हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया।

## बोलेरो की टक्कर से मासूम की मौत

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज़।** थाना अमृतपुर क्षेत्र के ग्राम चिड़िया महोलिया में गुरुवार बोलेरो की टक्कर से 4 वर्षीय मासूम की मौत हो गई। घटना सुबह करीब 10 बजे की बताई जा रही है। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। वहीं पुलिस ने कार को भी कब्जे में ले लिया। जानकारी के अनुसार शेरसिंह का चार वर्षीय पुत्र चमन अपने घर के बाहर खेल रहा था, तभी तेज रफ्तार बोलेरो यूपी 76एके/5304 ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में चमन गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन उसे तत्काल इलाज के लिए ले जा रहे थे, लेकिन उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। बताया जा रहा है कि बोलेरो वाहन को सुनील पुत्र सेवाराम निवासी ग्राम मोकुलपुर थाना अमृतपुर चला रहा था। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और बड़ी संख्या में ग्रामीण एकत्र हो गए। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह ने बताया कि बोलेरो वाहन को कब्जे में ले लिया गया है और मामले में प्रार्थना पत्र मिलने पर विधिक कार्रवाई की जाएगी। मासूम की असमय मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है, वहीं पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है।



रोते बिलखते परिजन मौजूद पुलिस

# डीएम-एसपी ने होमगार्ड भर्ती परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण

**स्मार्टवॉच, सनग्लासेस एवं हैंडबैग ले जाना पूर्णता रहेगा प्रतिबंधित**

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज़।**

जिलाधिकारी डॉ. अंकुर लाठर एवं पुलिस अधीक्षक आरती सिंह ने 25, 26 व 27 अप्रैल को आयोजित की जाने वाली होमगार्ड भर्ती परीक्षा के दृष्टिगत विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान आर.पी. इंटर कॉलेज कामलगंज, आर.पी. पी.जी. कॉलेज कामलगंज, फिरोज गांधी इंटर कॉलेज कामलगंज तथा जनता राष्ट्रीय इंटर कॉलेज फतेहगढ़ का निरीक्षण किया।

डीएम ने सभी परीक्षा केंद्रों पर स्ट्रॉन्ग रूम एवं सीसीटीवी कंट्रोल रूम का निरीक्षण करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि शौचालयों की समुचित साफ-सफाई, पेयजल की उपलब्धता तथा बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली को आज सायं तक पूर्णतः सुचारु रूप से संचालित किया जाए। साथ ही अभ्यर्थियों की सघन चेकिंग एवं पहचान का सत्यापन अनिवार्य रूप से सुनिश्चित की जाये। जनपद में होमगार्ड परीक्षा हेतु कुल 19 परीक्षा केंद्र बनाए गए है। प्रत्येक केंद्र पर एक सेक्टर मजिस्ट्रेट व एक स्टैटिक मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है। साथ ही 02 सेक्टर मजिस्ट्रेट व 04 स्टैटिक मजिस्ट्रेट को रिजर्व में रखा गया है। परीक्षा का आयोजन 02 पालियों में किया जाएगा। प्रत्येक पाली में 7104 परीक्षार्थियों द्वारा परीक्षा दी जाएगी। इस प्रकार जनपद में 03 दिनों में कुल 42624 अभ्यर्थियों द्वारा परीक्षा दी जाएगी। परीक्षा केंद्र के अंदर मोबाइल फोन, इलेक्ट्रॉनिक गैजेट, पेपर, पर्स, स्मार्टबैंड, स्मार्टवॉच, सनग्लासेस एवं हैंडबैग ले जाना पूर्णता प्रतिबंधित रहेगा साथ ही अनाधिकृत व्यक्तियों का प्रवेश वर्जित रहेगा। सभी केंद्रों पर क्लॉक रूम स्थापित किये गए है, अभ्यर्थियों को केवल पेन, प्रवेशपत्र व मूल पहचानपत्र के साथ ही प्रवेश की अनुमति होगी। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व), अपर पुलिस अधीक्षक सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।



परीक्षा केंद्र का निरीक्षण करती डीएम व एसपी

# दुल्हन की चौथी चलने के बाद दूल्हे की हालत बिगड़ी, मौत

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज़।**

दूल्हन की चौथी चलने के बाद दूल्हे की अचानक हालत बिगड़ गयी। परिजन उपचार के लिए उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लेकर आये। जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार जनपद एटा के थाना अलीगंज क्षेत्र के मोहल्ला राधा कृष्ण निवासी आकाश उम्र 25 वर्षीय पुत्र जयवीर जाटव का 19 अप्रैल को साहिबाबाद क्षेत्र के गोपुरा निवासी शालू से विवाह था। 22 अप्रैल को दुल्हन के परिजन चौथी चलाकर शालू को अपने साथ ले गये। 23 की सुबह को आकाश की अचानक हालत बिगड़ने लगी। परिजन उसे उपचार के लिए प्राइवेट वाहन द्वारा कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लेकर आए। जहाँ डयुटी पर तैनात चिकित्सक डॉ. विपिन कुमार ने आकाश को मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना पाते ही परिजनों मे कोहराम मच गया।



अस्पताल में मौजूद परिजन

## आटा चक्की से गेहूं की बोरी चोरी का प्रयास, तीन के खिलाफ तहरीर

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** रात्रि के समय गांव के युवकों द्वारा आटा चक्की से गेहूं की बोरी चोरी करने का प्रयास किया गया। पीड़ित ने गांव के तीन युवकों के विरुद्ध चोरी का आरोप लगाकर तहरीर दी है। थाना क्षेत्र नवाबगंज के ग्राम भारत नगर निवासी राकेश अपने घर के बाहर लगी आटा चक्की के पास सो रहे थे। रात्रि करीब ढाई बजे राकेश को खटर पटर की आवाज सुनाई दी। जिस पर राकेश जाग गए और उठकर आटा चक्की के पास गए, तभी देखा की गाँव का ही एक युवक और उसके अज्ञात दो साथी गेहूँ की बोरियों को उठा रहे थे, जिस पर राकेश ने शोर शराबा शुरू कर दिया। शोर शराबा सुनकर युवक और उसके साथी भागने लगे। राकेश ने युवक को पकड़ना चाहा तो युवक धक्का देकर गाली-गलौज कर भाग गया। राकेश ने थाना पुलिस को तीन लोगों के खिलाफ तहरीर दी है। वहीं थाना पुलिस ने जाँच कर कार्यवाही करने की बात कहीं।

## बांकेलाल हत्याकांड में दो आरोपी गिरफ्तार



पुलिस हिरासत में आरोपी

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज़।**

कोतवाली क्षेत्र के गाँव उलिपापुर निवासी बांकेलाल को 12 अप्रैल की सुबह पुरानी रंजिश के चलते लाठी-डंडों और चाकू से हमला कर बांकेलाल की हत्या करने का आरोप में कोतवाली प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार शुक्ला ने टीम के साथ दो हत्या आरोपी जौनी, व शनी पुत्रगण राजवीर निवासी घसिया चिलौली दबोचा लिया। इस घटना में पुलिस पहले ही एक महिला सहित तीन आरोपियों को जेल भेज चुकी है। यह घटना पुरानी रंजिश का परिणाम थी। मृतक के भाई विपिन कुमार 13 के खिलाफमुकदमा दर्ज कराया था। आरोपियों ने कबूल किया कि बांकेलाल के परिवार और उनके बीच लंबे समय से रंजिश चल रही थी। आरोपियों ने बताया कि वर्ष 2025 में उनकी भैंस जलाकर मार दी गई थी, जिसका मुकदमा न्यायालय चल रहा था। वहीं कोतवाली क्षेत्र के गांव अलहदादपुर में 4 मार्च की शाम 5:30 बजे हुई सूरज सिंह की हत्या के मामले के चार आरोपियों जसवंत सिंह, श्याम सुंदर, राघवेंद्र और सर्वेंद्र ने न्यायालय में समर्पण कर दिया। जबकि दो आरोपियों अरविंद व सविता देवी को पुलिस पहले ही जेल भेज चुकी है।

# चूल्हे की चिंगारी से लगी आग, एक दर्जन घरों की लाखों की गृहस्थी जलकर राख

**शमसाबाद, समृद्धि न्यूज़।**

गंगा कटरी क्षेत्र के गांव में गुरुवार सुबह खाना बनाते समय चूल्हे की चिंगारी से लगी आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। तेज हवा के चलते आग तेजी से फैल गई और देखते ही देखते आसपास की करीब 11 झोपड़ियां इसकी चपेट में आ गई। इस भीषण आगजनी में लाखों रुपये की गृहस्थी जलकर राख हो गई।

जानकारी के अनुसार, गंगा कटरी क्षेत्र के गांव समेंचीपुर चितार निवासी सोहेल की पुत्री असरीना सुबह चूल्हे पर खाना बना रही थी। इसी दौरान निकली चिंगारी से झोपड़ी में आग लग गई। हवा तेज होने के कारण आग ने जल्द ही विकराल रूप ले लिया और आसपास के अन्य घरों को भी अपनी चपेट में ले लिया। घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीणों में अफरा-तफरी मच गई। लोगों ने तत्काल थाना पुलिस, फायर ब्रिगेड, राजस्व विभाग और पशु विभाग को सूचना दी। थाना पुलिस सुबह 8 बजे और फायर ब्रिगेड की टीम सुबह करीब 9 बजे मौके पर पहुंच गई तब तक ग्रामीण ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हालांकि, 10 बजे तक राजस्व टीम और पशु विभाग के कर्मचारी मौके पर नहीं पहुंच सके थे, जिससे ग्रामीणों में नाराजगी देखने को मिली। आग लगने से प्रभावित परिवारों का भारी नुकसान हुआ है। कई घरों में रखा अनाज, कपड़े, बर्तन और अन्य जरूरी सामान जलकर पूरी तरह नष्ट हो गया। गनीमत रही कि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन कई परिवार बेघर हो गए हैं। आग से पीड़ित सुहेल का घरेलू सामान और झोपड़ी जल गई। वही दूसरे पीड़ित अकीशन बेगम पति खुश मोहम्मद घरेलू सामान और झोपड़ी जल गई, लगभग और नगद 81000, तरबूज की बिक्री के रुपये जल गए, दो जानंबर झुलसे गये। लगभग 2 लाख का नुकसान हुआ है। नौशाद का घरेलू सामान व झोपड़ी जली गयी। शमशाद का घरेलू सामान ब झोपड़ी जल गयी। मयशाद, हासमा बेगम, शाहरुख, हुस्नमोहंद, नजरुल, खान मोहमद इन सभी पीड़ितों का घरेलू सामान व झोपड़ी जलकर राख हो गया। आग की लपटों ने ईदुल की झोपड़ी को जला दिया। 31000 रुपया नगद तरबूज की बिक्री का रखा था नगदी के बाद लगभग 52000 का नुकसान हो गया। इन सभी पीड़ितों का घरेलू सामान बा झोपड़ी जलकर राख हो गई। घटना को लेकर गांव में अफरा-तफरी मच गयी। ग्रामीण आग बुझाने का प्रयास करते रहे। ग्राम प्रधान ताराबानो के पुत्र शिजवान ने गंगा में पंप सेट लगाकर पानी से आग बुझाई। डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद ग्रामीणों ने आग पर काबू पा लिया। 9 बजे के लगभग फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची, तब तक आग पूरी तरह से बुझ चुकी थी। फायर ब्रिगेड घटनास्थल से वापस लौटी। पशु विभाग टीम और राजस्व टीम 10 बजे तक घटना स्थल पर नहीं पहुंची। 11 के समय लेखपाल पंकज सिंह मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल में जुटे। 10:45 पर पशु विभाग की टीम मौके पर पहुंची दोनों जानवरों का उपचार किया। थाना अध्यक्ष रमेश सिंह ने बताया आग से झोपड़ियां और घरेलू सामान जला है, कोई जन हानि नहीं हुई है।



आग बुझाते ग्रामीण

# कुर्क जमीन पर कब्जा करने वालों पर लेखपाल ने दर्ज कराया मुकदमा

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज़।**

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सभा लखनपुर के लेखपाल आशीष वर्मा ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग की है। ग्राम लखनपुर में स्थित गाटा संख्या 568 (क्षेत्रफल 81 वर्ग मीटर) को प्रशासन ने अभियुक्त जुबैर खान पुत्र लडडन खान निवासी गढ़ी नूर खान के विरुद्ध दर्ज गैंगस्टर एक्ट के मामले में कुर्क किया था। कुर्की की कार्रवाई के बाद प्रशासन ने उक्त भूमि पर अपना अधिकार दर्शाने वाला सरकारी बोर्ड लगा दिया था। लेखपाल आशीष वर्मा द्वारा दी गई तहरीर में आरोप लगाया गया है कि 15 अप्रैल 2026 को ग्राम सिकन्दरपुर निवासी यज्ञदत्त शुक्ला पुत्र राजेश शुक्ला ने दुस्साहस दिखाते हुए प्रशासन द्वारा लगाए गए बोर्ड को वहां से उखाड़ दिया। इतना ही नहीं आरोपी ने बोर्ड वाले स्थान पर भवन निर्माण के लिए नींव भी खोद दी और सरकारी बोर्ड को हटाकर उसी प्लॉट के दूसरे कोने पर फेंक दिया।

लेखपाल ने इस कृत्य को सरकारी आदेशों की अवहेलना और कुर्क संपत्ति पर अवैध कब्जे का प्रयास बताते हुए आरोपी यज्ञदत्त शुक्ला के विरुद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट ;दर्ज करने हेतु थानाध्यक्ष को पत्र दिया है।

## बाजार के बहाने गयी किशोरी रफूचक्कर

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** घर से बाजार जाने की बात कहकर निकली नाबालिक युवती घंटों बीत जाने के बाद भी जब वह घर वापस नहीं लौटी, तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की, लेकिन उसका उसका कुछ पता नहीं लगा। पीड़ित पिता ने कोतवाली में दी गई तहरीर में कहा कि उनकी बेटी घर में रखे सोने-चांदी के कीमती जेवर और 30 हजार रुपए की नकद भी अपने साथ ले गई है। पिता ने इस घटना के पीछे चचेरे भाई पर नाबालिग को बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप लगाया है। इस मामले में केवल आरोपी ही नहीं, बल्कि उसके परिवार के अन्य सदस्यों पर भी मदद का आरोप है कि इन सभी लोगों ने नाबालिग को घर से भगाने में सक्रिय भूमिका निभाई है। मामले की गंभीरता को देखते हुए कायमगंज कोतवाली प्रभारी विनोद कुमार शुक्ला ने तुरंत कार्रवाई की है। उन्होंने बताया कि पीड़ित पिता की तहरीर के आधार पर नामजद आरोपियों के खिलाफसुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया।

# गैस एजेंसी की लापरवाही से उपभोक्ता परेशान

**कंपिल, समृद्धि न्यूज़।**

नगर कंपिल में पुलिस स्टेशन के पास संचालित गंगवार इंटरप्राइजेज एचपी गैस एजेंसी इन दिनों अव्यवस्थाओं और लापरवाही के कारण चर्चा में है। गुरुवार को एजेंसी परिसर में भारी भीड़ उमड़ पड़ी। जहां उपभोक्ताओं को घंटों लाइन में खड़े रहने के बावजूद गैस सिलेंडर नहीं मिल सका। इस स्थिति से नगर के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों में भी भारी आक्रोश व्याप्त है। स्थानीय उपभोक्ता राजेंद्र सिंह मोहल्ला मांझ गांव पश्चिम ने बताया कि उन्होंने 14 अप्रैल को गैस बुक कराई थी, लेकिन लगातार एजेंसी के चक्कर लगाने के बावजूद अब तक उन्हें सिलेंडर उपलब्ध नहीं कराया गया। उनका कहना है कि एजेंसी पर उपभोक्ताओं की गैस किताबें जमा कर ली जाती हैं, फिर भी समय पर डिलीवरी नहीं दी जा रही है, जिससे लोगों को अनावश्यक रूप से परेशान होना पड़ रहा है। इसी तरह कई अन्य उपभोक्ताओं ने भी आरोप लगाया कि एजेंसी द्वारा होम डिलीवरी की सुविधा पूरी तरह ठप कर दी गई है। लोगों को मजबूरन खुद ही एजेंसी या निर्धारित स्थानों पर जाकर सिलेंडर लेना पड़ रहा है, जिससे खासकर बुजुर्ग, महिलाएं और दूरदराज के ग्रामीण उपभोक्ता अधिक प्रभावित हो रहे हैं। शिवम नामक एक स्थानीय निवासी ने बताया कि गैस एजेंसी से लगभग 500 मीटर दूर कायमगंज रोड स्थित डाक बंगला के पास सिलेंडरों का वितरण किया जा रहा है। इस अस्थायी व्यवस्था के कारण उपभोक्ताओं को स्पष्ट जानकारी नहीं मिल पाती और उन्हें इधर उधर भटकना पड़ता है, जिससे अव्यवस्था और बढ़ जाती है। मामला उस समय और गंभीर हो गया जब गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी के आरोप सामने आए। सूत्रों के अनुसार, कुछ लोगों द्वारा निर्धारित मूल्य से अधिक कीमत पर सिलेंडर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। आरोप है कि एक सिलेंडर के लिए लगभग 1800 रुपये तक वसूले जा रहे हैं, जो कि सरकारी दरों से कहीं अधिक है। मांझ गांव निवासी नजी मुल्ला ने बताया कि उनकी मां इकबाल फातिमा के नाम से गैस कनेक्शन है। उन्होंने करीब 20 दिन पहले गैस बुक कराने के लिए एजेंसी का रुख किया था, लेकिन न तो उनकी बुकिंग की गई और न ही उन्हें सिलेंडर मिला। उन्होंने बताया कि उन्हें ऑनलाइन या अन्य माध्यम से गैस बुक करने की जानकारी नहीं है, जिसके कारण वे बार बार एजेंसी के चक्कर लगाने को मजबूर हैं।

## धोखाधड़ी में कोर्ट के आदेश पर मुकदमा दर्ज

**पीड़िता ने इस पूरी घटना की सूचना कायमगंज थाने में दी, लेकिन वहां नहीं हुई सुनवाई**

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** धोखाधड़ी के मामले में स्थानीय पुलिस द्वारा कार्यवाही न किये जाने पर पीड़िता ने न्यायालय की शरण ली। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के गांव हमीरपुर खास निवासी रमजानी ने दी गई तहरीर मे आरोप लगाया है कि उसने गांव मऊदरवाजा के मजरा गऊटोला निवासी खन्नू खां के पुत्र शकेव खान को 19 नवंबर 2025 को एक जमीन का इकरारनामा एग्रीमेंट करने के लिए 4 लाख रुपए दिए थे। तय शर्त के अनुसार एक साल के भीतर जमीन का बैनामा रजिस्ट्री होना था, लेकिन आरोपी ने धोखाधड़ी की नियति से उक्त जमीन जनपद एटा के थाना अलीगंज क्षेत्र के गांव अमरौली रतनपुर निवासी रमेश राजपूत की पत्नी नीलम राजपूत को बेच दी। जब पीड़ित रमजानी को इस धोखे के बारे में पता चला, तो उसने 1 अप्रैल 2026 को आरोपी शकेव खान से इस संबंध में बात की। पीड़ित का आरोप है कि शकेव खान ने न केवल गाली-गलौज की, बल्कि यह भी स्वीकार किया कि उसने पैसा हड़प लिया है और वह उसे वापस नहीं करेगा। इतना ही नहीं, आरोपी ने पीड़ित के साथ मारपीट भी की। मौके पर मौजूद अयाज मोहम्मद और संजू जैसे लोगों ने बीच-बचाव कर पीड़ित की जान बचाई। जाते-जाते आरोपी ने पीड़ित को गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी भी दी। पीड़िता ने इस पूरी घटना की सूचना कायमगंज थाने में दी, लेकिन वहां उसकी कोई सुनवाई हुई। जब पीड़ित महिला ने सीजेएम की शरण ली, तब कोर्ट के आदेश पर उक्त आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ।

# प्रीपेड मीटर के विरोध में अधीक्षण अभियंता का घेराव कर सौंपा ज्ञापन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जनपद में प्रीपेड मीटर जबरदस्ती लगाए जाने और अनाप-शनाप विद्युत बिलों को तथा प्रीपेड मीटर को पोस्टपेड मीटर में बदले जाने तथा बिजली कर्मचारियों के द्वारा प्रीपेड मीटर लगाने के दौरान लोगों के साथ में दुर्व्यवहार व अन्य मुद्दों को लेकर अधीक्षण अभियंता विद्युत यादवेंद्र सिंह का घेराव कर कर ज्ञापन दिया गया।

मांग की गई जो प्रीपेड मीटर लगा दिए गए हैं उनमें से जो भी व्यक्ति अपनी स्वेच्छा से प्रीपेड मीटर लगा रहने देना चाहता है उसका लगा रहने दिया जाए, अन्य से सभी प्रीपेड मीटर को पोस्टपेड में तब्दील किया जाए। अन्यथा जबरदस्त आंदोलन विद्युत विभाग के विरुद्ध किया जाएगा।

**मांगें पूरी न होने पर आंदोलन की दी चेतावनी**

फर्रुखाबाद विकास मंच के जिलाध्यक्ष भईयन मिश्रा ने कहा कि बिजली विभाग के रवैया से पूरा जिला परेशान है। प्रीपेड मीटर के ठेकेदारों के द्वारा लोगों के घरों पर जबरदस्ती मीटर ठोक दिए गए, जबकि शासन का नियम यह था की जो व्यक्ति लगवाना चाहे उसके यहां प्रीपेड मीटर लगाया जाएगा और आज पूरा जिला परेशान है। लोग अपनी शिकायत करने अधिकारियों के पास आते हैं और अधिकारी कुछ भी बताने की स्थिति में नहीं है, ऐसा नहीं चलेगा। जनता की समस्याओं को सुनना पड़ेगा और उनका हल करना पड़ेगा। जो लोग चाहते हैं कि उनका मीटर पोस्टपेड कर दिया जाए, उसको विद्युत विभाग तत्काल पोस्टपेड करें अन्यथा विद्युत विभाग के विरुद्ध आंदोलन किया जाएगा। जनता को किसी भी हालत में परेशान नहीं होने दिया जाएगा। अंगद पांडे उर्फ कोमल ने कहा कि अधिकारी अपने को जनता का सेवक ना समझ कर राजा समझ रहे हैं, जो गलत है। विद्युत विभाग के कर्मचारी बिल्कुल बेलगाम हो गए हैं, उनको जनता के दुख दर्द से कोई वास्ता नहीं है, ऐसी स्थिति में किसी भी दिन आक्रोश सड़कों पर उतरकर दिखाई पड़ेगा। उससे अच्छा है कि बिजली विभाग अपना रवैया पहले से सुधार ले। समाजसेवी वसीमउज्ज जमा खान ने कहा कि विद्युत विभाग का रवैया ठीक नहीं है। जनता बहुत परेशान है और इस जनहित के मुद्दे पर सभी जनता एकजुट होकर आंदोलन करेगी। आचार्य अमरीश तिवारी ने कहा की बिजली विभाग को अपना रवैया बदलना होगा। जनता के दुख दर्द को समझना होगा। पूर्व सभासद निशित दुबे उर्फनीशू ने कहा मीटर लगाने वालों ने मोहल्ले में आम जनमानस के साथ में बहुत बदतमीजी की कई जगहों पर जबरदस्ती पैसे लिए गए जो कि गलत है, ऐसी परिस्थिति में दोबारा ना उत्पन्न हो नहीं तो जनता में कर्मचारियों से स्वयं निपटने का कार्य करेगी।

वहीं भईयन मिश्रा ने चेतावनी दी की यदि जल्दी ही बिजली विभाग ने अपना रवैया न सुधारा एवं दिए गए ज्ञापन पर कार्रवाई न हुई तो जबरदस्त आंदोलन किया जाएगा। इस मौके पर हाजी शमी उद्ध खान, निशित दुबे, वसीमउज्ज जमा खान, डॉ. पंकज राठौर, आलोक मिश्रा भरे, सतीश दीक्षित, मनोज अग्निहोत्री मन्नू, आयुष सक्सेना, रजत वर्मा, नीरज यादव, राम लखन शुक्ला, राजीव पाल, जाकिर खान, आशुतोष मिश्रा आशु, सुमित भल्ला, दिनेश राजपूत, राघव वर्मा, उमेश जाटव, प्रशांत मिश्रा, सनी बाथम, मुकेश बाथम, रामबरन शाक्य, राजीव राजपूत उपस्थित रहे।



अधीक्षण अभियंता को ज्ञापन सौंपते लोग

# प्रा.वि. मदारपुर में हुआ टीकाकरण



टीकाकरण के दौरान मौजूद बच्चे, शिक्षक व स्वास्थ्य कर्मी

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कायमगंज के तत्वावधान में प्राथमिक विद्यालय मदारपुर में टीकाकरण हुआ। एएनएम शिवकली एवं आशा स्वास्थ्य कार्यकर्ता रामदेवी ने प्रातः 10 बजे प्राथमिक विद्यालय मदारपुर पहुंच कर कक्षा एक में पंजीकृत 7 बच्चों के सापेक्ष 5 और कक्षा 5 में पंजीकृत 9 बच्चों के सापेक्ष 8 एवं 4 अन्य बच्चों को मिलाकर कुल 17 बच्चों को डीपीटी और टीडी टिटनेस डिप्थीरिया के टीके लगाए गए।

इस अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्त्री ममवती एवं शिक्षामित्र कमलेश राजपूत का सराहनीय सहयोग मिला। एएनएम शिवकली ने बताया कि मई माह के पहले सप्ताह में फिर टीकाकरण किया जायेगा। पर्यवेक्षण बीपीसीएम डॉ0 विनय कुमार मिश्रा द्वारा किया गया। इस मौके पर प्रधानाध्यापक राजकिशोर शुक्ला आदि मौजूद रहे।

# पुस्तकें मानव जीवन का हैं अभिन्न अंग




लघु नाटिका प्रस्तुत करते विद्यार्थी

**आर्मी पब्लिक स्कूल में मनाया अन्तर्राष्ट्रीय पुस्तक दिवस**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

आर्मी पब्लिक स्कूल फतेहगढ़ कैण्ट में अन्तर्राष्ट्रीय पुस्तक दिवस का आयोजन किया गया। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने जीवन में पुस्तकों के महत्त्व को दर्शाते हुए एक लघु नाटिका प्रार्थना सभा के दौरान प्रस्तुत कर विद्यार्थियों को सदैव पुस्तकों को पढ़ते रहने के लिए प्रोत्साहित किया। पुस्तकें ज्ञान का अक्षय भण्डार हैं। ये हमारी अभिन्न मित्र भी हैं। आज के इण्टरनेट युग में भी पुस्तकों की अपनी एक महत्त्वपूर्ण भूमिका है। विद्यालय की छात्राओं आरजू और दीप्ति ने एक कविता के माध्यम से बताया कि पुस्तकें दीपक की तरह जलकर मानव के मन रूपी सूने आंगन में ज्ञानरूपी उजाले के साथ एक नयी सुबह लेकर आती हैं। विद्यालय के कार्यवाहक प्रधानाचार्य नितिन चतुर्वेदी ने सभी बच्चों को निरन्तर पुस्तकों को पढ़ने की आदत डालने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि हमें पुस्तकों से हमेशा जुड़े रहना चाहिए।

पुस्तकें मां की ममता और गुरुजनों की शिक्षा का उपहार होती हैं। ये जीवन के हर कठिन समय में हमारा मार्गदर्शन करती हैं। इस अवसर पर पूर्णिमा अग्निहोत्री और डॉ0 शिवाली वर्मा मौजूद रही।

## शराब व कम्पोजिट शॉप के लिए 118 आवेदन मिले



बैठक में मौजूद लोग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी डॉ. अंकुर लाठर के निर्देश पर पुलिस अधीक्षक आरती सिंह, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) दिनेश कुमार, जिला आबकारी अधिकारी जीपी गुप्ता, आबकारी आयुक्त द्वारा नामित अधिकारी देवेन्द्र सिंह रावत, समस्त आबकारी निरीक्षक उपस्थित आवेदकगण एवं अन्य आबकारी स्टाफकी उपस्थिति में वर्ष 2026-27 हेतु ई-लाटरी तृतीय चरण की प्रक्रिया में देशी शराब की 05 दुकानों पर 105, कंपोजिट शॉप की 02 दुकानों पर 13 आवेदन इस प्रकार कुल 118 आवेदन प्राप्त किए गए। जिला सूचना विज्ञान अधिकारी ज्योति चौधरी की उपस्थिति में तकनीकी सहयोग प्रदान कर सर्वप्रथम आवेदकों की उपस्थिति में सिमुलेशन की कार्यवाही की गयी। जिसमें आवेदकों से 3 सीड अंक प्राप्त कर सबको समान चयनित होने के बारे में अवगत कराया गया। रेण्डमाईजेशन की प्रक्रिया प्रारम्भ की गयी। जिसमें आवेदकों से 3 सीड अंक प्राप्त कर अन्तिम रूप से ई-लाटरी की प्रक्रिया शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न करायी गयी।

# व्यापारियों ने प्रीपेड मीटर के संदर्भ में मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष लोकेश कुमार अग्रवाल के आवाह्न पर प्रीपेड मीटर लगाए जाने के कारण उत्पन्न समस्याओं के निस्तारण के लिए रुटौल स्थित विद्युत उपकेंद्र पर धरना प्रदर्शन किया गया, साथ ही मुख्यमंत्री संबोधित 9 सूत्रीय समस्याओं के सन्दर्भ में मांग पत्र उप खंड अधिकारी विनोद कनौजिया को सौंपा। दिये गये ज्ञापन में कहा कि प्रीपेड मीटर के कारण हजारों व्यापारियों/उपभोक्ता की लाइट कट रही है। विभाग के प्रीपेड मीटर के सर्वर काम नहीं कर रहा है।

प्रीपेड मीटर के एप में जमा करने के बाद भी पेमेंट अपडेट नहीं हो रही है। पुरानी सिक्योरिटी एडजस्ट करने की डिटेल उपभोक्ता को उपलब्ध नहीं कराई जा रही है। बिना किसी आधार के अवैध वसूली के लिए वर्षो पुराना बकाया दर्शाकर रिकवरी भेजी जा रही है। कनेक्शन पी.डी. करने पर फाइनल पी.डी. बिल बनाने में भारी अवैध वसूली को रोकने के लिए। प्रीपेड मीटर लगाने के बाद अधिकांश उपभोक्ता के फोन नंबर अपडेट नहीं किये जा रहे हैं।

प्रीपेड मीटर लगाने के बाद भारी संख्या में सीलिंग सर्टिफिकेट पोर्टल पर अपडेट नहीं है। प्रीपेड मीटर लगने के बाद उपभोक्ता के मोबाइल में ऐप डाउनलोड नहीं हो रहा है। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष मनोज कौशल, संजय गुप्ता, अमित सेठ, अतुल गुप्ता, विशाल गुप्ता, संजीव अग्रवाल, बबलू सक्सेना, विनीत सक्सेना, मुस्तफा, संजीव गुप्ता, रश्मि दुबे, लक्ष्मी राजपूत, हासिम नियाजी, अनुराग राठौर, मनोज गंगवार, पीयूष गंगवार, विपिन अवस्थी आदि उपस्थित रहे।



उप खंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपते व्यापारी नेता

# प्रा.वि. में अतिरिक्त कक्ष का निर्माण तय समय सीमा के बाद भी अधूरा

**स्कूली बच्चों व शिक्षकों को करना पड़ रहा समस्याओं का सामना**

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

नगर पंचायत द्वारा वार्ड नंबर 3 अब्दुल कलाम आजाद नगर स्थित नगला नया प्राथमिक विद्यालय में अतिरिक्त कक्ष का निर्माण कार्य निर्धारित समय-सीमा और बजट आवंटन के बावजूद अधूरा पड़ा है। यह स्थिति शिक्षा व्यवस्था पर नकारात्मक प्रभाव डाल रही है। यह निर्माण कार्य पिछले साल नवंबर में शुरू किया गया था, जिसके लिए 25 दिसंबर की समय-सीमा तय की गई थी। हालांकि, कई महीने बीत जाने के बाद भी यह कार्य पूरा नहीं हो सका है, जिससे स्कूली बच्चों और शिक्षकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। अतिरिक्त कक्ष के निर्माण के लिए सरकार द्वारा 9.27 लाख रुपये का बजट आवंटित किया गया है। बजट उपलब्ध होने के बावजूद काम में हो रही देरी नगर पंचायत की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े करती है। स्थानीय निवासियों, जिनमें रजनेश शाक्य, अश्वनी शाक्य, दीपक शाक्य, विक्रांत शाक्य, राम सिंह और पवन कुमार ने इस पर आक्रोश व्यक्त किया है। उनका कहना है कि समय पर कार्य पूरा न होने से भविष्य में लागत बढ़ने की आशंका है और विद्यालय के शैक्षणिक वातावरण पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। निवासियों ने यह भी सवाल उठाया है कि समय-सीमा समाप्त होने के इतने समय बाद भी ठेकेदार पर कोई ठोस कार्रवाई क्यों नहीं की गई है। उन्होंने पूछा लगभग 10 लाख रुपये की लागत का एक छोटा सा कमरा बनाने में नगर पंचायत को आधा साल क्यों लगने जा रहा है? क्या अधिकारियों को समय-सीमा की परवाह नहीं है या फिर ठेकेदार को किसी ऊंचे रसूख का संरक्षण प्राप्त है? एक ओर प्रशासन बेहतर शिक्षा और आधुनिक सुविधाओं के बड़े-बड़े दावे करता है। वहीं दूसरी ओर नगर पंचायत की लापरवाही के कारण बच्चों को मूलभूत सुविधाओं से वंचित रहना पड़ रहा है। चार महीने की देरी होने के बावजूद न तो ठेकेदार पर जुर्माना लगाया गया है और न ही काम में तेजी लाने के सख्त निर्देश दिए गए हैं। अब देखना यह है कि नगर पंचायत इस अधूरे कक्ष को कब तक पूरा कराती है।



अधूरा पड़ा प्राथमिक विद्यालय में अतिरिक्त कक्ष

# तहसील अमृतपुर में पेयजल संकटः लाखों की लागत से लगे आरओ फ्रीजर बंद

**आम नागरिक व फरियादी ठंढे पानी के लिए भटक रहे इधर-उधर**

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।**

भीषण गर्मी के बीच तहसील अमृतपुर में पेयजल व्यवस्था पूरी तरह चरमराई हुई है। तहसील परिसर में लगाए गए लाखों रुपये की लागत वाले आरओ फ्रीजर बंद पड़े हैं। जिससे दूर-दराज से आने वाले फरियादियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। तहसील में रोजाना बड़ी संख्या में लोग अपने विभिन्न कार्यो के लिए पहुंचते हैं, लेकिन उन्हें पीने के पानी तक के लिए इधर-उधर भटकना पड़ता है। हालत यह है कि कई लोगों को मजबूरी में बाहर से पानी खरीदकर अपनी प्यास बुझानी पड़ रही है।

जानकारी के अनुसार तहसील परिसर में दो आरओ फ्रीजर स्थापित हैं, जिनमें से एक पर ब्लॉक प्रमुख पल्लव सोमवंशी तथा दूसरे पर विधायक सुशील कुमार शाक्य का नाम अंकित है। इसके बावजूद दोनों फ्रीजर लंबे समय से बंद पड़े हैं और किसी भी प्रकार की पेयजल सुविधा उपलब्ध नहीं करा पा रहे हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि जब शासन द्वारा इस व्यवस्था पर लाखों रुपये खर्च किए गए हैं, तो इसका लाभ आम जनता को मिलना चाहिएख लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों की अनदेखी के कारण यह व्यवस्था पूरी तरह ठप पड़ी है। क्षेत्रीय नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि शीघ्र ही आरओ फ्रीजरों को दुरुस्त कर पेयजल व्यवस्था को सुचारु किया जाए, ताकि भीषण गर्मी में तहसील आने वाले लोगों को राहत मिल सके।



विधायक व ब्लाक प्रमुख द्वारा लगवाया गया फ्रीजर बंद

# कुछ अराजक लोग काला कोट पहनकर मुवक्किलों को करते हैं परेशान

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

बार एसोसिएशन फतेहगढ़ के महासचिव कुंवर सिंह यादव ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर कुछ काले कोट में कचहरी में अराजकतत्व घूम रहे है उन पर कार्यवाही किये जाने की मांग की है।

दिये गये ज्ञापन में कहा कि कचहरी परिसर में काला कोट पहनकर घूम रहे लोग अपने आपको अधिवक्ता बताकर मुकदमो में पैरवी का झांसा देकर फीस के नाम पर मुवक्किलों से अविधिक रूप से धन उगाई करते हैं, फिर उसके बाद गायब हो जाते हैं, जिससे आये दिन आम जनता के साथ ठगी और अवैध

**बार एसोसिएशन के महासचिव ने की एसपी से कार्यवाही की मांग**

वसूली की घटनायें प्रकाश में आ रही हैं एवं ऐसे अराजक तत्वों द्वारा कचहरी फतेहगढ़ में काला कोट पहनकर स्वयं को अधिवक्ता बताकर अविधिक रूप से कार्य करने से अधिवक्ता समाज की छवि भी घूमिल हो रही है।

जनहित में काला कोट पहनकर खुद को अधिवक्ता बताकर अविधिक कार्य करने वाले ऐसे अराजक तत्वों के विरूद्ध कठोर कानूनी कार्यवाही किये की मांग की है।

# दबंग पट्टे की भूमि पर कब्जा करने का कर रहे है प्रयास



शिकायत के बाद जानकारी देते पीड़ित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

पट्टे की भूमि पर जबरियन दबंग लोग कब्जा करने का प्रयास करने के मामले में पीड़िताओं ने जिलाधिकारी को संबोधित शिकायती पत्र अपर जिलाधिकारी को सौंपकर जांच कराकर दोषी लोगों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है। थाना कमालगंज के ग्राम फतेहउल्लापुर निवासी बेवा प्रेमवती पत्नी स्व0 बिहारी लाल, गायत्री पत्नी स्व0 रामप्रकाश, मंजू पत्नी स्व0 विश्राम ने की शिकायत में दर्शाया कि हम लोगों के अलावा धनीराम व रामतीर्थ तथा रंजीत पुत्र नेकराम आदि को पट्टा आवंटित हुआ था। उसके बाद से हम सभी लोग अपने-अपने पट्टे की भूमि पर काबिज है। पड़ोसी गांव पसई नगला निवासी मंगलादेवी द्वारा गाटा संख्या 151 में कुछ आराजी कम थी, वह अपने पुत्र अवनीश व अन्य सहयोगियों के साथ जबरियन खरीदी गई भूमि की बजाय हम प्रार्थीगणों की भूमि गाटा संख्या 150/1 व 150/2 पर दबंगई के बल पर अवैध कब्जा करने का प्रयास कर रहे है। यह इससे पहले भी प्रयास कर चुके है। हम लोगों द्वारा शिकायत करने पर क्षेत्रीय लेखपाल द्वारा उपरोक्त लोगों के विरुद्ध कब्जा करने की प्रयास की आख्या दी थी। जिसके बाद यह लोग कब्जा करने में असफल रहे। 20 अप्रैल को शाम के समय मंगलादेवी अपने पुत्र अवनीश व अन्य सहयोगियों के साथ फिर कब्जा करने का प्रयास करने लगे और जबरियन निहास भरने लगे। सूचना पुलिस को दी, लेकिन पुलिस नहीं आयी। शिकायतकर्ताओं ने तत्काल जांच कराकर दोषी लोगों के खिलाफ कार्यवाही कर कब्जा रोके जाने की मांग की।

## पट्टे की भूमि पर कब्जा कराने का प्रयास

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** दबंग भू-माफिया द्वारा कृषि भूमि पर अवैध तरीके से कब्जा करने के मामले में पीड़ित ने जिलाधिकारी से लिखित शिकायत कर कार्यवाही की मांग की। थाना कम्पिल के ग्राम भैसरी रामऔतार पुत्र रामचरन दी शिकायत में दर्शाया कि मेरी भूमि मौजा कैरई के गाटा संख्या 492 रकवा 0.725हे0 में 1/2 के हिस्सेदार हूं। मेरा कृषि भूमि का बैनामा है। दबंग भू-माफिया कृष्ण पाल सिंह, सुरेश यादव, मुंशी यादव, अशोक यादव, देशराज व मुन्नालाल, कश्मीर सभी ने एकराय होकर मेरी पांच बीघा कृषि भूमि पर अवैध तरीके से कब्जा कर लिया। जब विरोध किया तो सभी लोग जान से मारने की धमकी देने लगे। पीड़ित का कहना है कि कई बार उच्चाधिकारियों व तहसील दिवस में शिकायत की, लेकिन अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई। जिलाधिकारी से कृषि भूमि कब्जा मुक्त कराकर कार्यवाही किये जाने की मांग की।

## सीओ ने व्यापारियों की सुनी समस्यायें



बैठक लेते सीओ मौजूद व्यापारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पुलिस लाइन फतेहगढ़ सभागार में क्षेत्राधिकारी अजय वर्मा की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई। इस दौरान व्यापारियों ने शहर में होने वाली समस्याओं से सीओ को अवगत कराया। भारतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल के उपाध्यक्ष व प्रवक्ता शिवाशीष तिवारी ने शहर की समस्याओं से अवगत कराते हुए बताया कि ट्रैफिक लाइट के इंतजामात उनके सुचारू रूप से चलने और जाम की समस्या व नगर में पार्किंग पर विस्तृत चर्चा की। नगर में ओवर स्पीडिंग के लिए सेंसर कैमरा लगवाने की मांग की तथा ट्रैफिक नियमों का पालन न करने वाले पर कारवाही करने की मांग की। जिस पर सीओ अजय वर्मा ने बताया कि नगर में स्पीडिंग कैमरा लगाने का कार्य किया जा रहा है। कुछ मुख्य स्थलों पर बाकी की मांग शासन स्तर पर भेजी गई है, जैसे ही पूरी होती है नगर के हर महत्वपूर्ण जगहों पर काम किया जाएगा। बैठक में प्रमोद कुमार गुप्ता, आशीष कुमार यादव, अमित कुमार वर्मा, विक्की गुप्ता, आदित्य मिश्रा आदि लोग उपस्थित रहे।

# शकुन्तला देवी बालिका इण्टर कालेज का बोर्ड परीक्षा परिणाम रहा शत-प्रतिशत



दसवीं की टापर मानवी व इंटर की टॉपर प्रिंसी पाल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

शकुन्तला देवी बालिका इण्टर कालेज वर्ष 2026 का बोर्ड परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा में कुल 75 छात्राओं ने प्रतिभाग किया तथा इण्टरमीडिएट बोर्ड परीक्षा में कुल 128 छात्राओं ने प्रतिभाग किया। जिसमें कक्षा 10 की छात्रा कु0 मानवी ने 87.33 प्रतिशत सर्वाधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा नेमा देवी ने 87 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दूसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं इण्टर मीडिएट परीक्षा में कु0 प्रिंसी पाल ने 87.6 सर्वाधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं आयूषी यादव ने 85 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दूसरा स्थान प्राप्त किया। विद्यालय में उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम रहने पर विद्यालय के प्रबन्ध निदेशक लक्ष्मीनारायण अग्रवाल व मोनिका अग्रवाल ने विद्यालय के अथक परिश्रमी शिक्षक व शिक्षिकाओं एवं प्रधानाचार्य को बधाई देते हुए कड़ी मेहनत और लगन के साथ सदैव अग्रसर रहने की प्रेरणा दी तथा छात्राओं को संस्कारवान, नीतिवान एवं गुणवान आदि उद्देश्यों के लिए प्रेरित किया। छात्राएँ प्रत्येक क्षेत्र में अपनी अग्रणी भागीदारी रखें मेहनत से पढ़ाई करें और स्वयं को रोजगार के नये आयामों से जोड़े, उन्हें साहस और धैर्य तथा कुशल अनुशासन के साथ जीना सिखाने के लिए सभी संकल्पित हों तभी समाज का उत्थान होगा और हमारा राष्ट्र तथा नगर वैभवशाली बनेगा। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक व शिक्षिकायें उपस्थित रहे।

## जनगणना में 50 प्रतिशत ही शिक्षकों की ड्यूटी लगाने की संघ ने उठायी मांग



बीएसए को ज्ञापन सौंपते शिक्षक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अखिल भारतीय संयुक्त शिक्षक महासंघ के संयोजक भूपेश पाठक के नेतृत्व में जनगणना ड्यूटी में आ रही शिक्षकों की समस्याओं को लेकर ज्ञापन जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को सौंपा। ज्ञापन में मांग की गई कि जनगण्ना में सभी शिक्षकों को न लगाकर 50 प्रतिशत शिक्षकों के हिसाब से लगाया जाये, जिससे विद्यालय में पठन-पाठन व अन्य क्रियायें सुचारु रुप से चल सके। प्रधानाध्यापक व इंचार्ज प्रधानाध्यापक को विद्यालय व्यवस्था, स्कूल चलो अभियान, नवीन नामांकन, अन्य ऑनलाइन कार्यों हेतु हमेशा संलग्न रहना पड़ता है। उन्हें ड्यूटी से मुक्त किया जाये। शिक्षक-शिक्षिकाओं को विद्यालय के नजदीकी क्षेत्र में ही ड्यूटी जनगणना में लगायी जाये। शिक्षिकाओं की अन्य क्षेत्र में ड्यूटी लगने से उन्हें आने-जाने में असुविधा होगी। शिक्षकों की ग्रीष्म अवकाश में जनगणना कार्य में लगे शिक्षकों के बदले अपार्जित अवकाश दिया जाये आदि समस्याओं को संघ ने बीएसए के समक्ष रखकर ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर जिलाध्यक्ष भूपेश पाठक, अटेवा के प्रदेश संयुक्त मंत्री ज्ञान प्रकाश त्रिपाठी, जिला सहसंयोजक सुधीर कुमार पाल, संतोष कुमार पाठक, रेनू जयंत, आशीष कुमार आदि शिक्षक उपस्थित रहे।

# लोकतंत्र रक्षक सेनानियों ने एडीएम को सौंपा ज्ञापन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

भारतीय लोकतंत्र रक्षक सेनानी समिति के प्रदेश महामंत्री नवल किशोर मिश्रा ने समस्याओं का निवारण हेतु जिलाधिकारी कार्यालय पर पहुंचकर एडीएम को ज्ञापन सौंपा। दिये गये ज्ञापन में मांग की गई है कि महीने की 3 तारीख से लेकर 5 तारीख एक सम्मान राशि सभी जनपदों में लोकतंत्र सेनानियों के खाते में पहुंच जाती है, जबकि जनपद में हर महीने 15 तारीख से 20 तारीख तक सम्मान राशि पहुंचती है। इस सम्बन्ध में अपर जिलाधिकारी से कई वार बार्ता हुई, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हुआ। किसी मी लोकतंत्र सेनानी की मृत्यु पर न उनके पार्थिव शरीर पर पुष्प चक्र रखकर सन्मानित किया जाता है। गार्ड के द्वारा अर्थी को कंधा दिया जाता है। 8 मार्च को लेकतंत्र सेनानी स्व0 अमने लाल पुत्र बुद्धालाल की मृत्यु पर उनके पार्थिव शरीर पर राष्ट्रीय बज नहीं डाला गया। मां गंगा के तट पर गार्ड आफआनर दिया गया। जनपद के सभी लोकतत्र सेनानी वरिष्ठ नागरिक हैं। किसी भी अधिकारी द्वारा न तो सम्मान के साथ बात की जाती है और न ही उनकी न्याय संगत समस्याओं को हल किया जाता है। जबकि जनपद औरैया और फतेहपुर के जिलाधिकारी ने समस्त विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया है कि किसी विभाग में लोकतंत्र सेनानियों से सम्बन्धित कोई समस्या प्राप्त होती है तो उसे गम्भीरता पूर्वक लेते हुये प्राथमिकता के आधार पर उसका समाधान करेंगे।



एडीएम को ज्ञापन सौंपते लोकतंत्र रक्षक सेनानी

## दो ट्रॉलियों में सवार थे श्रद्धालु, ओवरलोडिंग और असंतुलन बना हादसे की वजह

# मुंडन यात्रा में दर्दनाक हादसा: ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटी, 5 की मौत, 23 घायल

**समृद्धि न्यूज़, निघासन खीरी**



जिले के पढ़ुआ थाना क्षेत्र में गुरुवार को मुंडन संस्कार के लिए जा रहे श्रद्धालुओं की खुशियां उस समय मातम में बदल गईं, जब उनकी ट्रैक्टर-ट्रॉली रास्ते में अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि 23 लोग घायल हो गए। घायलों को पहले रमियाबेहड़ सीएचसी ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद सभी को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। इनमें कई की हालत गंभीर बनी हुई है।

**कारीकोट मंदिर जा रहे थे श्रद्धालु**

जानकारी के अनुसार, शारदानगर थाना क्षेत्र के सोहरिया गांव निवासी बाल गोविंद अपने पुत्र आदि का मुंडन संस्कार कराने के लिए परिजनों व ग्रामीणों के साथ बहराइच जिले के सुजौली थाना क्षेत्र स्थित कारीकोट मंदिर जा रहे थे। ट्रैक्टर के पीछे दो ट्रॉलियां जुड़ी थीं, जिनमें करीब 50 से अधिक लोग सवार थे। बताया जा रहा है कि रास्ते में पढ़ुआ क्षेत्र के पास चालक संतुलन खो बैठा। ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई। हादसा इतना अचानक और भीषण था कि मौके पर चीख-पुकार मच गई। कई लोग ट्रॉली के नीचे दब गए।

**ग्रामीणों और पुलिस ने चलाया राहत-बचाव अभियान**

हादसे की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और घायलों को निकालने में जुट गए। इसके बाद अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी पवन गौतम, सीओ पलिया जितेंद्र सिंह परिहार, एसडीएम निघासन राजीव निगम, एसडीएम धौरहरा शशिकांत मणि सहित कई थानों की पुलिस मौके पर पहुंची। जेसीबी की मदद से ट्रॉली को सीधा कर फंसे लोगों को बाहर निकाला गया।

**इन पांच लोगों की हुई मौत**

सीएचसी रमियाबेहड़ में डॉक्टरों ने आरुषि (12) पुत्री विनोद, राजकुमारी (40) पत्नी केश कुमार, नैंसी देवी (15) पुत्री रमाकांत, पंछी (16) पुत्री विशंभर निवासी सोहरिया तथा मखाना (45) पत्नी मेवालाल निवासी सेमरी को मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद मृतकों के परिवारों में कोहराम मच गया और गांव में शोक की लहर दौड़ गई।

**23 लोग घायल, कई की हालत गंभीर**

हादसे में राजकुमारी, रंजना, प्रियांशी, सावित्री, रामकुमारी, दुलारी, प्रीति, आरती, शिवरानी, संध्या, शिवपुत्री, रेखा, लक्ष्मी, शिवम, लज्जावती, जमुना देवी, रामरानी, रामदेवी, केसरी देवी, पुष्पा, एक महिला (शर्मा), शिवदेवी और सुमन देवी घायल हो गईं। इनमें कई घायलों की हालत गंभीर बताई जा रही है।

**प्रशासन अलर्ट, जांच शुरू**

पुलिस ने सभी घायलों को बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा है। अधिकारियों का कहना है कि हादसे के कारणों की गहन जांच की जा रही है।

## भामाशाह सम्मान 2026: लखीमपुर के तीन सीए हुए सम्मानित

**समाज सेवा और प्रोफेशनल उत्कृष्टता का मिला गौरव**



**लखीमपुर खीरी।** वैश्य समाज, उत्तर प्रदेश द्वारा शहर के वंदन गार्डन में आयोजित भव्य समारोह में लखीमपुर के तीन प्रतिष्ठित चार्टर्ड अकाउंटेंट्स सीए अमित गुप्ता, सीए विजय गुप्ता और सीए अनुज पुरवार – को 'भामाशाह सम्मान 2026' से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें उत्कृष्ट पेशेवर योगदान और समाज के प्रति सक्रिय भूमिका के लिए प्रदान किया गया। समारोह में वक्ताओं ने कहा कि सम्मानित सभी सीए ने अपने-अपने क्षेत्र में उच्च मानक स्थापित किए हैं। उन्होंने न केवल अपनी पेशेवर जिम्मेदारियों को दक्षता के साथ निभाया है, बल्कि सामाजिक गतिविधियों में भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हुए समाज को सकारात्मक दिशा देने का कार्य किया है। पदाधिकारियों ने कहा कि इनकी उपलब्धियों से लखीमपुर का नाम प्रदेश स्तर पर गौरवान्वित हुआ है। इनके कार्य और समर्पण से युवा वर्ग को प्रेरणा मिल रही है और वे अपने करियर में उत्कृष्टता हासिल करने के लिए प्रोत्साहित हो रहे हैं। समारोह में मौजूद गणमान्य नागरिकों ने सभी सम्मानित सीए को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## खबरें एक नजर में

### खीरी के सिद्धार्थ दीक्षित ने हाईस्कूल में रचा कीर्तिमान, जिले में छठा स्थान



**समृद्धि न्यूज़, ईसानगर, खीरी।** जिले के प्रतिभाशाली छात्र सिद्धार्थ दीक्षित ने हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा 2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए 562 अंक (93.67%) हासिल कर जिले की टॉप-10 सूची में छठा स्थान प्राप्त किया है। उनकी इस उपलब्धि से परिवार, विद्यालय और क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई है। सिद्धार्थ दीक्षित, शिव प्रसाद दीक्षित के पुत्र हैं और ग्राम ढाकिनिया के निवासी हैं। वह श्रीमती चन्द्रप्रभा सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, खमरिया खीरी के छात्र हैं। विद्यालय प्रबंधन ने उनकी इस सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए उज्ज्वल भविष्य और सुखमय जीवन की कामना की है। विद्यालय के शिक्षकों ने बताया कि सिद्धार्थ शुरू से ही मेधावी और अनुशासित छात्र रहे हैं। उनकी इस उपलब्धि ने अन्य विद्यार्थियों को भी प्रेरित किया है। वहीं, परिवारजनों ने बेटे की सफलता का श्रेय उसकी मेहनत और शिक्षकों के मार्गदर्शन को दिया है।

### पेड़ से टकराकर बाइक चालक घायल, ट्रामा सेंटर रेफर

**समृद्धि न्यूज़, हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के हलिया ड्रमण्डगंज मार्ग के महुगढ़ गांव में गुरुवार की दोपहर बाइक चालक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे युकोलीप्टस के पेड़ में बाइक सहित टकराकर बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुँचे ग्रामीणों ने गंभीर रूप से घायल बाइक चालक को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आये जंहा पर चिकित्सक द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया है । हलिया थाना क्षेत्र के पंवारी खुर्द गांव निवासी 25 वर्षीय सुनील पाल बाइक से अपने भाई को ड्रमण्डगंज छोड़कर वापस घर लौट रहे थे की जैसे ही हलिया ड्रमण्डगंज मार्ग के महुगढ़ गांव में पहुँचे की बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे स्थित युकोलीप्टस के पेड़ से बाइक टकरा गई। जिससे बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुँचे ग्रामीणों ने बाइक चालक को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आये जंहा पर प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर अवधेश कुमार द्वारा प्राथमिक उपचार करने के बाद बाइक चालक के सिर में गंभीर चोट को देखते हुए बेहतर उपचार के लिए ट्रामा सेंटर मिर्जापुर के लिए रेफर कर दिया हैं। सूचना पर पहुँचे बाइक चालक के परिजनों द्वारा ट्रामा सेंटर लेकर चले गये है।

### दो इकलौते बेटों की मौत से उजड़ गए घर, गांव में मचा कोहराम

**समृद्धि न्यूज़, मिर्जापुर।** ड्रमंडगंज घाटी में बुधवार की रात्रि करीब आठ बजे ट्रेलर की टक्कर से बोलेरो वाहन में लगी आग से मृतकों का शव गुरुवार को दोपहर एक बजे नरैना गांव में प्रदीप सिंह के आवास पर पहुंचते ही कोहराम मच गया। परिवार, रिश्तेदारों और ग्रामीणों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। परिजनों के करुण क्रंदन से पूरा वातावरण गमगीन हो गया।परिजनों ने बताया कि प्रदीप के इकलौते पुत्र पीयूष और अरुण के इकलौते पुत्र शिवा की मौत से घर का आखिरी चिराग भी बुझ गया। परिवार में बूढ़ी मां मगरशिला, प्रदीप सिंह, अरुण सिंह और अंशिका सिंह (पुत्री प्रदीप सिंह) हैं।मृतकों के शव अलग-अलग पालीथीन में पैक कर पोस्टमार्टम हाउस से लाए गए थे। शवों की स्थिति ऐसी थी कि पहचान करना मुश्किल हो रहा था। शवों को घर के दरवाजे तक लाया गया, जहां से तुरंत पश्चिम वाहिनी गंगा घाट हरगढ के लिए रवाना कर दिया गया। खबर लिखे जाने तक प्रदीप सिंह का इंतजार किया जा रहा था, क्योंकि मुखाग्नि वही देंगे। इस दर्दनाक घटना से क्षेत्र में शोक की लहर है। हरगढ बाजार पूरी तरह बंद रहा।

### ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

**समृद्धि न्यूज़, चुनार (मिर्जापुर)।** रेलवे जंक्शन के अप लाइन पर मालगाड़ी ट्रेन की चपेट में आने से युवक कि दर्दनाक मौत हो गई। घटना कि सूचना पर पहुंची चुनार पुलिस ने शव का पंचनामा करवा कर पोस्टमार्टम के लिए मिर्जापुर मर्चरी भेजा। कोतवाल विजय शंकर सिंह ने बताया कि शुक्रवार को सुबह दानापुर बंगलौर सुपर फॉस्ट ट्रेन रेलवे क्रॉसिंग के पहले रुकी थी। उसमें सफर कर रहा मनीष कुमार पुत्र हरीश कुमार निवासी ग्राम जलालपुर थाना सिधौलिया जिला गोपालगंज बिहार ट्रेन से उतर कर अप लाइन के ट्रैक पर चला गया तभी मालगाड़ी कि चपेट में आ गया और उसका दर्दनाक मौत हो गई।

### हलिया ब्लॉक में बनेगा हेलीपैड

**समृद्धि न्यूज़, हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय विकास खंड में हेलीपेड बनाने के लिए बुधवार की शाम प्रांतीय खंड लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता एमके सिंह व अवर अभियंता राजू आर्या ने हथेड़ा गांव में हेलीपेड के निर्माण के लिए चकबंदी लेखपाल/रुवराज यादव व राहुल यादव के साथ भूमि का सर्वे किया है बताते चले की प्रदेश सरकार ने आपदा प्रबंधन और मेडिकल इमरजेंसी के लिए बड़ा फैसला लिया है। हर विकास खंड में एक स्थायी हेलीपैड बनाने की योजना को मंजूरी दी गई है।योजना की मुख्य बातें आपदा के समय बाढ़, आगजनी या दुर्घटना में फंसे लोगों को एयरलिफ्ट कर बचाना मेडिकल इमरजेंसी गंभीर मरीजों को हेलीकॉप्टर से बड़े अस्पताल तक पहुंचाना वीआईपी मूवमेंट मुख्यमंत्री, मंत्रियों के दौरे के समय सुरक्षा और समय की बचत कानून-व्यवस्था दंगा या नक्सल प्रभावित इलाकों में फोर्स की तुरंत तैनातीहर विकास खंड मुख्यालय या उसके पास 1 एकड़ जमीन चिन्हित की जाएगी। हलिया, लालगंज, मड़िहान समेत मिर्जापुर के सभी 12 ब्लॉकों में जगह देखी जा रही है। 30 30 मीटर का पक्का प्लेटफॉर्म नाइट लैंडिंग के लिए सोलर लाइट की व्यवस्था विंड सॉक और मार्किंग ताकि पायलट को आसानी हो आसपास पेड़/तार नहीं होंगे लोक निर्माण विभाग (च्वं) को निर्माण की जिम्मेदारी दी गई है। राजस्व विभाग जमीन उपलब्ध कराएगा। डीएम की निगरानी में ब्लॉकवार सर्वे शुरू हो गया है।पहले चरण में नक्सल प्रभावित और दूरस्थ ब्लॉक जैसे हलिया, राजगढ़, पहाड़ी को प्राथमिकता दी जाएगी। यहां से जिला मुख्यालय दूर है और सड़क मार्ग से पहुंचने में समय लगता है।हर हेलीपैड पर लगभग 15-20 लाख रुपये खर्च का अनुमान है। बजट आपदा प्रबंधन मद से दिया जाएगा । मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए हैं कि 2026 तक सभी ब्लॉकों में हेलीपैड तैयार हो जाएं ताकि गोल्डन ऑवर में मरीजों की जान बचाई जा सके।इस संबंध में अवर अभियंता प्रांतीय खंड लोक निर्माण विभाग राजू आर्या ने बताया की हलिया विकास खंड में हेलीपेड निर्माण के लिए भूमि की तलाश किया जा रहा है तहसील प्रशासन द्वारा भूमि उपलब्ध कराने पर हेलीपड का निर्माण कार्य शुरू कराया जायेगा।

### ट्रांसफार्मर के बॉक्स में लगी आग, मची अफरा-तफरी

**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के गुर्गी गांव के कोठी कला गांव निवासी श्याम पाल मौर्य के स्मार्ट मीटर में गुरुवार की दोपहर शार्ट सर्किट से आग लग गई जिससे स्मार्ट मीटर के साथ तार जल गए तार की आग ट्रांसफार्मर के बॉक्स तक पहुँच गई और ट्रांसफार्मर का बॉक्स धू धू कर जलले लगा जिससे ग्रामीणों में अफरा तफरी मच गई ग्रामीणों ने तत्काल विद्युत उपकेंद्र पर फोन कर आपूर्ति को बंद कराकर आग पर किसी तरफ से काबू पाया है।

## हज के लिए रवाना हुए राजा रसीद उल्ला खान लोगों ने फूल-मालाओं से दी भावभीनी विदाई



**समृद्धि न्यूज़, गोला गोकर्णनाथ खीरी।**

नगर के मोहल्ला गढ़ी निवासी राजा रसीद उल्ला खान हज यात्रा के लिए रवाना हो गए। रवाना होने से पूर्व उन्होंने प्रदेश और देश की सलामती, अमन-चैन और खुशहाली के लिए दुआ की। हज पर जाने की खबर से परिजनों और क्षेत्रवासियों में खुशी का माहौल रहा, वहीं विदाई के समय भावुक दृश्य भी देखने को मिले। मक्का और मदीना इस्लाम धर्म के सबसे पवित्र स्थल माने जाते हैं, जहां हर वर्ष भारत समेत दुनिया भर से लाखों मुस्लिम हज अदा करने पहुंचते हैं। मक्का में स्थित काबा शरीफ की जियारत करना हर मुस्लिम की ख्वाहिश होती है, जिसे लेकर समाज में विशेष उत्साह रहता है।

## लोनियनपुरवा में भीषण अग्निकांड: 43 घर जलकर राख मवेशियों की मौत, शादी का सामान भी खाक

**समृद्धि न्यूज़, निघासन (लखीमपुर खीरी)।**

मझगई थाना क्षेत्र के बौधिया कलां गांव के मजरा लोनियनपुरवा में गुरुवार दोपहर करीब डेढ़ बजे लगी भीषण आग ने पूरे गांव को तबाही के मंजर में बदल दिया। अज्ञात कारणों से सरवन पाल के घर से शुरू हुई आग तेज हवाओं के चलते कुछ ही मिनटों में विकराल रूप धारण कर गई और देखते ही देखते पूरे मोहल्ले को अपनी चपेट में ले लिया। आग इतनी भयावह थी कि 43 घर जलकर पूरी तरह राख हो गए और दर्जनों परिवार खुले आसमान के नीचे आ गए। घटना के समय गांव के अधिकांश लोग पास के गांव में अंतिम संस्कार में शामिल होने गए थे। इसी बीच आग लगने से हालात बेकाबू हो गए। जब तक ग्रामीण वापस लौटे, तब तक आग कई घरों को निगल चुकी थी। चारों तरफ धुआं, लपटें और चीख-पुकार का मंजर था। ग्रामीणों ने अपने स्तर पर आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन



तेज हवाओं के सामने उनकी एक न चली। इस अग्निकांड में भारी पशुहानि भी हुई है। सरवन पाल की तीन गाय जिंदा जल गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से झुलस गई। जयप्रकाश की तीन बकरियां और दो बकरे आग की भेंट चढ़ गए। शहीदुल की एक गाय भी झुलस गई। जान बचाने की कोशिश में भाग रहे प्यारेलाल का पैर टूट गया, जिससे उसे गंभीर चोटें आई हैं। आग ने लोगों की वर्षों की जमा-पूंजी को कुछ ही देर में खाक कर दिया। सतीश, शिवप्यारी, नंदराम, बहादुर, अरविंद, किशोर, प्रमोद, मीना, सुमित, पुत्तू, सुशील, हीराकली, पप्पू, रामगुलाम, पवन, दयाराम, सोनपाल, शिवपुरी, सुनीता, संदीप, हरिराम, पतराम, जसपाल, छोटूराम, तीरथराम, रामकली, सचिन, चुन्नी, विजयपाल सहित कुल 43 परिवारों के घर जल गए। घरों में रखा अनाज, कपड़े, बर्तन, जरूरी कागजात और नकदी सब कुछ राख हो गया। सबसे ज्यादा मार उन परिवारों पर पड़ी, जिनके घरों में शादी की तैयारियां चल रही थीं। रामबहादुर की बेटी की 13 मई को होने वाली शादी के लिए रखा गया दहेज का पूरा सामान जलकर राख हो गया। वहीं शरीफुल को मिला दहेज का सामान भी आग में स्वाहा हो गया, जिससे उसकी पत्नी जुबेदा का रो-रोकर बुरा हाल है। कमरुन्निशा के जेवरात और करीब एक लाख रुपये नकद भी आग में जल गए।

## जनता की शिकायतों का होगा त्वरित समाधान, कालाबाजारी पर सख्त कार्रवाई: डीएम

**▸ पेट्रोल-डीजल व गैस आपूर्ति पर कड़ी निगरानी, अधिकारियों को सीयूजी नंबर उठाने के निर्देश**





**समृद्धि न्यूज़, लखीमपुर खीरी।**

**नवागत डीएम अंजनी कुमार सिंह का सख्त संदेश**

जनपद में नवागत जिलाधिकारी अंजनी कुमार सिंह ने कार्यभार संभालते ही प्रशासन को पूरी तरह एक्टिव मोड में लाने के संकेत दे दिए हैं। गुरुवार को कलेक्ट्रेट स्थित अटल सभागार में पत्रकारों के साथ आयोजित परिचयात्मक बैठक में उन्होंने साफ कहा कि जनता की समस्याओं का त्वरित निस्तारण उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी और किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिलाधिकारी ने कहा कि जिले में पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस जैसी आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति हर हाल में सुचारू रखी जाएगी। किसी भी प्रकार की कमी या कालाबाजारी की शिकायत मिलने पर संबंधित लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आम जनता को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि प्रशासन ऐसी व्यवस्था विकसित कर रहा है जिससे नागरिक घर बैठे अपनी शिकायत दर्ज करा सकेंगे और उसका त्वरित निस्तारण भी सुनिश्चित किया जाएगा। इससे प्रशासनिक व्यवस्था अधिक जवाबदेह और पारदर्शी बनेगी। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में लंबे समय से लंबित विकास कार्यों को समयबद्ध और गुणवत्ता के साथ पूरा कराया जाएगा। यदि किसी अधिकारी द्वारा लापरवाही बरती गई तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही उन्होंने न्यायालय से जुड़े मामलों पर भी विशेष ध्यान देने की बात कही और कहा कि वादकारियों को जल्द न्याय दिलाने के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएंगे। बैठक में अधिकारियों द्वारा सीयूजी नंबर न उठाने की शिकायत पर उन्होंने नाराजगी जताते हुए निर्देश दिए कि सभी अधिकारी अपने फोन तत्काल उठाएं और जनता से संवाद बनाए रखें। उन्होंने कहा कि हर अधिकारी अपनी कुर्सी पर उपलब्ध रहे और शिकायतों का समाधान प्राथमिकता से करे। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को पत्रकारों से संवाद बनाए रखने के निर्देश भी दिए, ताकि प्रशासन की कार्यवाही और योजनाओं की सही जानकारी जनता तक पहुंच सके और पारदर्शिता बनी रहे।

## तीन माह बाद चोरी का खुलासा: चोर व सर्राफ गिरफ्तार, पांच लाख के जेवर बरामद

**समृद्धि न्यूज़, उचौलिया (खीरी)।** थाना क्षेत्र में तीन माह पहले हुई लाखों की चोरी का पुलिस ने खुलासा कर दिया। पुलिस ने मुख्य आरोपी चोर के साथ चोरी का माल खरीदने वाले सर्राफ को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। दोनों के कब्जे से करीब पांच लाख रुपये कीमत के सोने-चांदी के जेवर बरामद हुए हैं। पुलिस के अनुसार, क्षेत्र के गांव सोनौवा निवासी अजय कुमार ने 1 फरवरी 2026 को थाने में तहरीर दी थी। उन्होंने बताया था कि वह 1 जनवरी को घर में ताला लगाकर रोज़गार के सिलसिले में दिल्ली चले गए थे। इसी दौरान अज्ञात चोरों ने उनके घर का ताला तोड़कर लाखों रुपये की नकदी और जेवरात पार कर दिए थे। मामले में मुकदमा दर्ज कर पुलिस जांच में जुटी थी। जांच के दौरान पुलिस को गांव निवासी शिवकुमार नट का नाम सामने आया। हिरासत में लेकर पूछताछ की गई तो उसने चोरी की वारदात कबूल कर ली। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने मैगलगंज निवासी सर्राफ मानस रस्तोगी को भी पकड़ा, जिसने चोरी के जेवर खरीदने की बात स्वीकार की। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि शिवकुमार ने चोरी का एक सोने का हार और चांदी की पायल की जोड़ी मैगलगंज स्थित मानस ज्वेलर्स पर करीब डेढ़ लाख रुपये में बेची थी। वहीं, एक सोने की जंजीर और चांदी की पायल की जोड़ी जंगबहादुरगंज के गुरुजी ज्वेलर्स पर 1.10 लाख रुपये में बेची गई थी। पुलिस ने आरोपी के पास से सोने-चांदी के कई आभूषण बरामद किए हैं। इनमें झाले, मांगटीका, अंगूठियां, नथ, कमरबिछुआ, पायल, मंगलसूत्र, कुंडल, कड़े और जंजीर सहित अन्य सामान शामिल हैं।

## अहरौरा क्षेत्र में हो रही फिल्म की शूटिंग जल्द ही फिल्मी पर्दे पर नजर आएगी





**समृद्धि न्यूज़, अहरौरा (मिर्जापुर)।** अहरौरा क्षेत्र में विगत कई दिनों से हो रही फिल्म की शूटिंग। फिल्म का टाइटल आओ भाग चला जाए पर आधारित है। बता दें कि फिल्म के डायरेक्टर एवं प्रोड्यूसर सुजीत गोस्वामी ने बताया कि अहरौरा क्षेत्र फिल्म शूटिंग के लिए बहुत सुंदर जगह है, यहां का प्राकृतिक वातावरण बहुत ही मनोहर है और शूटिंग के लिए लोकेशन की कोई कमी नहीं है। फिल्म शूटिंग के दौरान नगर के विभिन्न क्षेत्रों में शूटिंग किया गया। फिल्म में आकाश मुख्य रूप से हीरो का किरदार निभा रहे हैं वहीं फिल्म इंडस्ट्री के जाने माने कलाकार तेनाली रामा में तथाचार्य का किरदार निभाने वाले पंजक का भी फिल्म में मुख्य भूमिका रही। वर्तमान में जनपद से सटे अन्य जनपदों से भी फिल्म में कुछ दृश्य कवर किया गया है।

## बोलेरो में लगी आग, आठ लोग जिंदा जले, 11 लोगों की मौत

**▸ हादसे में ट्रक चालक, खलासी और कार चालक की हुई मौत**

**समृद्धि न्यूज़, हलिया (मिर्जापुर )।** ड्रमंडगंज घाटी में बुधवार की रात आठ बजे के करीब हुए सड़क हादसे में बोलेरो में भीषण आग लग गई।दिल दहला देने वाली इस घटना में आग की चपेट में आने से बोलेरो में सवार सभी आठ लोगों की जिंदा जलकर दर्दनाक मौत हो गई। वहीं घटना में ट्रक चालक, खलासी और कार चालक की मृत्यु हो गई। घटना में 11 लोगों की मौत हुई है।रात 11 बजे के करीब जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार एसपी अपर्णा रजत कौशिक ने घटना स्थल का निरीक्षण कर मातहतों से जानकारी ली।बुधवार की रात आठ बजे के करीब मध्यप्रदेश की ओर से चना लादकर मीरजापुर की ओर जा रहे ट्रक का बड़का मोड़ घुमान से सौ मीटर पहले अचानक ब्रेक फेल हो गया। अनियंत्रित ट्रक आगे चल रहे कंटेनर में टकराते हुए आगे चल रही बोलेरो को जोरदार टक्कर मार दी बोलेरो अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई और बोलेरो में आग लग गई। इसके बाद अनियंत्रित ट्रक आगे चल रही कार को टक्कर मारते हुए गिट्टी लदे ट्रेलर में जा भिड़ा।कार ट्रक और कंटेनर के बीच में जाकर चिपक गई। जिससे कार चालक 28 वर्षीय जय प्रकाश निवासी मझिगांव पोस्ट परसी दुबे राबर्ट्सगंज जिला सोनभद्र की घटना स्थल पर ही मौत हो गई।ट्रक खलासी की भी घटना स्थल पर ही मौत हो गई।ट्रक चालक और खलासी का नाम और पता मालूम नही चल सका है। पुलिस मृतकों की शिनाख्त में जुटी हुई है। एक घंटे तक बोलेरो धू धू कर जलती रही। एक घंटे बाद फायर ब्रिगेड की गाड़ी पहुंचने पर बोलेरो की आग बुझाई गई। गंभीर रूप से घायल ट्रक चालक को पुलिस ने एंबुलेंस से अस्पताल भिजवाया। जहां अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सक ने ट्रक चालक को मृत घोषित कर दिया।फायर ब्रिगेड कर्मियों के आग बुझाने के बाद एसआइ विनोद सिंह,एसआइ शिवाकांत पांडेय, मूलचंद्र वर्मा, पुनीत गुप्ता हेड कांस्टेबल संतोष यादव आदि बोलेरो में जले शवो को बाहर निकाला। बोलेरो में कुल आठ लोग सवार थे जिसमें दो महिलाएं,दो बच्चे भी थे। घटना के बाद ड्रमंडगंज घाटी में लंबा जाम लग गया। एक घंटे के बाद बोलेरो की आग बुझने पर मध्यप्रदेश की ओर जाने वाले लेन से वाहनों का आवागमन शुरू कराया गया। बोलेरो जिगना थाना क्षेत्र के रामपुर हंसवार श्रीनिवास धाम की बताई जा रही है।सीओ अमर बहादुर ने बताया कि घटना में 8 लोग जिंदा जल गए जिसमें दो महिलाएं और दो बच्चे भी हैं।ट्रक खलासी और कार चालक की मौके पर मौत हो गई थी।घायल ट्रक चालक ने अस्पताल पहुंचने पर दम तोड़ दिया। मृतकों की शिनाख्त कराई गई है बोलेरो में सवार प्रियंका सिंह (42 वर्ष)पत्नी कमलेश सिंह, निवासी सतना मध्य प्रदेश,कार्तिकेय सिंह 19 वर्ष पुत्र-कमलेश सिंह, निवासी- सतना मध्य प्रदेश,पियूष सिंह 15 वर्षपुत्र- प्रदीप कुमार निवासी- जिगना मिर्जापुर,पंकज सिंह (40 वर्ष) पुत्र स्व. रामचंद्र सिंह, निवासी जिगना मिर्जापुर के थे।

## ड्रमंडगंज घाटी के रोड डिजाइन पर सवाल अधिवक्ताओं ने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा पत्रक

**समृद्धि न्यूज़, हलिया (मिर्जापुर)।** चार साल पहले 2347 करोड़ की लागत से बना राष्ट्रीय राजमार्ग 135 वाराणसी-हनुमना रीवा मार्ग पर स्थित ड्रमंडगंज घाटी में लगातार हो रहे सड़क हादसों ने अब सड़क निर्माण की गुणवत्ता और डिजाइन पर बड़े सवाल खड़े कर दिए हैं। गुरुवार को अधिवक्ताओं ने तहसील मुख्यालय पर प्रदर्शन कर ड्रमंडगंज घाटी की सड़क को नए सिरे से डिजाइन कराए जाने की मांग उठाई। अधिवक्ताओं ने एसडीएम व जॉइंट मजिस्ट्रेट महेंद्र सिंह को मुख्यमंत्री के संबोधित ज्ञापन सौंपते हुए बुधवार को हुए 11 की



मौत के मामले में कार्यदाई संस्था के खिलाफ एफआईआर कराने की मांग के साथ चेतावनी दी कि यदि जल्द ठोस कदम नहीं उठाए गए तो आंदोलन तेज किया जाएगा। प्रदर्शन के दौरान अधिवक्ताओं ने कहा कि वाराणसी हनुमान रोड की घाटी में बने फोरलेन मार्ग के मोड़ और ढलान तकनीकी मानकों के अनुरूप नहीं हैं। यही कारण है कि हर तीसरे दिन भारी वाहन संतुलन खोकर दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं। हाल ही में हुई 11 लोगों की मौत ने इस समस्या को और गंभीर बना दिया है।

### पत्नी ने कराया पति के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के गड़बड़ा राजा गांव निवासिनी पूजा माली ने गुरुवार को थाने में तहरीर देकर पति के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है पुलिस मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गई है। दी गई तहरीर में बताया की 21 अप्रैल की रात्रि 11 बजे शराब के नशे में धुत होकर पति मोनू माली गाली गलौज देते हुए लात घुसो से मारपीट कर चोटिल कर दिया जान से मारने की धमकी दिया है । पुलिस तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर घायल महिला को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया भेज दिया जंहा पर प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर अवधेश कुमार ने महिला का उपचार किया है।

## प्रधान संघ अध्यक्ष व एमओआईसी ने 50 टीबी मरीजों को वितरित किया पोषण पोटली



**समृद्धि न्यूज़, हलिया(मिर्जापुर)।** उच्चीकृत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सभागार में गुरुवार को प्रधान संघ अध्यक्ष शिवबाबू सेठ व प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर अवधेश कुमार द्वारा पचास क्षय रोगियों को पोषण पोटली अपने हांथो से सौंपा है प्रधान संघ अध्यक्ष शिवबाबू सेठ ने कहा की क्षय रोग टीबी मुक्त बनाने के क्रम में शासन स्तर से जॉच व इलाज की सुविधा निःशुल्क प्रदान करने की प्रक्रिया जारी है। रेड क्रॉस सोसाइटी से विशेष पहलकर हलिया ब्लॉक हेतु कुल प्राप्त 50 टीबी मरीजों को पोषण पोटली उपलब्ध कराने के सराहनीय कार्य किया है प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर अवधेश कुमार ने कहा की आप सभी अपने-अपने क्षेत्र में टीवी के प्रति लोगों को जागरूक करें साथ ही टीबी मरीजों को नियमित दवा सेवन करने के लाभ के विषय में बताते हुए हलिया ब्लॉक को क्षय रोग टीवी फ्री बनाने में अपना योगदान दें।